दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 10 मार्च 2026 कृष्ण पक्ष-सप्तमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-15 अंक- 30 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

बस्तर के बीहड़ में सरकारी योजना से पढ़कर निकला यूपीएससी की 816वीं रैंक का प्रतिभागी अंकित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के भैरमगढ़ विकासखंड के छोटे से गांव गुदमा के युवा अंकित सकनी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा-2025 में 816वीं रैंक हासिल कर पूरे बस्तर संभाग और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है।

बीहड़ों में रहने वाले अंकित ने सरकारी योजना से यूपीएससी क्रैक करके यह साबित कर दिया है कि जहां चाह है वहीं राह है। अति नक्सल प्रभावित बीजापुर और संसाधनों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अंकित की शिक्षा और तैयारी का सफर

अंकित ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर, भैरमगढ़ से पूरी की। इसके बाद छत्तीसगढ़ शासन की जवाहर उत्कर्ष योजना की प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर एलांस पब्लिक स्कूल, बेमेतरा में मिडिल स्तर की पढ़ाई की। हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी की शिक्षा उन्होंने कृष्णा पब्लिक स्कूल, रायपुर से हासिल की।

नवप्रदेश विशेष

माता-पिता और परिवार से मिली प्रेरणा

मूल रूप से किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले अंकित के माता-पिता उनके सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत रहे हैं। उनके पिता सकनी चंद्रैया भैरमगढ़ जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हैं, जबकि माता श्रीमती जमुना सकनी जिला पंचायत बीजापुर की पूर्व अध्यक्ष रह चुकी हैं।

चौथे प्रयास में बड़ी सफलता

बी.टेक की डिग्री बीआईटी दुर्ग से पूरी करने के बाद अंकित ने यूपीएससी की तैयारी शुरू की। दिल्ली में 4 महीने की कोचिंग लेने के बाद उन्होंने बिलासपुर से सारथी इंस्टीट्यूट और अंडर स्टैंड यूपीएससी, नेक्स्ट आईएएस जैसी संस्थाओं से ऑनलाइन गाइडेंस लिया। 2022 से लगातार कड़ी मेहनत और लगन के साथ तैयारी करते हुए अंकित ने चौथे प्रयास में सफलता हासिल की।

आईएएस राहुल वेंकट ने प्रोत्साहित किया

अंकित की प्रतिभा को पहचानते हुए आईएएस राहुल वेंकट ने उन्हें सिविल सेवा की तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया, जिसने उनकी इस यात्रा को और मजबूती प्रदान की। अंकित सकनी की यह सफलता साबित करती है कि कड़ी मेहनत, लगन और सही दिशा में प्रयास से कोई भी सपना असंभव नहीं होता—चाहे वह छोटा सा नक्सल प्रभावित गांव हो या बड़ा शहर...।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अंकित को दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अंकित ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। सीएम ने कहा कि बीजापुर जैसे दूरस्थ और आदिवासी अंचल के छोटे से गांव गुदमा से निकलकर यूपीएससी जैसी देश की सबसे कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करना अत्यंत प्रेरणादायी है। यह उपलब्धि न केवल अंकित के परिवार बल्कि पूरे बस्तर संभाग और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री साय ने अंकित के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी और वे भी अपने लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

आज बेबाक

डान डोनाल्ड ट्रंप गजब के फिरकीबाज हैं। उलजुलूल बयान देकर भारत के विपक्ष की फिरकी लेते रहते हैं। दुनिया जानती है कि ठरकी ट्रंप की बात और गधे की लात में कोई फर्क नहीं है लेकिन विपक्ष इस चिरकुट की बकवास को ब्रम्ह वाक्य समझ कर लपक लेता है और हास्य का पात्र बन जाता है। अब ट्रंप ने चुटकुला सुनाया है कि उन्होंने भारत को एक महीने तक रुस से तेल लेने की अनुमति दे दी है। इसे लेकर विपक्ष लगा हल्ला मचाने जबकि सच यह है कि भारत ने रुस से तेल खरीदना बंद ही नहीं किया है।

विपक्ष का आरोप- छत्तीसगढ़ को अफीम का कटोरा बनाना चाहती है सरकार, धान खरीदी पर भी हंगामा

सदन में अफीम की खेती पर बवाल कांग्रेस के 29 विधायक निलंबित

हेमन्त धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में दुर्ग जिले के समोदा में अफीम की खेती के मुद्दे पर जोरदार हंगामा हुआ। कांग्रेस ने स्थगन लाकर मामले की चर्चा कराने की मांग की, लेकिन इसे अस्वीकार कर दिया गया। इसके बाद नारेबाजी करते हुए विपक्षी विधायक आसंदी तक पहुंच गए और गर्भगृह में भी हंगामा किया। इस दौरान 29 विपक्षी विधायकों को सस्पेंड कर दिया गया।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आरोप लगाया कि सरकार छत्तीसगढ़ को अफीम का कटोरा बनाने की कोशिश कर रही है। विनायक ताम्रकर अफीम की खेती कर रहा है और सरकार उसे बचाने के लिए षड्यंत्र कर रही है, जिससे प्रदेश में सूखे नशे का प्रसार बढ़ रहा है। भूपेश बघेल ने कहा कि एफआईआर लचर तरीके से बनाई गई, मुख्य आरोपी को बचाने के प्रयास किए गए और घटना होली से ठीक पहले हुई। कांग्रेस विधायकों ने चेतावनी दी कि यह पहली बार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

धान खरीदी पर विपक्ष का वॉकआउट

पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने बजट सत्र में बस्तर के 32,200 से अधिक आदिवासी किसानों से धान खरीदी नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पंजीयन और टोकन के बावजूद किसानों का धान नहीं खरीदा गया और 206 करोड़ रुपये बकाया है। जवाब में खाद्य मंत्री ने कहा कि जो किसान धान लेकर खरीदी केंद्र पहुंचे, उन्हीं का धान खरीदा गया। लखमा ने सवाल उठाया कि जिन किसानों का धान नहीं खरीदा गया, उनका कर्ज कौन चुकाएगा। इस दौरान पक्ष-विपक्ष में जमकर बहस हुई। सरकार के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष के विधायकों ने वॉकआउट कर दिया था। भूपेश ने कहा कि सरकार किसानों से धान खरीदी का आंकड़ा दे। किसानों से धोखधड़ी हुई है।

होली का नशा उतरा नहीं, असर अब तक दिख रहा: भूपेश बघेल

छत्तीसगढ़ विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान दिव्यांगजनों की पदोन्नति में आरक्षण के सवाल पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के जवाब से हैरान हो गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसते हुए कहा कि ये क्या जवाब है कि कोई अधिकारी पद्योन्नति नहीं चाह रहा है? होली का नशा उतरा नहीं है, उसी का असर दिख रहा है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक प्रमोद मिंज ने दिव्यांगजनों को पद्योन्नति में आरक्षण का मुद्दा उठाया। जवाब में महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए पद्योन्नति में तीन प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है, लेकिन अभी एक भी पद्योन्नति नहीं हुई। प्रमोद मिंज ने कहा कि केंद्र सरकार का 4 प्रतिशत पद्योन्नति का नियम है, सुप्रीम कोर्ट ने भी 4 प्रतिशत पद्योन्नति के निर्देश दिए हैं। लेकिन इस दिशा में भी प्रदेश सरकार ने अब तक कार्रवाई नहीं की है। विभाग की ओर से कहा गया है कि पद्योन्नति के लिए आवेदन नहीं आये, जबकि ये सही नहीं है। कब पद्योन्नति से भर्ती होगी ये समयसीमा बताएं? मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा केंद्र ने राज्यों को भी अधिकार दिए है। छत्तीसगढ़ सरकार ने इसी के तहत व्यवस्था की है 3 प्रतिशत की है। कोई पद्योन्नति नहीं लेना चाह रहे हैं, एक आवेदन आया था, फिर उन्होंने वापस ले लिया। इस ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मिडिल ईस्ट पर चर्चा की मांग को लेकर संसद में हंगामा, सदन स्थगित

नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा में सोमवार को विपक्षी दलों के सदस्यों ने पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई. विपक्ष के इस रुख पर अड़े रहने के कारण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने के विपक्ष के नोटिस पर चर्चा और मतदान की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी. मालूम हो कि संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू हुआ है, जो 2 अप्रैल तक चलेगा।

विपक्ष सदन नहीं चलाना चाहता: पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने कहा कि विपक्ष ने इतने दिन पहले से लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है, लेकिन इस विषय ■ शेष पृष्ठ 8 पर

काले झंडे लहराए, गो बैक के नारे लगाए बंगाल में चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन

■ **मुख्य चुनाव आयुक्त ने कालीघाट में की पूजा-अर्चना**

कोलकाता (ए.)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार रविवार शाम को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने कोलकाता पहुंचे। 3 दिन चलने वाली चुनाव आयोग की फुल बेंच मीटिंग के बीच सोमवार को ज्ञानेश कुमार कालीघाट में पूजा करने पहुंचे।

मंदिर के बाहर मौजूद प्रदर्शनकारियों ने गो बैक के पोस्टर और काले झंडे दिखाए। इसके पहले रविवार को भी कोलकाता पहुंचने पर कुछ लोग उनके काफिले के सामने झंडे लेकर पहुंचे और नारेबाजी करते दिखे। इधर, भाजपा के एक डेलीगेशन ने सोमवार को इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की फुल बेंच से मुलाकात की और मांग ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्यूज गैलरी

डिप्टी सीएम शर्मा बिहार राज्यसभा चुनाव के पर्यवेक्षक बने

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को राज्यसभा चुनाव के लिए बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा ने उन्हें बिहार में होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने यह नियुक्ति की है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा चुनाव प्रक्रिया के दौरान बिहार में पार्टी की रणनीति, संगठनात्मक गतिविधियों और समन्वय की निगरानी करेंगे।

बिलासपुर में फूड-पॉइजनिंग से 40 लोग बीमार, मचा हड़कंप

बिलासपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में शादी समारोह के बाद बासी खाना खाने से करीब 40 लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। खाना खाने के कुछ समय बाद ही एक बाद एक उन्हें उल्टी की शिकायत होने लगी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सभी बीमार लोगों को तुरंत मस्तूरी के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है।

हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

■ **मेल पर आया मैसेज, सभी सुनवाई रोकी गई, कैंपस खाली कराया**

■ **बालोद और बेमेतरा जिला कोर्ट को भी धमकी**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद, बेमेतरा जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल भेजकर धमकी दी गई है।

इसके बाद हाईकोर्ट कैंपस में डॉग स्क्वायड और बम स्क्वायड जांच कर रही है और एहतियातन सभी अदालतों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बेमेतरा जिला कोर्ट को खाली कराया गया

बता दें कि सोमवार सुबह पहले बेमेतरा जिला न्यायालय के आधिकारिक ई-मेल पर धमकी भरा संदेश मिलने के बाद कैंपस खाली कराया गया। पुलिस ने इलाके को घेरकर बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड से जांच शुरू कर दी है, वहीं साइबर टीम ई-मेल भेजने वाले का पता लगा रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

राज्यसभा सांसद बनीं लक्ष्मी वर्मा और फूलोदेवी नेताम

■ **बीजेपी और कांग्रेस की 1-1 सीट पर निर्विरोध चुनाव, निर्वाचन आयोग ने दिया सर्टिफिकेट**

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्यसभा की दो सीटों के लिए भाजपा उम्मीदवार लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस प्रत्याशी फूलोदेवी नेताम निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। कांग्रेस ने फूलो देवी नेताम को, जबकि बीजेपी ने लक्ष्मी वर्मा को उम्मीदवार बनाया था।

दोनों दलों ने एक-दूसरे के खिलाफ प्रत्याशी नहीं उतारा। जिससे चुनाव निर्विरोध हुआ। छत्तीसगढ़ में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भाजपा से राज्यसभा सांसद बनीं लक्ष्मी वर्मा: छत्तीसगढ़ से राज्यसभा के लिए बीजेपी ने लक्ष्मी वर्मा को उम्मीदवार बनाया था। लक्ष्मी वर्मा वर्तमान में राज्य महिला आयोग की सदस्य हैं और भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। महिला वर्ग में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है और वे लंबे समय से सक्रिय राजनीति में हैं। लक्ष्मी वर्मा रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष रह चुकी हैं और बीजेपी की प्रवक्ता की जिम्मेदारी भी निभा चुकी हैं। राज्यसभा सीट के लिए बीजेपी हाईकमान ने 7 नामों के पैनल पर मंथन किया था। जिसमें से तीन नामों को अंतिम सूची में शामिल किया गया था।

कांग्रेस से फूलो देवी नेताम बनीं दूसरी बार सांसद: इधर छत्तीसगढ़ राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने फूलो देवी नेताम को दोबारा प्रत्याशी बनाया। वे वर्तमान में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। राज्यसभा में छत्तीसगढ़ के जिन सांसदों का कार्यकाल खत्म हो रहा है, उनमें फूलो देवी नेताम का नाम भी शामिल है। कांग्रेस ने उन्हें दोबारा मौका दिया और वे निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो गईं। दोनों प्रत्याशियों को आज प्रमाण पत्र दिया गया।

गरमा-गरम

दरबेकेरा डायवर्सन: अफसरों-ठेकेदारों की 'एटीएम' बनी सिंचाई परियोजना, 18 किमी नहर आज भी अधूरा

10 साल में 90 करोड़ स्वाहा, फिर भी खेत प्यासे!

जयदेव सिंह

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के बागबाहरा ब्लॉक में सरकारी धन की बंदरबांट और प्रशासनिक लापरवाही की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जो विकास के दावों की पोल खोल रही है।

करीब 10 साल पहले शुरू हुई दरबेकेरा डायवर्सन परियोजना आज 90 करोड़ रुपए खर्च होने के बाद भी केवल एक 'शो-पीस' बनकर रह गई है। आलम यह है कि करोड़ों की इस योजना से आज तक किसानों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हुआ है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक साल 2016-17 में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नवप्रदेश पड़ताल

प्रोजेक्ट कमाई का जरिया

यह प्रोजेक्ट अफसरों और ठेकेदारों की कमाई का जरिया है। यह परियोजना केवल कागजों पर चल रही है। तकनीकी रूप से यह प्रोजेक्ट फेल हो चुका है। डायवर्सन में पानी का ठहराव केवल कुछ महीनों का है। बिना ठोस जांच के करोड़ों रुपए पानी में बहा दिए गए।

– **ललित ठाकुर**, किसान नेता

इस साल मिल जाएगा पानी

नहर का काम अंतिम चरण में है। 5 प्रमुख स्थानों पर लोहे की पाइप बिछाने का काम जारी है। इस वर्ष किसानों को पानी मिलने की पूरी संभावना है।

– **एफके बढ़ई, एसडीओ,** जल संसाधन विभाग, बागबाहरा

दिल्ली शराब नीति केस में हाइकोर्ट का सभी 23 आरोपियों को नोटिस

■ **सीबीआई अफसर के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक, मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुनवाई नहीं करने का आदेश**

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली हाइकोर्ट ने सोमवार को दिल्ली शराब नीति केस में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने यह भी निर्देश दिया कि संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग (पीएमएलए) मामले में ट्रायल कोर्ट आगे की सुनवाई तब तक टाल दे, जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर आगे सुनवाई न कर ले। ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को इस मामले में सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया था। इसी आदेश को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। सीबीआई ने अपनी 974 पेज की याचिका में कहा है कि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नपाध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने किया पत्रकारों का सम्मान

सालभर का कार्यकाल सफलतापूर्वक रहा, विकास कार्य अनावरत जारी रहेंगे: ज्योति चंद्राकर, नशे के खिलाफ छात्र जीवन से हूं और अपनी अंतिम सांस तक नशे का विरोध करूंगी

कुरुद/नवप्रदेश। विश्व महिला दिवस पर नगर पालिका कुरुद की महिला अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने अपने 1 वर्ष के के कार्यकाल की उपलब्धियों को पत्रकारों के साथ साझा किया द्य अपने निवास स्थान पर स्थानीय पत्रकारों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित भी किया । पत्रकारों द्वारा नशा मुक्त कुरुद की डेडलाइन पूछे जाने पर ज्योति चंद्राकर ने कहा यह असंभव हैं। जब तक व्यक्ति खुद को नशे के खिलाफ खड़ा नहीं करेगा नशा पुरी तरह समाप्त नहीं हो सकता। उन्होंने भविष्य की योजनाओं के बारे भी पत्रकारों को जानकारी दी ।

8 मार्च 2025 से लेकर आज तक 1 वर्ष पूर्ण होने की सफलता पर नगर पालिका परिषद कुरूद की अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने अपने निवास स्थान में विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी और कहा हमारे मार्गदर्शक छत्तीसगढ़ शासन और केंद्र सरकार के सहयोग से कुरूद नगर में अनेक कार्य हो रहे हैं द्य उन्होने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्रीअरुण साव के सुशासन और विधायक अजय चंद्राकर के विकास रथ को निरंतर आगे बढ़ाने का दावा किया। आगामी कार्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही नगर के पत्रकारों का किया सम्मान । एक वर्ष में नगर पालिका परिषद कुरूद द्वारा विभिन्न विकास कार्य किए गए। जिसमें प्रमुख रूप से नगर पालिका का दर्जा मिला, जिसके भवन के लिए तीन एकड़ जमीन अधिग्रहित किया। केनाल रोड के पास मंगल भवन का निर्माण किया। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम उद्यान का जीर्णोद्धार द्वारा किया। रोशनी की व्यवस्था की गई। व्यावसायिक परिसर निर्माण किया। तालाबों की सफाई की गई। अटल बिहारी स्टेडियम में खेल परिसर का निर्माण किया। इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया। डॉ अंबेडकर, अब्दुल कलाम जी और अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा स्थापना की गई। सरोवर धरोहर योजना के तहत तलबो का सौंदर्यीकरण किया गया ।बिजली एवं सोलर पावर से निकाय को आत्मनिर्भर बनाने प्रयासरत हैं। व्यवसाय वृद्धि के लिए सुव्यस्थित बाजार व्यवस्था की गई ।मुक्तिधाम का विस्तार किया गया ।गौशाला उन्नयन किया गया, शाला भावनो हेतु राशि स्वीकृत कर प्रस्ताव भेजा गया। पेयजल की व्यवस्था की गई। राजस्वृद्धि हेतु अनेक व्यावसायिक उपक्रमों का संचालन किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण हेतु योजनाएं संचालित की जा रही है । कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था की गई है। कार्यक्रमों हेतु मंगल भवनों का निर्माण किया सांस्कृतिक परिसर बनाए गए है। खेलों के लिए भी खेल परिसर का निर्माण किया गया। तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सिविल अस्पताल एवं 100 बिस्तर वाला अस्पताल भवन का निर्माण जारी है। भावी योजनाएं इस प्रकार है पार्किंग, सामुदायिक सेवाएं, स्मार्ट ट्रैफिक्क, हरितक्षेत्र, उद्यमिता प्रोत्साहन, व्यापार, जल संरक्षण, नाली, आवास, ईगवर्नेंस, सुरक्षा प्रणाली, शिक्षा, स्वास्थ्य ,शिकायत निवारण जैसे अनेको भावी योजनाएं शामिल है। ज्योति भानु चंद्राकर ने अपने 1 वर्ष के कार्यकाल का पत्रकारों के साथ चर्चा में दावा किया । पत्रकारों ने सवाल उठाते हुए नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली की आलोचना भी की है। एक ओर परिषद विकास योजनाओं को उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर रही है, तो दूसरी ओर कुछ पत्रकारो ने नगर हितों की अनदेखी और मूलभूत समस्याओं के समाधान में कमी का आरोप लगाया। उन्होंने नगर में बढ़ती नशाखोरी की समस्या जैसे मुद्दो पर भी प्रश्न पूछे। जिस पर उन्होने स्पष्टता के साथ जवाब नहीं दिया द्य इस अवसर पर पार्षद गणों में महेंद्र गायकवाड, रवि मानिकपुरी, राजकुमारी ध्रुव, कविता चंद्राकर, नगर भाजपा अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर, भाजपा महिला मोर्चा धनेश्वरी निर्मलकर, महामंत्री भूमिका सिंन्हा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष केशव चंद्राकर, उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

कुंभकार समाज का होली मिलन समारोह सामाजिक एकता और विकास पर हुई चर्चा

नगरी/नवप्रदेश। कुंभकार समाज परिक्षेत्र सिहावा का होली मिलन समारोह 6 मार्च 2026 को ग्राम बेलरगांव में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत चक्रधारी श्री हरि विष्णु जी की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद श्री जोहन राम प्रजापति को सभापति मनोनीत कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्पाहार, पुष्पगुच्छ एवं गुलाल लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रमुखजनों एवं अतिथियों ने उपस्थित समाजजनों को संबोधित करते हुए सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं तथा इस पर्व के महत्व और विशेषताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला, जहां लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर कुंभकार समाज को मिलने वाली शासकीय योजनाओं के लाभ के विषय में भी चर्चा की गई। समाज के लोगों से अपील की गई कि वे ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों से समन्वय बनाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और शासन-प्रशासन द्वारा प्रदान किए जा रहे अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। साथ ही समाज के उत्थान के लिए सभी से तन-मन-धन से सहयोग करने का आह्वान किया गया।

समाज और राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : येतराम

महासमुंद/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि किसी भी समाज और

राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार तथा छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है और अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने का सतत प्रयास किया जा रहा है। श्री साहू ने कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से प्रदेश की विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इससे महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार हो रहा है और वे परिवार तथा समाज में सशक्त भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के प्रति व्यापक जागरूकता का वातावरण तैयार हुआ है।

15 को नानक सागर में होला महल्ला का आयोजन, मुख्यमंत्री भी करेंगे शिरकत

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित ऐतिहासिक नानक सागर में 15 मार्च को होला महल्ला का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम नानक सागर गुरुद्वारा समिति के तत्वावधान में होगा। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी नानक सागर पहुंचकर कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। साथ ही गुरुद्वारा, अस्पताल एवं यात्री निवास निर्माण के लिए भूमिपूजन अरदास भी की जाएगी। गढ़फुलझर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरजिन्दर सिंह हरजू ने बताया कि श्री गुरु नानक देव जी के ऐतिहासिक स्थल नानक सागर में इस वर्ष होला महल्ला का आयोजन विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया गया था, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया है। कार्यक्रम के तहत 15 मार्च की सुबह 9 बजे 13 जनवरी से प्रारंभ श्री अखंड पाठ का समापन होगा। इसके बाद अलौकिक कीर्तन समागम का आयोजन किया जाएगा। दिनभर चलने वाले लंगर के बाद दोपहर लगभग 2 बजे गुरुद्वारा, अस्पताल और यात्री निवास निर्माण के लिए भूमि पूजन की अरदास की जाएगी। दोपहर 3 बजे से पंजाब के डेरा चरणबाग गोइंदवाल के सेवादार बाबा सुबेग सिंह की उपस्थिति में पारंपरिक गतका प्रदर्शन और फूलों की होली खेली जाएगी।

सभी परियोजनाओं में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

- महिलाओं से संबंधित विभिन्न खेल, स्वरोजगार, पोषण एवं शैक्षणिक गतिविधियों का हुआ संचालन

गरियाबंद/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज गरियाबंद के गांधी मैदान सहित जिले के सभी परियोजनाओं में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक श्री रोहित साहू, बिन्द्रनवागढ़ के विधायक श्री जनक ध्रुव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री रिखिराम यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के विभिन्न प्रकार के खेलकुद प्रतियोगिता, रंगोली तथा व्यंजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में महिलाओं ने बड़ी उत्सुकता एवं उमंग के साथ भागीदारी सुनिश्चित की। महिला के सम्मान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं शामिल हुई।

इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गौरी शंकर कश्यप, उपाध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर, नगर पालिका गरियाबंद के अध्यक्ष श्री रिखी राम यादव, वरिष्ठ नागरिक श्री अनिल चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नंदनी साहू, श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी, श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, नेहा सिंघल, अध्यक्ष जनपद पंचायत मैनपुर श्रीमती मोईना नेताम, अध्यक्ष जनपद पंचायत देवभोग श्रीमती पदमाल्या निधि एवं अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा श्रीमती कुलेश्वरी निषाद सहित विभागीय महिला अधिकारी-कर्मचारियों सहित महिलाएं मौजूद रही। कार्यक्रम में वृहद महतारी सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं को विभिन्न योजनाओं, स्वरोजगार और पोषण संबंधी जानकारी दी गई। महतारी वंदन योजना के तहत हितग्राहियों को 25वीं किस्त की राशि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने ऑनलाईन हस्तांतरित की गई।

खेलकूद प्रतियोगिता एवं महिला सम्मेलन संपन्न

गरियाबंद/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग गरियाबंद तथा एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2026 को जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता एवं महिला सम्मेलन का आयोजन गांधी मैदान, मंगल भवन गरियाबंद में उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर, नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष श्री रिखीराम यादव, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती बबीता सेन, पार्षद श्रीमती रेणुका साहू, श्रीमती मधु देवांगन, श्रीमती पुष्पा साहू, अपर कलेक्टर (प्रभारी खेल अधिकारी) श्रीमती त्रश्चा ठाकुर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्री त्रषि बंजारे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती लालिमा ठाकुर ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और खेल के माध्यम से वे आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर हो रही हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्री रिखी राम यादव ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का से महिलाओं में खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिला प्रतिभागियों के मध्य खो-खो, कबड्डी, रस्साकसी तथा गोला फेंक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

महापौर, पूर्व सांसद और कलेक्टर ने शहर के प्रमुख विकास कार्यों का किया निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह एवं कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने राजनांदगांव शहर में प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन विभिन्न परियोजनाओं का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से और तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर के प्रमुख जलाशयों बूढ़ासागर और रानीसागर का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध बजट प्रावधान के अनुरूप इनके सौंदर्यीकरण के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इन ऐतिहासिक जलाशयों के सौंदर्यीकरण से शहर की सुंदरता और पर्यटन संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा। महापौर, पूर्व सांसद और कलेक्टर ने गौरव पथ में निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। राजनांदगांव शहर में प्रस्तावित 2000 सीटर अत्याधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए कुंज विहार कॉलोनी स्थित कृष्ण कुंज के पास प्रस्तावित स्थल का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र कार्य योजना तैयार कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि शहर को एक आधुनिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए उपयुक्त मंच मिल सके।

बिहान समूह की महिलाओं को सेंट्रिंग प्लेट से प्रतिमाह 36 हजार का मुनाफा

गरियाबंद/नवप्रदेश। बिहान योजना से जुड़ी महिलाओं ने अपनी मेहनत और एकजुटता से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम की है। गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम साढ़ौली के राखी महिला ग्राम संगठन अंतर्गत बिहान स्व सहायता समूह की महिलाओं ने सामूहिक प्रयास से सेंट्रिंग प्लेट का व्यवसाय शुरू कर प्रतिमाह लगभग 36 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं।

समूह की सदस्य सुरेखा चंद्रवंशी ने बताया कि समूह की दीदियों ने मिलकर 2 लाख 16 हजार रुपये का त्रश्चा लेकर सेंट्रिंग प्लेट का कार्य शुरू किया। इस राशि से उन्होंने 300 बल्ली, 10 क्विंटल राफ्टर और लगभग 2000 स्क्वायर फीट सेंट्रिंग प्लेट खरीदी। इन सामग्रियों का उपयोग प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे घरों के निर्माण में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक समय में चार निर्माणाधीन घरों में सेंट्रिंग प्लेट लगाई जा सकती है, जिससे प्रत्येक घर से लगभग 9000 रुपये की आय होती है। इस प्रकार समूह को प्रतिमाह करीब 36 हजार रुपये की आमदनी प्राप्त हो रही है। इसमें से वे प्रत्येक माह 8 हजार रुपये की किस्त भी आसानी से जमा कर रही हैं। समूह की सदस्य ओम साहू और गुंजा ध्रुव ने बताया कि पहले घर का पूरा खर्च केवल उनके पति पर निर्भर रहता था।

पलास, चुकंदर और पालक के पत्तों से हर्बल गुलाल बनाकर कमाएं हजारों रुपए

गरियाबंद/नवप्रदेश। स्वसहायता समूह की महिलाएं इस बार होली के पूर्व हर्बल गुलाल बनाकर हजारों रूपयें कमाए। होली के त्योहार को प्राकृतिक रंगों से मनाने के लिए महिलाएं हर्बल गुलाल बनायी थी। ग्राम सढ़ौली की राखी महिला ग्राम संगठन की 10 सक्रिय महिलाएँ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत हर्बल गुलाल का निर्माण कर आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की मिसाल पेश की। समूह की महिलाएं पलाश से पीला, चुंकदर से लाल और पालक के पत्तों से हरा रंग निकालकर मक्के की सूखी डंठल से प्राप्त अरारोट पाउडर में मिलाकर प्राकृतिक गुलाल का निर्माण की थी। इसमें हानिकारक रसायनिक तत्वों का बिल्कुल भी उपयोग नहीं किया गया था। जिससे हर्बल गुलाल त्वचा एवं सेहत के लिए

सुरक्षित रहे। राखी महिला ग्राम संगठन की ये महिलाएँ न केवल होली के त्योहार को प्राकृतिक और सुरक्षित बनाई, बल्कि अपनी आजीविका को भी मजबूत भी की हैं। होली के पूर्व इनके हर्बल गुलाल की बिक्री अच्छा खासा हुआ जिससे उन्हें हजारों रूपये का मुनाफा मिला है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाएँ आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की नई कहानी लिख रही हैं। यह पहल प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम साबित हो रही है।

आक्रोश: दुर्ग में भाजपा नेता के फार्महाउस में अफीम की खेती, कवर्धा में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

सरकार बताए किसके संरक्षण में फल-फूल रहा नशे का कारोबार: जायसवाल

कबीरधाम/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल जी के नेतृत्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा सरकार पर हमला बोलने हुए कहा कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में एक फार्महाउस के भीतर लगभग 10 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। इस मामले ने पूरे प्रदेश में हड़कंप मचा दिया है। कांग्रेस ने इसे भाजपा सरकार की कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल बताते हुए कहा है कि बिना सत्ता और प्रशासन के संरक्षण के इतनी बड़ी मात्रा में अफीम की खेती संभव ही नहीं है।

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि यह अफीम की खेती भाजपा से जुड़े नेता विनायक ताम्रकार के फार्महाउस में की जा रही थी। विनायक चंद्राकर भाजपा के दुर्ग जिले के किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में भाजपा के राइस मिल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बताए जा रहे हैं। भाजपा के विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है और वे पार्टी के स्थापित नेताओं में गिने जाते हैं। सोशल मीडिया में विनायक चंद्राकर की तस्वीरें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव और सांसद विजय बघेल सहित कई भाजपा नेताओं के साथ मौजूद हैं, जिससे उनके राजनीतिक संबंधों की चर्चा भी तेज हो गई है। नवीन जायसवाल ने इस मामले पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में छोटी-छोटी घटनाओं में आम जनता के घरों पर बुलडोजर चलाने वाली सरकार अब क्या भाजपा नेता के फार्महाउस पर भी बुलडोजर चलाने की हिम्मत दिखाएगी? उन्होंने कहा कि धान का कटोरा कहलाने वाला छत्तीसगढ़ आज सूखे नशे के कारण बदनाम होता जा रहा है। भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में जुआ, सट्टा और नशे का कारोबार तेजी से बढ़ा है।

बढ़ रहा नशे का कारोबार : अशोक सिंह

शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और पुलिस की मिलीभगत के कारण प्रदेश में नशे का कारोबार लगातार फैल रहा है।

युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में: सीमा अनंत

महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा अनंत ने कहा कि पिछले दो वर्षों में शराब, गांजा, अफीम और हेरोइन जैसे नशों के कारण प्रदेश की युवा पीढ़ी तेजी से इसकी गिरफ्त में आ रही है। युवाओं में नशे की लत अब महामारी का रूप लेती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चंद पैसों के लालच में सत्तासीन लोग नशे के बढ़ते कारोबार को रोकने के बजाय संरक्षण दे रहे हैं।

ट्रकों से गांजा खुलेआम आ रहा: मणिकांत त्रिपाठी

कवर्धा ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने कहा कि बिना सत्ता के संरक्षण के ट्रकों के माध्यम से राजधानी और शहरों में खुलेआम गांजा और अन्य नशे की सप्लाई संभव नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा सरकार के दो साल के कार्यकाल में आखिर इन अपराधियों को संरक्षण कौन दे रहा है।

निष्पक्ष जांच की मांग

कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यह सामने लाया जाए कि इस अवैध अफीम खेती के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। कांग्रेस का कहना है कि बिना सत्ता के संरक्षण के प्रदेश में ड्रग्स और नशे का कारोबार खुलेआम नहीं चल सकता।

नशे में वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्ती, 10 दिन में 614 नशेड़ी चालक पकड़े गए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है। पिछले 10 दिनों में शहर के अलग-अलग चौक-चौराहों पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान 614 नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस उपायुक्त (यातायात एवं प्रोटोकॉल) विकास कुमार के निर्देशन में यह अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार रायपुर में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 600 लोगों की मौत होती है, जिनमें बड़ी संख्या उन मामलों की है जहां चालक नशे की हालत में वाहन चलाते हैं। इसी को देखते हुए शहरभर में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में 8 मार्च 2026 को थाना तेलीबांधा क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। छह अलग-अलग प्वाइंटों पर की गई जांच में एक ही दिन में 86 नशेड़ी वाहन चालक पकड़े गए। कार्रवाई के दौरान ऑडी और बीएमडब्ल्यू जैसी महंगी कारें चलाने वाले चालक भी नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पकड़े गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

पुलिस की अपील

रायपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे नशे की हालत में वाहन न चलाएं। तेज रफ्तार और नशे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से सबक लेते हुए सड़क पर सुरक्षित ड्राइविंग करें, ताकि स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रखा जा सके।

न्यूज गैलरी

सुबह ड्यूटी से लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला, आरोपी और नाबालिग पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। उरला थाना क्षेत्र में ड्यूटी से घर लौट रहे युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी और एक विधि के साथ संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस ने 80 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपियों तक पहुंच बनाई। पुलिस के अनुसार प्रार्थी सनत यदु, निवासी विकास नगर गुढ़ियारी, एक प्रिंटिंग प्रेस में ऑपरेटर का काम करता है। 8 मार्च 2026 की सुबह वह ड्यूटी खत्म कर करीब 5 बजे साइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान जब वह उरला स्थित छत्तीसगढ़ धर्मकांटा के पास पहुंचा, तब सुबह करीब 5:30 से 6 बजे के बीच स्कूटी में सवार दो अज्ञात युवक पीछे से आए और धारदार हथियार से उसकी पीठ पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) मयंक गुर्जर ने अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम, सहायक पुलिस आयुक्त उरला पूर्णिमा लामा और थाना प्रभारी उरला को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे 80 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर ली गई। पुलिस ने कुछ ही घंटों में राजेश्वर नेताम उर्फ गोपी और एक विधि के साथ संघर्षरत बालक को पकड़ लिया। कड़ी पूछताछ में दोनों ने मिलकर युवक पर हमला करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक चाकू और एक दोपहिया वाहन भी जब्त कर लिया है। दोनों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

रायपुर ग्रामीण में कॉम्बिंग गश्त अभियान, 16 बदमाशों पर कार्रवाई, स्थायी वारंटी भी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए रायपुर ग्रामीण पुलिस ने विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान बदमाशों, संदिग्ध व्यक्तियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 16 लोगों पर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई, जबकि एक स्थायी वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत चाकूबाजों, चाकू लेकर घूमने वालों, असामाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों और सोशल मीडिया पर धारदार हथियारों के साथ फोटो पोस्ट करने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में 9 मार्च 2026 को चौकी प्रभारी सिलतरा के नेतृत्व में थाना धरसींवा क्षेत्र में विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 16 बदमाशों और संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया। साथ ही लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। अभियान के तहत पुलिस ने क्षेत्र में नाकेबंदी कर वाहनों की सघन जांच की। साथ ही विजिबल पुलिसिंग के तहत पैदल पेट्रोलिंग कर सांकरा, धनेली और सिलतरा जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों, वाहन के अंदर बैठकर शराब सेवन करने वालों, नशा करने वालों, अड्डेबाजी करने वालों और धारदार हथियार लेकर घूमने वालों की लगातार जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

मां गंगा विप्र-कल्याण संघ का होली मिलन कार्यक्रम

रायपुर/ नवप्रदेश। राजधानी में सामाजिक संगठन मां गंगा विप्र कल्याण संघ की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री राम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें समाज के 300 से अधिक लोग परिवार सहित शामिल हुए। कार्यक्रम में फूलों की होली खेली गई और भजन संध्या का आयोजन कर लोगों ने पारंपरिक तरीके से होली उत्सव का आनंद लिया। मिलन कार्यक्रम की शुरुआत भगवान की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें भजन गायक मंडली ने होली और भक्ति से जुड़े भजन प्रस्तुत किए। भजनों की मधुर धुनों पर उपस्थित लोग भी झूमते नजर आए। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। खास तौर पर फूलों की होली ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। मंदिर परिसर में रंग-बिरंगे फूलों से होली खेलते हुए लोगों ने आनंद और उत्साह के साथ पर्व मनाया।

भारत-न्यूजीलैंड मैच पर चल रहा था खेल, मोबाइल, कार और लाखों के हिसाब-किताब जब्त

टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल के दौरान ऑनलाइन सट्टा, 6 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। टी-20 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले गिरोह का रायपुर पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा तेलीबांधा और डीडी नगर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, नगदी, एक कार और लाखों रुपए के सट्टे का हिसाब-किताब जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार 8 मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल मैच के दौरान शहर में ऑनलाइन सट्टा संचालित होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा संबंधित थानों की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा।

कार में बैठकर चला रहे थे सट्टा: थाना तेलीबांधा क्षेत्र में गली नंबर-2 के पास कुछ लोग ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे थे। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर चारपहिया वाहन में बैठे संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम धरमू उर्फ धर्मेन्द्र पोहानी, संजय तकटानी उर्फ सोनू, राहुल असलानी और अभय शर्मा उर्फ अब्बू बताया। जांच में सामने आया कि आरोपी kingdombooks.com और jmdbet777.com जैसी ऑनलाइन बैटिंग साइट्स के माध्यम से आईडी बनाकर लोगों को बांट रहे थे और मैच पर सट्टा खिलवा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8 मोबाइल फोन, 16 हजार रुपए नगद और एक क्रेटा कार (सीजी 04 एमपी 0633) जब्त की है। इसके साथ ही लाखों रुपए के सट्टे का हिसाब-किताब भी बरामद हुआ है।

सत्यम विहार कॉलोनी से दो और गिरफ्तार: इसी तरह डीडी नगर थाना क्षेत्र के सत्यम विहार कॉलोनी रायपुरा में भी पुलिस ने कार्रवाई की। यहां www.onebet9.com वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा चलाते हुए अनिल खत्री और लीला राम पहलाजानी को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 4 मोबाइल फोन (करीब 1 लाख रुपए कीमत) और लगभग 2 लाख रुपए के सट्टे का हिसाब बरामद हुआ। दोनों मामलों में पुलिस ने छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 और जुआ एक्ट की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों से आईडी लेकर सट्टा खेलने वाले अन्य लोगों की जानकारी भी मिली है, जिनके खिलाफ भी आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

मौदहापारा संडे बाजार में अतिक्रमण अभियान चलाकर 40 लोगों को हटाया

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के मौदहापारा संडे बाजार मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए टीम प्रहरी अभियान के तहत नगर निगम और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सड़क पर अतिक्रमण कर व्यवसाय कर रहे लगभग 40 फेरीवालों को हटाया। साथ ही उन्हें नियमों का पालन करने की कड़ी हिदायत दी गई।

रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला और कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेश पर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप और यातायात एसपी अजय कुमार के निर्देश में यह कार्रवाई की गई। अभियान में नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन-2 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता आशुतोष सिंह और पी.डी. धृतलहरे सहित नगर निगम, यातायात पुलिस और मौदहापारा थाना की टीम शामिल रही। अभियान के दौरान गुजराती मोहल्ला क्षेत्र में जयराम कॉम्प्लेक्स के पीछे की दो गलियों में सड़क पर कब्जा कर फेरी लगाकर व्यवसाय कर रहे लगभग 40 फेरीवालों को हटाया गया। अधिकारियों ने बताया कि बार-बार समझाइश देने के बावजूद ये फेरीवाले सड़क पर सामान रखकर व्यवसाय कर रहे थे, जिससे बाजार क्षेत्र में यातायात जाम की समस्या बन रही थी।

नगर निगम अधिकारियों ने फेरीवालों को बताया कि नियमानुसार उन्हें के.के. रोड पर मौदहापारा मस्जिद से महाबीर गौशाला तक निर्धारित सफेद लाइन के अंदर ही संडे बाजार में बैठकर व्यवसाय करना है। हालांकि वहां पहले से बैठे फेरीवालों के कारण कुछ लोगों को जगह नहीं मिल पा रही थी, जिसके चलते वे अनाधिकृत रूप से गलियों में बैठकर व्यापार कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान सभी फेरीवालों को अपनी फोटो आईडी मौदहापारा थाना में जमा करने और नगर निगम जोन-2 अथवा निगम मुख्यालय के नगर निवेश विभाग से संपर्क कर संडे बाजार में नियमानुसार स्थान आवंटन के लिए चर्चा करने की हिदायत दी गई।

चौथी लाइन और यार्ड रिमॉडलिंग के कारण कई ट्रेनें रद्द, कुछ के बदले रूट

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी रेल लाइन बिछाने और अकलतरा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते कई ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ेगा। 30 मार्च से 11 अप्रैल तक इस रेलखंड से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों के रूट में बदलाव किया गया है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर चल रहे चौथी लाइन के निर्माण कार्य के कारण ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किया जा रहा है। साथ ही अकलतरा रेलवे स्टेशन में यार्ड रिमॉडलिंग का काम भी जारी है, जिससे इस अवधि में रेल यातायात प्रभावित रहेगा।

इस दौरान बिलासपुर-रायगढ़ मेमू, रायपुर-गेवरा मेमू और रायपुर-कोरबा पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है। वहीं गोंदिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर फिलहाल बिलासपुर तक ही संचालित होगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने हसदेव एक्सप्रेस को बिलासपुर से कोरबा के बीच पैसेंजर ट्रेन की तरह चलाने का निर्णय लिया है, ताकि इस रूट के यात्रियों को ज्यादा परेशानी न हो।

इन ट्रेनों पर पड़ेगा असर

- ट्रेन संख्या 68737 रायगढ़-बिलासपुर ट्रेन 31 मार्च से 11 अप्रैल तक रद्द रहेगी।
- ट्रेन संख्या 68738 बिलासपुर-रायगढ़ ट्रेन 31 मार्च से 11 अप्रैल तक निरस्त रहेगी।
- ट्रेन संख्या 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू 31 मार्च से 11 अप्रैल तक संचालित नहीं होगी।
- ट्रेन संख्या 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू भी 31 मार्च से 11 अप्रैल तक नहीं चलेगी।

भाठागांव में अवैध प्लॉटिंग पर निगम की कार्रवाई, मुरूम सड़क काटकर लगाई रोक

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई जारी है। नगर निगम जोन-6 की टीम ने भाठागांव के भरींखार इलाके में लगभग एक एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई करते हुए वहां बनाई गई अवैध मुरूम सड़क को काटकर तत्काल रोक लगा दी।

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश और जोन-6 के जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों के अनुसार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा निजी भूमि पर अवैध तरीके से प्लॉटिंग की जा

रही थी और इसके लिए वहां मुरूम की सड़क बनाकर आवागमन शुरू कर दिया गया था। सूचना मिलने पर नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की मदद से बनाई गई मुरूम सड़क को काट दिया, जिससे वहां आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई और अवैध प्लॉटिंग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई। कार्रवाई के दौरान कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, उप अभियंता सागर ठाकुर सहित निगम के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार, पहले भी जा चुका जेल

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में चाकू लेकर लोगों को भयभीत करने वाले एक युवक को खमतराई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले भी लूट के मामले में जेल जा चुका है।

पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) मयंक गुर्जर के निर्देश पर क्षेत्र में अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम और सहायक पुलिस आयुक्त उरला पूर्णिमा लामा के नेतृत्व में थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों, गुंडा-बदमाशों और चाकूबाजों की सघन जांच की जा रही है। इसी दौरान 9 मार्च 2026 को खमतराई थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पुराना डीआरएम ऑफिस डब्ल्यूआरएस कॉलोनी के पास एक युवक हाथ में धारदार चाकू लेकर उसे हवा में लहरा रहा है और आने-जाने वाले लोगों को डरा रहा है।

रायपुर में मार्च की शुरुआत के साथ बढ़ी गर्मी, पारा 37 डिग्री पार

रायपुर/नवप्रदेश। मार्च का पहला सप्ताह शुरू होते ही राजधानी में गर्मी का असर तेज होने लगा है। अभी गर्मी का मौसम पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ है, लेकिन तेज धूप और सूखे मौसम ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। रविवार को दिनभर तेज धूप के कारण शहर में गर्मी का असर साफ नजर आया और कई जगह सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में कम भीड़ दिखाई दी। लोग धूप से बचने के लिए छांव और ठंडी जगहों का सहारा लेते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 37.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.5 डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया। तापमान में इस बढ़ोतरी के कारण दिन के साथ-साथ रात में भी गर्मी का अहसास बढ़ गया है।

द्रोणिका का नहीं दिखा असर: मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक बिहार से झारखंड होते हुए दक्षिण छत्तीसगढ़ तक समुद्र तल से करीब 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई पर द्रोणिका बनी हुई है। आमतौर पर ऐसी स्थिति में मौसम में बदलाव और हल्की बारिश की संभावना रहती है, लेकिन रायपुर में इसका कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा और रविवार को मौसम पूरी तरह सूखा बना रहा।

कम नमी और धीमी हवा से बढ़ी गर्मी: रविवार को दिन के समय हवा में नमी केवल 28 प्रतिशत दर्ज की गई, जिससे वातावरण में खुश्क और चुभने वाली गर्मी महसूस हुई। वहीं हवा की गति भी बहुत कम रही और करीब 2 किलोमीटर प्रति घंटा ही दर्ज की गई। कम नमी और धीमी हवा के कारण गर्मी का असर और ज्यादा महसूस हुआ। प्रदेश में रायपुर सबसे गर्म शहरों में रहा।

अगले दो दिन ऐसा रहेगा मौसम: मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को आसमान में हल्की धुंध रह सकती है। अधिकतम तापमान करीब 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान लगभग 23 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। अगले दो दिनों तक मौसम के गर्म और शुष्क बने रहने की संभावना है। फिलहाल बारिश या आंधी की कोई संभावना नहीं जताई गई है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : उप मुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे सम्मान, छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग का होगा शुभारंभ

'नारी शक्ति सम्मान समारोह' कल, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं होंगी सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा राजधानी में 'नारी शक्ति सम्मान समारोह' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 10 मार्च को दोपहर 12 बजे से शासकीय मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। समारोह में स्वच्छता, स्वावलंबन और सशक्तीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

समारोह में उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर स्वच्छता दीदियों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं और विभिन्न योजनाओं की महिला हितग्राहियों

को सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर राज्य के सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग का भी शुभारंभ किया जाएगा। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने बताया कि कार्यक्रम में राज्यभर से आई स्वच्छता दीदियों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं और विभिन्न शासकीय योजनाओं की महिला हितग्राहियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में राष्ट्रीय पुरस्कार, सुपर स्वच्छ लीग शहर, वाटर प्लस तथा जीएफसी 7-स्टार और 5-स्टार श्रेणी प्राप्त करने वाले शहरों की स्वच्छता दीदियों के प्रतिनिधियों का भी सम्मान होगा।

महिला हितग्राहियों को मिलेगा प्रोत्साहन

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत उन संघर्षशील महिला हितग्राहियों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में अपने घर का निर्माण पूरा कर परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के तहत निर्धारित समय में आवास पूर्ण करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

समारोह की प्रमुख बातें

- 10 मार्च को दोपहर 12 बजे कार्यक्रम
- स्थान: अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम, रायपुर
- स्वच्छता दीदियों और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं का सम्मान
- प्रधानमंत्री आवास योजना की महिला हितग्राहियों का सम्मान
- महिला पथ विक्रेताओं को स्वनिधि योजना के चेक वितरण
- छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग का शुभारंभ

सुविचार

पागल होने का भी एक गजब फायदा होता है। लोग मारने के लिए बेशक पत्थर उठा लें लेकिन उंगली नहीं उठाते। - अज्ञात

वेल डन टीम इंडिया

टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से पराजित कर एक नया इतिहास रच दिया। टीम इंडिया ने लगातार दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का कीर्तीमान बनाया ही साथ ही टीम इंडिया ने तीन बार विश्व कप जीतने का भी रिकॉर्ड बना दिया। इसके पहले इंग्लैंड और वेस्टइंडिज ने भी दो दो बार वर्ल्ड कप जीते थे। भारत ने पहली बार 2007 में और फिर 2024 में विश्व कप जीता था और अब उसने वर्ल्ड कप जीतने की हैट्रिक लगा दी। टीम इंडिया ने यह भी एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया है कि अपने घरेलू मैदान पर वर्ल्डकप जीतने वाली वह पहली टीम बन गई है। फाइनल मैच में टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों ने अपना दम लगा दिया और पांच विकेट खोकर 255 रन बना दिये। यह भी वर्ल्ड कप के इतिहास में फाइनल मैच का सबसे बड़ा स्कोर था। यही नहीं बल्कि टीम इंडिया ने सबसे तेज पचास रन बनाने और छह ओवर के पावर प्ले में 92 रन बनाने का भी विश्व कीर्तिमान रच दिया। क्वाटरफाइनल और सेमीफाइनल की तरह ही फाइनल मैच में भी संजू सैमसन ने आतिशी पारी खेली और उनके 46 गेंदों पर पांच चौके और 8 छक्कों की बदौलत 89 रन बने वहीं पूरी सीरिज में प्लाप रहे अभिषेक शर्मा ने 18 गेंदो पर 51 रनों की धुंआधार पारी खेली और इशान किसन ने भी 23 गेंदों में 50 रन ठोक दिये। नतीजतन टीम इंडिया ने 255 रन बना दिये जिसका पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 159 रनों पर ही ढेर हो गई और भारत ने 96 रनों से एकतरफा यह मुकाबला जीत लिया। संजू सैमसन को प्लेयर ऑफ टूर्नामेन्ट का खिताब दिया गया है और वास्तव में उसके अधिकारी थे। भारत के 144 करोड़ लोगों की उम्मीदों का बोझ अपने कंधे पर लेकर उन्होंने पूरी श्रृंखला में जो पारी खेली वह अद्भुत थी। 4 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट लेने वाले जस्प्रीत बुमराह मैन ऑफ द मैच बने। वेल डल इंडिया।

राजेश माहेश्वरी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। उनके नामांकन के मौके पर गृह मंत्री अमित शाह भी पटना पहुंचे। इसके साथ ही यह तय हो गया कि बिहार में दो दशकों के बाद राज्य की सत्ता में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। नीतीश कुमार को लेकर बिहार के सियासी गलियारों में लगातार यह चर्चा चल रही थी कि वो बिहार की सत्ता से अलग राज्यसभा का रुख करने वाले हैं। यह भी इस बात का संकेत था कि बिहार की सियासत में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है।

नीतीश के फैसले ने सियासत के समीकरण बदल दिये

नीतीश कुमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है, ÷पिछले दो दशक से भी अधिक समय से आपने अपना विश्वास एवं समर्थन मेरे साथ लगातार बनाए रखा है, तथा उसी के बल पर हमने बिहार की और आप सब लोगों की पूरी निष्ठा से सेवा की है।÷ कांग्रेस पार्टी ने बिहार के सत्ता में हो रहे इस बदलाव को जनता के साथ धोखा बताया है। आरजेडी ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो नीतीश कुमार, जिन्होंने चार माह से भी कम समय पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन अब अप्रत्याशित रूप से इस प्रतिष्ठित कुर्सी को छोड़ने को तैयार हैं। अब 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बहरहाल, विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए पर्याप्त बहुमत के कारण उनकी जीत निश्चित मानी जा रही है। निष्कर्ष यह भी है कि राज्यसभा चुनाव में सफल होने के बाद उनका मुख्यमंत्री के रूप में दो दशक पुराना सफर समाप्त हो जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य में उनका अगला उत्तराधिकारी भाजपा से ही आएगा। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा ने जो अच्छा प्रदर्शन किया था, उसके चलते ही नीतीश को फिर से सत्ता में बने रहने में मदद मिली थी। लेकिन तभी राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे थे कि कालांतर उनको पद छोड़ना ही होगा, अब चाहे यह स्वेच्छा से हो या मजबूरी में। निस्संदेह, उत्तर भारत में बिहार एकमात्र ऐसा हिंदी भाषी राज्य है जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। वहीं दूसरी ओर अटकलें लगायी जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो सक्रिय राजनीति में अभी नए हैं, नई सरकार में उप मुख्यमंत्री बन सकते हैं। बहुत संभव है बिहार में भाजपा की महत्वाकांक्षा को देखते हुए जेडीयू अपनी पार्टी का जनाधार बनाये रखने के लिये पार्टी के लिये उपमुख्यमंत्री पद चाह रही हो। हो सकता है कि सत्ता में अचानक आने वाले इस बड़े बदलाव को लेकर कुछ जेडीयू नेताओं में असंतोष देखने में आए।बिहार के राज्यसभा जाने की खबरों और तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम के बीच जनता दल (यूनाइटेड) यानी जेडीयू के कई कार्यकर्ताओं ने बिहार में मुख्यमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन किया। इन कार्यकर्ताओं की मांग है कि कि नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर होना चाहिए।

नीतीश कुमार सबसे ज़्यादा समय तक 20 साल बिहार में मुख्यमंत्री के पद पर रहने वाले शख्स हैं। उनके कार्यकाल में बिहार, जो पहले अराजकता के लिए जाना जाता था, अब एक अनुशासित राज्य बन गया है। इसी वजह से लोग उन्हें प्यार से 'सुशासन बाबू' के नाम से भी जानते हैं। जब से उन्होंने राज्यसभा में जाने की घोषणा की है, तब से सभी यह सोचने लगे हैं कि क्या बिहार की सियासत में अब कोई बड़ा बदलाव आने वाला है। नीतीश कुमार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है, विरोधियों के बीच सामंजस्य बनाना। पिछले 20 वर्षों में वे भाजपा के सहयोग से सरकार चला रहे हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी भाजपा का कोई एजेंडा लागू नहीं होने दिया। उन्होंने समाजवादी नीतियों को अपने कार्यकाल में बरकरार रखा और सामाजिक मर्यादा को बनाए रखने में सफल रहे। अनुभवी व उम्रदराज नीतीश कुमार के सामने भी चुनौती है कि कैसे अपने दल के विधायकों को एकजुट रखा जाए। साथ ही यह सुनिश्चित करना कि उनकी पार्टी का जनाधार प्रभावित न हो। वहीं दूसरी ओर नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने की स्थिति में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को राज्य की राजनीति में अपनी पैठ मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। यह घटनाक्रम मुख्य विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल के लिये महत्वपूर्ण होगा क्योंकि वह सत्ताधारी गठबंधन की कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिशें तेज करेगा। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पोस्ट में नीतीश कुमार ने दो दशक की पारी में सहयोग के लिये बिहार की जनता का आभार जताया है तथा अपना दायित्व निभाने की बात कही है। साथ ही राज्यसभा में जाने की तार्किकता का भी जिक्र किया है और विकसित बिहार के संकल्प को फिर से दोहराया है। निस्संदेह, वर्ष 2005 से अब तक, बीच के कुछ महीनों को छोड़कर, उनका सत्ता में बने रहना अभूतपूर्व रहा है। किसी भी गठबंधन की सरकार रही हो, नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बने रहे। यही वजह है कि जेडीयू में कार्यकर्ताओं का एक वर्ग उनके राज्यसभा में जाने को लेकर निराश है। बिहार में अपराध की स्थिति में सुधार लाने के लिए नीतीश कुमार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए। अब तो लोग यह बताते हैं कि पहले उन्हें दिल्ली से अपने घर जाने में दिन लग जाते थे, लेकिन अब वे महज पांच घंटे में बिहार पहुंच जाते हैं। साफ-सुथरी सड़कें और सुरक्षित यात्रा ने बिहार को एक नया रूप दिया है। महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने में नीतीश कुमार का योगदान अद्वितीय रहा है। पहले महिलाओं को बाजारों में अकेले जाने से डर लगता था, लेकिन अब वे स्वतंत्रता से अपने काम के लिए बाहर निकलतीं हैं। शराबबंदी की नीति ने भी महिलाओं को काफी राहत पहुंचाई है। नीतीश कुमार ने अति पिछड़ी जातियों को समानता का अवसर देने का निर्णय लिया है। पंचायती राज व्यवस्था में 20 प्रतिशत आरक्षण लागू कर उन्होंने दलितों और दबंग जातियों के बीच दूरी कम की। इससे समाज में एकता की भावना बढ़ी है। नीतीश कुमार ने सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत का कोटा दिया है, जिससे उन्हें समाज में अपनी पहचान बनाने का अवसर मिला है।

महिला सशक्तिकरण

हर दिन होना चाहिए महिला दिवस

शाहिन कुरैशी

साल में एक दिन महिला दिवस मनाने और सोशल मीडिया पर स्टोरी तथा स्टेटस लगाने से महिला दिवस विशेष नही हो जाता। कायदे से तो हर दिन महिला दिवस होना चाहिए। महिलाएं हर दिन सुबह से शाम तक निस्वार्थ भावना से अपनी जिम्मेदारी को निभाती हैं। घर हो या दफ्तर अथवा कोई भी कार्य स्थल महिलाएं अपने काम में व्यस्त रहती हैं। महिला दिवस के दिन भी अधिकांश महिलाएं अपने सिर पर जिम्मेदारी का बोझ उठाएं रहती हैं। उन्हें इतनी फुर्सत नहीं मिलती कि वे वूमेन डे को सेलिब्रेट करने की भी सोचें। ऐसी महिलाओं के लिए महिला दिवस भी एक सामान्य दिवस ही होता है। ऐसे में क्यों न हर दिवस महिलाओं के लिए विशेष दिवस माना जाए? उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए उनका अहसानमंद हुआ जाए? महिला दिवस के दिन महिला सशक्तिकरण के नारे लगाने भर से महिला सशक्त नहीं हो जाएगी। समाज में महिलाओं की आज जो स्थिति है उसे देखते हुए महिला सशक्तिकरण के दावों पर सटीक बैठती हैं सूफी कवि आमीर खुसरो की ये पंक्तियां - बहुत कठिन है डगर पनघट की, लाज रखो मेरे घूंघट पट की..। भारतीय महिलाएं त्याग और तपस्या की देवी ऐसे ही नहीं कहलाती। वे अपना काम पूरी जिम्मेदारी से अपना धर्म समझ कर करती हैं। बदले में किसी से शुक्रिया की उम्मीद भी नहीं करती। स्त्री धर्म का निर्वहन आसान नहीं है। पुरुष प्रधान समाज कम से कम महिलाओं का सम्मान तो कर सकता है। यह सम्मान एक दिन विशेष के लिए सीमित न हो। महिलाएं हर दिन सम्मान की दृष्टि से देखे जाने की हकदार हैं। एक महिला जब माँ बनती है तो अपने बच्चे की अपनी जान से ज्यादा चाहती है। उसे पालती है और अपनी आखिरी सांस तक उसका ख्याल रखती है। यह उसका काम नहीं स्त्री धर्म है। जो उनके स्वभाव में होता है। वही महिला जब दफ्तर में काम करती है तो अपने दफ्तर को भी एक शिशु की तरह चलाती है। अपने कार्य स्थल पर अपना सौ प्रतिशत देती है। यह इसलिए नहीं कि उसे इसके लिए विशेष वेतन मिलता है बल्कि इसलिए कि वह दफ्तर को भी घर की तरह ही एक मंदिर मानती है और अपने काम को पूजा समझती है। इसके बाद भी उसे पुरस्कार नहीं मिलता तो भी उसे अफसोस नहीं होता लेकिन तिरस्कार मिलता है तो वह टूट जाती है। और इसी के साथ टूट जाते हैं उसकी अपने कार्यक्षेत्र की मदर टेरेसा कहलाने और कल्पना चावला व बछेन्द्री पाल बनने के सपने। फिर उसे महिला सशक्तिकरण के नारे खोखले लगने लगते हैं और महिला दिवस पर होने वाले आयोजन ढकोसला लगते हैं। जब तक हर महिलाओं के प्रति समाज का नजरिया नहीं बदलेगा और उसे सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जाएगा तब तक महिला दिवस के औचित्य पर प्रश्न चिन्ह लगा रहेगा।

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर मध्य- पूर्व एक बार फिर उस ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा दिखाई दे रहा है जहाँ क्षेत्रीय संघर्ष वैश्विक संकट का रूप ले सकता है।हाल के घटनाक्रमों में ईरान,इजराइल और यूनाइटेड स्टेट्स के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने न केवल पश्चिम एशिया बल्कि पूरे विश्व की शांति और सुरक्षा को गंभीर चुनौती दे दी है। विशेष रूप से ईरान के सर्वोच्च नेता खामनेई की मौत के बाद उभरी प्रतिशोध की राजनीति और तीखी सैन्य बयान बाजी ने हालात को और अधिक विस्फोटक बना दिया है।खामेनेई की मौत के बाद ईरान में प्रतिशोध की भावना अत्यधिक तीव्र हो गई है।

मिडिल ईस्ट में बढ़ता युद्ध संकट

ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े नेताओं और पूर्व कमांडरों ने खुले शब्दों में यह घोषणा की है कि इस घटना का बदला लिया जाएगा।विशेष रूप सेइस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के पूर्व कमांडरों ने सीधे तौर पर अमेरिकी नेतृत्व को निशाना बनाते हुए कहा है कि ईरान अपने नेता के खून का हिसाब अवश्य लेगा।खामेनेई की मौत के बाद इजरायल की ओर से यह बयान देना कि नए सर्वोच्च नेता के चयन में शामिल लोगों को भी निशाना बनाया जा सकता है,यह दर्शाता है कि इजरायल इस संघर्ष को केवल सैन्य अभियान तक सीमित नहीं बल्कि राजनीतिक संरचना को प्रभावित करने की रणनीति के रूप में देख रहा है।ट्रंप ने ईरान की चेतावनियों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि उन्हें इन धमकियों से कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान पहले ही इस युद्ध को हार चुका है और जब तक तेहरान बिना शर्त आत्मसमर्पण नहीं करता, तब तक अमेरिकी सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यदि इस संघर्ष को समय रहते कूटनीतिक उपायों से नियंत्रित नहीं किया गया,तो यह केवल क्षेत्रीय युद्ध तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि विश्व- व्यापी अस्थिरता का कारण बन सकता है।इस पूरे संघर्ष का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इसमें परमाणु हथियारों के उपयोग की आशंका से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय समुदाय में चिंता रही है। वहीं इजरायल के पास पहले से ही परमाणु हथियार होने की संभावना मानी जाती है,हालांकि उसने कभी आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं की है।यदि यह संघर्ष पूर्ण युद्ध में बदलता है और इसमें परमाणु हथियारों का प्रयोग होता है, तो इसके परिणाम केवल मध्य-पूर्व तक सीमित नहीं रहेंगे बल्कि पूरी दुनिया पर गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं।इतिहास में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद परमाणु हथियारों का प्रयोग नहीं हुआ है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में यदि क्षेत्रीय युद्ध नियंत्रण से बाहर हो जाता है तो यह संभावना भी पूरी तरह से नकारा नहीं जा सकता।

साथियों बात अगर हम खामेनेई की मौत और बदलती शक्ति- राजनीति को समझने की करें तो,हालिया घटनाओं में सबसे बड़ा झटका ईरान के सर्वोच्च नेता की मौत को माना जा रहा है।खामेनेई ईरान की राजनीति, धार्मिक नेतृत्व और सैन्य रणनीति के केंद्र में रहे थे। उनकी मृत्यु केवल एक नेता की मृत्यु नहीं बल्कि ईरान की राजनीतिक संरचना में एक बड़े परिवर्तन का संकेत भी है।खामेनेई की मौत के बाद ईरान के भीतर सत्ता संरचना को स्थिर बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है। ईरान का संविधान सर्वोच्च नेता के चयन की प्रक्रिया को स्पष्ट रूप से निर्धारित करता है,जिसके तहत 88 सदस्यीय विशेषज्ञ परिषद नए नेता का चयन करती है। यह परिषद धार्मिक विद्वानों और वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं से मिलकर बनी होती है। इस परिषद का निर्णय केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि राजनीतिक और सैन्य दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।खामेनेई की मौत के बाद इस परिषद ने नए सर्वोच्च नेता के चयन की प्रक्रिया को तेज कर दिया है।किंतु इस बीचइजरायल की ओर से यह चेतावनी दी गई है कि जो भी व्यक्ति ईरान के नए सर्वोच्च नेता के रूप में उभरेगा या चयन प्रक्रिया में शामिल होगा, उसे भी निशाना बनाया जा सकता है। यह बयान क्षेत्रीय तनाव को और अधिक भड़काने वाला माना जा रहा है।

साथियों बात अगर हम ईरान की चेतावनी व ट्रंप कीप्रतिक्रिया और अमेरिकी रणनीति को समझने की करें तो, इस संदर्भ में ईरान के एक प्रमुख नेता ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को सीधे चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें उनके कार्यों की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ट्रंप को कभी अकेला नहीं छोड़ेगा और उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगा। यह बयान केवल व्यक्तिगत धमकी नहीं बल्कि एक व्यापक रणनीतिक संकेत माना जा रहा है कि ईरान इस संघर्ष को दीर्घकालिक प्रतिशोध के रूप में देख रहा है।ईरान के भीतर यह धारणा मजबूत हो रही है कि अमेरिका और इजरायल ने मिलकर उसके सर्वोच्च नेता को निशाना बनाया है। इस कारण वहां जनता और सैन्य नेतृत्व के बीच प्रतिशोध की भावना और भी अधिक तीव्र हो गई है।

इन धमकियों पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अत्यंत कठोर प्रतिक्रिया दी है, ट्रंप का यह बयान अमेरिकी रणनीति को स्पष्ट करता है।अमेरिका लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय प्रभाव को सीमित करने की नीति अपनाता रहा है। अमेरिकी प्रशासन का मानना है कि यदि ईरान को अभी नहीं रोका गया तो वह मध्य-पूर्व में अपनी सैन्य और राजनीतिक ताकत को इतना मजबूत बना सकता है कि भविष्य में उसे नियंत्रित करना कठिन हो जाएगा।इसी कारण अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर कई सैन्य अभियानों को अंजाम दिया है,जिनका उद्देश्य ईरान की सैन्य क्षमताओं और उसके परमाणु कार्यक्रम को सटीक रूप से कमजोर करना बताया जाता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1816 - एंडिस का पारः राजकोषीय स्काउट्स का एक समूह जुनेकाइटो की लड़ाई के दौरान कब्जा कर लिया गया था। 1830 - रॉयल नीदरलैंड ईस्ट इंडीज सेना का निर्माण किया गया था। 1848 - ग्वाडालूप हिदाल्गो की संधि को संयुक्त राज्य सीनेट द्वारा मैक्सिकन-अमेरिकी युद्ध समाप्त करने की पुष्टि की गई थी। 1861 - एल हादह उमर टाल ने मादक के बामना साम्राज्य को नष्ट करने वाले सेगो के शहर पर कब्जा कर लिया था। 1915 - प्रथम विश्व युद्धः न्यूव चैपल की लड़ाई शुरू हुई। 1917 - फिलीपींस में कुछ प्रान्त और शहर अधिनियम संख्या 2711 या फिलीपींस की प्रशासनिक संहिता के अनुसमर्थन के कारण शामिल किए गए थे। 1922 - महात्मा गांधी को भारत में गिरफ्तार किया गया और जेल में छह साल की सजा सुनाई गई थी। 1944 - यूनानी गृह युद्धः नेशनल लिबरेशन की राजनीतिक समिति ग्रीस में नेशनल लिबरेशन फ्रंट द्वारा स्थापित की गई थी। 1959 - तिब्बती विद्रोहः चीन द्वारा अपहरण के प्रयास से डरते हुए, हजारों तिब्बतियों ने दलाई लामा के महल को हटाने से रोकने के लिए घेर लिया था।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

महिला दिवस विशेष

एक दिन महिलाओं के नाम पर क्या सच में महिलाओं की जि़ंदगी बदलती है? क्योंकि सच तो यह है – औरत को हर कदम पर समाज जज करता है। छोटे कपड़े – चरित्रहीन लंबे कपड़े – बहनजी हंसकर बात करे – चालू चुप रहे – घमंडी लेकिन सच का एक पहलू यह भी है – आज़ादी और मर्यादा का संतुलन ही सच्ची आज़ादी है। सच्ची आज़ादी वही है जहाँ सम्मान भी हो और आत्मसम्मान भी। आपकी क्या राय है?

– **रेनु सिंघल**

तुम सागर की अदभुत गहराई हो, मैं खेत में जैसे सरसों लहराई हो, तुम मेघों के जमघट से हाथ लहराते हो, मुझसे धवल चांदनी से मिलने आते हो, तुम भोर के सूरज और प्रकाश हो, मेरे लिए तुम मेरा स्वतंत्र आकाश हो, तुम बसंत का सावन हो, मन को लगते मनभावन हो, तुम सुरमई अंखियों का सपना हो, मेरे लिए स्नेहिल कोई अपना हो, तुम अनुभूति के भूति हो, ईश्वर की मनोरम स्तुति हो... ! - **अनुभूति 'अनु'**

जिस दीवार का सहारा था मुझे उसके गिरने का इशारा था मुझे आंगन की बदहाली किस्से कहूँ बचपन में खुब संवारा था मुझे मेरे हालात की सबको खबर थी पार पाने को कब किनारा था मुझे वक्त रहते मसले सुलझ जाएं सारे बहुत मुश्किल से उबारा था मुझे एक दिन मिलकर सब सौदा करेंगे इसका तो अंदाजा दुबारा था मुझे उठने लगी है अंगुलियां हर तरफसे जब कटघरे में सबने उतारा था मुझे।

– **सपना चन्द्रा**

सुनो ... तुम आ मत जाना किसी की बातों में.. क्योंकि हम सदैव पूजनीय थीं पूजनीय हैं पूजनीय ही रहेंगी.. एक किसी एक विशेष दिन की मोहताज नहीं हम... अपवाद से इतर.. क्योंकि अपवाद तो हर वर्ग में पाये जाते हैं । अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। – **सुमन ओमानिया**

आधी आबादी तुझे सलाम तुझसे ही रोशन सारा जहाँ अपनी बेटी को सचाँद जैसी ना बनाएं ताकि उसे लोग घूर घूर कर देखे, उसे ससूरज जैसी बनाएं, ताकि घूरने से पहले ये नजरें बार-बार झुकें। मेरा ही प्रतिरूप ,तुझे मैं पथ दिखलाऊँ, जन्म जन्म बेटी ,माँ मैं तेरी खलाऊ ।। तुम हो तो हम है वरना कुछ नही,कुछ भी नही। – **हेमा पांडेय**

शक्ति एक अलग रूप में उतनी ही है मुझमें जितनी है तुममें .. पर करूणा कहीं ज्यादा है इसलिए..चुनती हूं, संग्राम नहीं शांति .. चुन सकती हूं कठोरता पर चुन लेती हूं..विनम्रता जो कहीं ज्यादा साहस का पर्याय है ।। – **सरिता त्रिवेदी**

औरत यह शब्द कब तुम्हें गाली लगे कुछ कह नही सकते हैं इसलिए हमने अपने इर्द-गिर्द एक सरहद बनाकर रखी है जहां हमारे अनुमति के सिवा तुम्हें प्रवेश नही मिल सकता है कभी हा इस देश का निर्माण करना पड़ा हमें क्यों की तुम्हारे देश में केवल तुम थे ।

– **सरिता सैल**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन धैर्य रखने की आवश्यकता है। आज आपके अधिकांश कार्य बनते बनते बिगड़ने से मन मे नकारात्मक भाव उत्पन्न होंगे।

वृषः आज का दिन कार्य सफलता वाला है लेकिन क्रोध को काबू में रखना भी आवश्यक है अन्यथा बनते कार्य आपसी मतभेद की भेंट चढ़ सकते है।

मिथुनः आज दिन के पूर्वार्ध की अपेक्षा मध्यान के बाद का समय बेहतर रहेगा। आर्थिक एवं अचल संपत्ति के लिये समय शुभ है। कई दिनों से अटके किस कार्य के पूर्ण होने से धन लाभ होगा।

कर्कः आज आप अपनी बुद्धि विवेक का कुछ अधिक प्रयोग करेंगे सही दिशा में जा रहे कार्य अथवा किसी व्यक्ति विशेष को भी संदेह की दृष्टि से देखना झगड़े का कारण बन सकता है।

सिंहः आज आपके स्वभाव में अहम की भावना रहेगी आदत अनुसार गुस्सा भी अधिक रहने के कारण जहां भी जाएंगे वही का वातावरण खराब करेंगे।

कन्याः आज भी परिस्थिति आपके पक्ष में रहेगी लेकिन आज आपका स्वभाव पल पल में बदलेगा कही सुनी बातो पर आंख बंद करके विश्वास ना करें अन्यथा शांत दिनचर्या खराब होगी।

तुलाः आज के दिन आपकी संतोषी प्रवृति रहेगी धन अथवा सम्मान पाने की इच्छा रहने पर भी इसके लिए ज्यादा मेहनत करने के पक्ष में नही रहेंगे सहज रूप से जितना मिले उससे संतोष हो जाएगा।

वृश्चिक : आज का दिन पिछले कुछ दिनों की तुलना में हर प्रकार से बेहतर रहेगा। आज आपका स्वभाव लापरवाहों जैसा रहेगा। अन्य लोगो को दुविधा में डाल स्वयं अपने मे मस्त रहेंगे।

धनुः आज आपकी दिनचार्य अनर्गल प्रवृतियों में खराब होगी। सेहत प्रातः काल से ही नरम रहेगी कुछ करने का मन नही करेगा स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहने से आसपास का वातावरण आपके कारण अशान्त रहेगा।

मकरः आज का दिन आपके मान सम्मान में वृद्धि कराएगा लेकिन किसी के बहकावे में आकर आप स्वयं ही अपने लिए परेशानी खड़ी कर सकते है सावधान रहें। स्वार्थी लोग आपके संपर्क में अधिक रहेंगे इनसे किसी भी आवश्यकता पूर्ति की उम्मीद ना रखें।

कुंभः आज के दिन परिवार में आर्थिक अथवा पैतृक संबंधित कार्यो को लेकर तकरार होने की संभावना है किसी बुजुर्ग को मध्यस्थ बना कर ही कोई भी काम करने से सफलता की संभावना अधिक बनेगी।

मीनः आज आपके आध्यात्मिक पक्ष की उन्नति होगी। मन मे धार्मिक भावनाएं बनी रहेंगी लेकिन मन एक जगह स्थिर ना रहने के कारण इसका पूर्ण लाभ नही उठा सकेंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) सीमांत श्रमिक वह व्यक्ति है जो एक वर्ष में कितना समय के लिए काम करता हैं?

2) स्वतंत्र भारत की पहली औद्योगिक नीति की रूपरेखा कब तैयार की गई थी?

3) लॉरियस स्पोर्ट्स अवार्ड के लिए नामांकित होने वाली पहली महिला क्रिकेट टीम कौन है?

4) महाराष्ट्र में होली के 5वें दिन कौन सा त्यौहार मनाया जाता हैं?

5) हट्टी रिसाला महोत्सव किस राज्य में मनाया गया है?

उत्तरमाला- (1) 183 (2) 6 अप्रैल 1948 (3) भारत (4) रंगपंचमी (5) उत्तराखंड

पहेली

समोदा में अफीम की खेती पर कांग्रेस ने जिला प्रशासन और पुलिस पर उठाए सवाल

दुर्ग/नवप्रदेश। समोदा गांव में करीब 10 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती मिलने के मामले को लेकर राजनीति तेज हो गई है। कांग्रेस नेताओं ने इस पूरे मामले में पुलिस और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाए हैं और इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि इतने बड़े स्तर पर अफीम की खेती होना और प्रशासन को इसकी जानकारी न होना कई सवाल खड़े करता है। जिला कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर और भिलाई जिलाअध्यक्षों ने मिलकर पत्रकारवार्ता में शासन-प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाया। कांग्रेस नेता राकेश ठाकुर ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ का पहला और बहुत बड़ा मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि गिरदावरी रिपोर्ट में भी गड़बड़ी की गई है। उनका कहना है कि अगर सही तरीके से सर्वे किया गया होता तो इतनी बड़ी खेती पहले ही सामने आ जाती।

भिलाई जिलाध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पुलिस अक्सर चौक-चौराहों पर खड़ी होकर चालान के नाम पर वसूली करती है, लेकिन समोदा गांव में इतने बड़े पैमाने पर अफीम की खेती चल रही थी और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। उन्होंने इसे पुलिस की बड़ी विफलता बताया।

दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि समोदा गांव में करीब 10 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती की जा रही थी। इस मामले में बीजेपी नेता विनायक ताम्रकार को गिरफ्तार

किया गया है। कांग्रेस का आरोप है कि जिस जमीन पर खेती हुई है, उसमें उनके दो और भाइयों का भी हिस्सा है, लेकिन उन्हें आरोपी नहीं बनाया गया है। इसलिए उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस का कहना है कि सामान्य किसान खेती की रखवाली के लिए रखवार या कोटवार रखते हैं, लेकिन यहां बाउंसर लगाए गए थे। इससे साफ है कि यहां सामान्य खेती नहीं बल्कि अफीम का कारोबार चल रहा था। नेताओं ने यह भी कहा कि पौधों में चीरा लगा हुआ था और गांव वालों ने बताया कि होली से पहले भी यहां से कंटेनर में अफीम की सप्लाई की गई थी।

राकेश ठाकुर ने बताया कि जब वे पूर्व मुख्यमंत्री के साथ मौके पर पहुंचे थे तो अधिकारियों ने कहा था कि अफीम के पौधों की गिनती के बाद उसकी कीमत तय की जाएगी। लेकिन उसी दिन शाम को कलेक्टर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में करीब 7 करोड़ 88 लाख रुपए की अफीम होने की बात कह दी। कांग्रेस का सवाल है कि जब सर्वे और गिनती पूरी नहीं हुई थी तो इतनी सटीक कीमत कैसे तय कर ली गई। पार्टी ने मांग की है कि बड़े अधिकारियों की निगरानी में नार्को टेस्ट भी कराया जाए और एक तारीख से लेकर गिरफ्तारी तक पुलिस और प्रशासन के सभी संपर्कों की जांच हो। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में पूरी कार्रवाई नहीं हुई तो 12 तारीख को पूरे प्रदेश में जिला भाजपा कार्यालयों का घेराव किया जाएगा और आंदोलन जारी रहेगा।

इस दौरान दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री दीपक दुबे, कांग्रेस नेता अजय शर्मा, विशाल देशमुख, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद कपूर ताम्रकार, प्रवक्ता नासिर खोखर, मोहित वाल्दे व अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

गैस सिलेंडर महंगा: कांग्रेस ने किया केंद्र सरकार का फूंका पुतला

दुर्ग। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर दुर्ग में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग, शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद कपूर ताम्रकार, प्रवक्ता नासिर खोखर एवं कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। गैस सिलेंडर महंगा होने से सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर पड़ रहा है। बता दें कि गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने के बाद छत्तीसगढ़ के कई जिलों में कांग्रेस की ओर से विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दुर्ग में भी जिला कांग्रेस कमेटी ने पुतला दहन कर केंद्र सरकार के फैसले का विरोध किया प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि घरेलू गैस पहले ही आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है। अब एक बार फिर कीमत बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ जाएगा। उनका कहना था कि महंगाई के कारण पहले ही खाने-पीने की चीजें महंगी हो चुकी हैं, ऐसे में गैस की कीमत बढ़ाना आम लोगों पर अतिरिक्त बोझ डालने जैसा है।

मोर मकान-मोर आस योजना अंतर्गत अंतिम पात्र-अपात्र सूची जारी

दुर्ग। प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान-मोर आस अंतर्गत आपत्ति-दावा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अंतिम पात्र एवं अपात्र हितग्राहियों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। नगर निगम के अनुसार आपत्ति-दावा के निराकरण के पश्चात तैयार की गई अंतिम सूची को विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इसके साथ ही यह सूची नगर निगम के मुख्य कार्यालय तथा डाटा सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में भी चस्पा की गई है, जहां इच्छुक नागरिक अवलोकन कर सकते हैं। निगम प्रशासन ने हितग्राहियों से अपील की है कि वे सूची का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं

एनएचआई में मेंटेनेंस कार्य

दुर्ग। रायपुर-दुर्ग राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर स्थित कुम्हारी फ्लाईओवर में आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाना है। इस कारण दुर्ग से रायपुर की ओर जाने वाले फ्लाईओवर के ऊपर का मार्ग अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा। इस अवधि में दुर्ग से रायपुर की ओर जाने वाले वाहनों का आवागमन फ्लाईओवर के नीचे स्थित सर्विस लेन से कराया जाएगा। यह कार्य 10 मार्च से 18 मार्च तक किया जाएगा। सभी वाहन चालकों से अपील है वे निर्धारित डायवर्जन का पालन करें तथा सावधानीपूर्वक वाहन चलाकर प्रशासन का सहयोग करें।

मृतकों के परिजनों को मिली 12 लाख की आर्थिक सहायता

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर दुर्ग निवासी योगेश चक्रधारी की विगत 4 सितम्बर 2022 को सांप के काटे जाने पर उनके परिजन मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ईलाज के दौरान योगेश की मृत्यु 05 सितम्बर 2022 को हुई थी। इसी प्रकार ग्राम लिमतरा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग निवासी सौम्य सेन की मृत्यु विगत 01 जून 2024 को अमलेश्वर काली मंदिर के सामने तालाब में नहाने के दौरान पानी में डुबने से मृत्यु और ग्राम कुगदा तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग निवासी भरत यादव की मृत्यु विगत 03 अक्टूबर 2024 को सत्य नगर कुगदा के दम्मा तालाब में नहाने के दौरान पानी में डुबने से हुई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. योगेश चक्रधारी के पिता कोमल चक्रधारी, स्व. भरत यादव के पत्नी दुरपति बाई और स्व. सौम्य सेन के पिता हरिहर सेन को क्रमशः 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

300 स्वच्छाग्राही को दिया गया प्रशिक्षण

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा एवं पाटन में स्वच्छाग्राही दीदीयों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें विषय विशेज्ञय देवी दास निमजे समर्थन संस्था द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें लगभग 300 स्वच्छाग्राही उपस्थित हुए। स्वच्छाग्राहियों को प्रशिक्षण में घरों से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरा के प्रबंधन एवं समूह का आय अर्जित कर गांव में स्वच्छता बनाये रखने एवं सुरक्षा का ध्यान रखते हुए असंगठित कार्ड, प्रतिमाह स्वस्थ्य जांच परीक्षण करने एवं प्राप्त कचरे को पृथक-पृथक कर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में भेजने एवं गांव में प्रतिदिन घर-घर कचरा कलेक्शन को बिजनेस मॉडल तैयार कर बाजार मूल्य पर कबाड़ी को विक्रय पर जोर दिया। घरों से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे का घर में ही पृथक्कीकरण करने एवं प्लास्टिक पॉलीथिन को जलाने पर प्रतिबंध की समझाईश दी।

नाबालिग ने दोस्तों संग रची खुद के अपहरण की साजिश खाता नहीं बिकने पर बनाई कहानी, दो आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में नाबालिग के झूठे अपहरण की शिकायत से म्यूल खाता सौदों के नेटवर्क का खुलासा हुआ है। नाबालिग ने पहले अपने अपहरण की झूठी कहानी बनाकर परिजनों से पैसे मांगे। उसने बताया कि अपहरणकर्ताओं ने उससे 3 लाख रुपए की मांग की है। बाद में बातचीत के दौरान रकम घटकर 50 हजार तक पहुंच गई। इस कॉल के बाद उसके भाई आशीष ठाकुर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। कुछ समय बाद नाबालिग ने दोबारा फोन कर कहा कि अपहरणकर्ता उसे छोड़ चुके हैं। हालांकि, पुलिस को पूरे मामले पर संदेह हुआ। पूछताछ में सामने आया कि नाबालिग म्यूल खाता खरीदने-बेचने का काम करता था। इस बार वह म्यूल खाता बेचने

धनबाद गया था। पुलिस ने मामले में धनबाद तथा झारसुगुड़ा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। मामला भिलाई-3 थाना क्षेत्र का है।

3 मार्च को नाबालिग घर से दोस्त की शादी में शामिल होने की बात कहकर निकला था। 4 मार्च को उसने धनबाद से अपने बड़े भाई को व्हाट्सएप कॉल कर बताया कि उसका अपहरण हो गया है। भाई आशीष ठाकुर की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू की। पूछताछ के दौरान नाबालिग ने स्वीकार किया कि उसने दोस्तों के साथ मिलकर पूरी कहानी बनाई थी। इसके बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 3(5), 318(4) और 62 के तहत केस दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक नाबालिग म्यूल खाते खरीदने-बेचने में शामिल था। म्यूल खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं जिनका इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध लेन-देन में किया जाता है। इस बार वह खाते बेचने धनबाद गया था। जिन लोगों से उसकी बात हुई थी, उन्होंने खाते लेने से मना कर दिया। पहले दिए गए एडवांस पैसे लौटाने का दबाव भी बनाया गया। पैसे वापस करने का दबाव बढ़ने पर नाबालिग घबरा गया। इसी डर में उसने दोस्तों के साथ मिलकर अपने ही अपहरण की कहानी रच दी।

लोकेशन के आधार पर पहुंची पुलिस टीम

शिकायत के बाद पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर टीम को धनबाद भेजा।

आज श्रमिक सम्मेलन का आयोजन

■ **स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव होंगे मुख्य अतिथि**

दुर्ग/नवप्रदेश। श्रम विभाग द्वारा जिले के श्रमिकों के हित में 10 मार्च को श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग सांसद विजय बघेल करेंगे। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सम्मेलन के दौरान छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित श्रमिकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरित की जाएगी।

इन योजनाओं में प्रमुख रूप से मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना तथा मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना शामिल हैं।

प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 12 को

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 12 मार्च को समय प्रातः 10:30 बजे से प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के दो नियोजकों से प्राप्त इलेक्ट्रिक मीटर टेक्निशियन 125 पोस्ट एवं सेल्स प्रमोटर 20 पोस्ट कुल 145 रिक्त पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। उक्त सभी पदों हेतु वेतन 14000 से 20000 रुपए तक है, ई.पी.एफ, मेडिकल, इंसेंटिव एवं पेट्रोल इत्यादि की सुविधा दिया जाएगा। 10वीं, 12वीं, आई.टी.आई., डिप्लोमा एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यता धारी आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकतें है। विस्तृत जानकारी अथवा रोजगार कार्यालय के सूचना पटल के माध्यम से प्राप्त कर सकते है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग के उपसंचालक से प्राप्त जानकारी अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण/अंकसूची, पहचान पत्र (मतदाता परिचय पत्र/आधार कार्ड/ पेनकार्ड/ड्रायविंग लाइसेंस/राशन कार्ड), रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र समस्त दस्तावेजों की (छायाप्रति) के साथ प्लेसमेंट रोजगार मेला में उपस्थित हो सकते हैं।

जिहादी मानसिकता का पुतला दहन, खटीक को दीपक से श्रद्धांजलि

दुर्ग/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल जिला दुर्ग द्वारा आज देश की राजधानी दिल्ली मे तरुण खटीक जी होली के पर्व पर थोड़े से रंग के नाम पर जिहादी मानसिकता के लोगो के द्वारा निर्मम हत्या कर दिया गया। विशेष समाज को हिंदू त्योहारों के नाम पर जब इतना मन में द्वेष है तो हिंदू धर्म के त्योहारों का व्यापार भी इन्हे नहीं करना चाहिए। आज जिहादी घिनौनी मानसिकता के लोगो के विरोध में पटेल चौक दुर्ग में पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया। तत्पश्चात दीप जलाकर उनकी चलचित्र पर पुष्पअर्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दिया

गया। जिसमें मुख्य रूप से दुर्ग जिला मंत्री रामलोचन तिवारी, सह मंत्री जीवेश उपाध्याय, जिला संयोजक खेमलाल सेन, सह संयोजक टीकू निषाद, नगर अध्यक्ष सुदीप सनातनी, जिला संपर्क प्रमुख हितेंद्र राजपूत, जिला समरसता प्रमुख दीपक वर्मा, जिला विद्यार्थी प्रमुख युवराज शर्मा, जिला बलोपासना प्रमुख किशन साहू, जिला सुरक्षा प्रमुख मिलाप निषाद, सह सुरक्षा प्रमुख राहुल साहू दुर्ग नगर संयोजक बलदाऊ साहू, सह संयोजक नितेश यादव, नगर बलोपासना प्रमुख रौनक गौर, सह प्रमुख निखिल यादव, लक्की यादव, नगर सुरक्षा प्रमुख चमन कुंभकार, नगर गौ रक्षा प्रमुख यमन ठाकुर, सह प्रमुख तुषार यादव,साप्ताहिक मिलन प्रमुख नरसिंह सिन्हा, नगर विद्यार्थी सह प्रमुख देव पटेल, यशराज साहू, ऋतिक मारकंडे, लककी चतुर्वेदी, पाटन प्रखंड संयोजक अखिल पाल , अभिराज पाण्डेय, ऋत्विक, रुद्र,शिवम,गौ रक्षा प्रमुख नागेश्वर निर्मलकर, कृष्ण सारथी,हरीश राजपूत,देवरा यादव, दीपेंद्र वर्मा,संजय ठाकुर, चिराग निषाद,शेखर धनकर,मीत साहू, केवल यादव,चेतन साहू, बादल नेताम,देव यादव,हरीश यादव, फ्लैश यादव,भावेश यादव, अहिवारा प्रखंड संयोजक शोनु निर्मलकर आदि मौजूद थे।

रोटरी क्लब ने लगाया रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर

भिलाई/नवप्रदेश। रोटरी क्लब ऑफदुर्ग ने समाज सेवा की दिशा में दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए। पहला रक्तदान शिविर रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में हुआ और दूसरा स्वास्थ्य शिविर शासकीय मिडिल स्कूल, समोदा में आयोजित किया गया। ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में छात्रों, शिक्षकों और रोटरी क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान 150 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं को हेलमेट भी भेंट किए गए, ताकि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। विवि कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों के लिए सहयोग देने की बात कही। इसके अलावा रोटरी क्लब ऑफ दुर्ग ने पल्स हॉस्पिटल, भिलाई के सहयोग से शासकीय मिडिल स्कूल, समोदा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 200 से अधिक विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की गई। डॉक्टरों ने बच्चों में पोषण की कमी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। सभी बच्चों को निःशुल्क मल्टीविटामिन दिए गए, जबकि जिन छात्रों में विशेष स्वास्थ्य समस्याएं पाई गईं उन्हें दवाइयां भी दी गईं। बच्चों की स्वास्थ्य निगरानी के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को ग्रोथ चार्ट भी दिया गया।

स्वास्थ्य शिविर में रोटेरियन डॉ. सत्येन ग्यानी, डॉ. प्रभाकर मिश्रा और डॉ. रॉबर्ट पॉल ने अपनी सेवाएं दीं। रोटरी क्लब ऑफदुर्ग के अध्यक्ष पंकज कोठारी ने कहा कि रक्तदान और स्वास्थ्य सेवाएं समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वहीं सचिव राहुल भंडारी ने बताया कि विश्वविद्यालय, चिकित्सकों और स्वयंसेवकों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हो सका।

बीएसपी इंफोर्समेंट विभाग ने की अवैध कब्जों पर कार्रवाई

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र के इन्फोर्समेंट विभाग द्वारा दो दिनों तक अवैध कब्जों के विरुद्ध सघन कार्रवाई करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाया गया। सेक्टर-7 क्षेत्र में अवैध रूप से निर्मित गैरेजों एवं शेडों को हटाया गया, जहाँ टेंट, फ्ल एवं केटरिंग व्यवसाय से संबंधित सामग्रियाँ रखकर भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था। कार्रवाई से पूर्व क्षेत्र में सूचना देकर कब्जाधारियों को स्थल खाली करने के लिए सचेत किया गया था। तत्पश्चात अवैध संरचनाओं को हटाते हुए लगभग 2000 वर्गफीट भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसी क्रम में दिनांक 09 मार्च को नेवई के पांडेपारा क्षेत्र में ईंटों से बनाए जा रहे तीन अवैध मकानों के ढांचे को ध्वस्त किया गया। साथ ही दो ओर निर्मित बाउंड्री वाल को भी हटाया गया। इस क्षेत्र में लगभग

20,000 वर्गफीट भूमि पर सुनियोजित रूप से अवैध प्लॉटिंग किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई थी। कब्जाधारियों को शेष अवैध निर्माण स्वयं हटाने के लिए आगाह किया गया है, अन्यथा उनके विरुद्ध आगे भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इस अभियान के दौरान नेवई थाना पुलिस बल का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। कार्रवाई में मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन एवं सीएसआर) उत्पल दत्ता के मार्गदर्शन तथा सहायक महाप्रबंधक (प्रवर्तन) रेमी थॉमस के नेतृत्व में संपन्न हुई।

अभियान में उप प्रबंधक (प्रवर्तन) एवं हिंदी समन्वय अधिकारी मुकुंद दास मानिकपुरी के साथ संपदा निरीक्षक राममूर्ति, रमाकांत यादव, भगवान, बलराम शुक्ला, अजय मिश्रा, कुद्बुद्दीन कुरैशी तथा पुरुष एवं महिला सुरक्षा कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बीएसपी प्रशासन द्वारा बीएसपी भूमि पर अवैध कब्जे एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर जारी रखने की बात कही गई है।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियां : कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया, एक रोचक प्रश्नोत्तरी सत्र का भी आयोजन

बीएसपी के विभिन्न विभागों में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उत्साहपूर्ण आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कार्मिकों के योगदान के सम्मान में विभिन्न विभागों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्लास्ट फर्नेस विभाग द्वारा बीएफ-8 कॉन्फ्रेंस हॉल में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रेमलता वर्मा एवं अनुपमा कुमारी रहीं। कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों की अनेक महिला अधिकारियों ने भी सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) मनोज कुमार तथा महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस/इलेक्ट्रिकल) श्रीनिवास गुज्जु भी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों से संवाद करते हुए ब्लास्ट फर्नेस विभाग के संचालन एवं सफलता में महिला कार्मिकों के समर्पण एवं योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ केक कटिंग समारोह के साथ हुआ, जिसके पश्चात एक रोचक प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया। साथ ही महिला कार्मिकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं।

इसी प्रकार वित्त एवं लेखा विभाग में भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर

पर कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रवीण निगम ने वित्त एवं सी एंड आईटी विभाग में कार्यरत महिला कार्मिकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (वित्त) पी. के. चोखानी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रवीण निगम ने महिला कार्मिकों के व्यावसायिक दायित्वों के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन में निभाई जाने वाली बहुआयामी भूमिकाओं की सराहना की। उन्होंने महिला कार्मिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनकी प्रतिबद्धता, समर्पण तथा कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखने की क्षमता संगठन के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। आभार स्वरूप नीना जायसवाल द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को पौधों भेंट किए गए। महिला कार्मिकों की रचनात्मक अभिव्यक्तियों को भी मंच प्रदान किया गया, जिसमें अमृता गंगराड़े, शिखा दीक्षित, स्मिता जैन तथा रंजीता सोनपिपरे द्वारा कविता एवं लेख प्रस्तुत किए गए।

इसी क्रम में आरएमपी-3 (एलडीसीपी) विभाग में भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक (एलडीसीपी) वी. के. ओगले ने भी सभा को संबोधित किया।

इस अवसर पर एलडीसीपी विभाग के महाप्रबंधकगण एस. के. नाईक, डी. के. वर्मा तथा एस. श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे और उन्होंने महिला दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए महिलाओं के प्रति सम्मान एवं समान अवसरों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समन्वयन प्रबंधक (एलडीसीपी) विनय कुमार पवार द्वारा किया गया।

दलालों की सक्रियता और अनियमितताओं की शिकायत, उच्चस्तरीय जांच की मांग

छुईखदान रजिस्ट्रार कार्यालय पर उठे गंभीर सवाल

छुईखदान/नवप्रदेश। नगर के रजिस्ट्रार कार्यालय को लेकर आम नागरिकों में असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। कई लोगों ने आरोप लगाया है कि कार्यालय में कामकाज की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है और दलालों की सक्रियता के कारण सीधे पहुंचने वाले नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। जो व्यक्ति बिना किसी बिचौलिए के अपने दस्तावेजों का पंजीयन या अन्य कार्य करवाने जाते हैं, उनका काम अक्सर तकनीकी आपत्तियों या फाइल लंबित होने का हवाला देकर टाल दिया जाता है, जबकि दलालों के माध्यम से आने वाले मामलों का निपटारा अपेक्षाकृत तेज़ी से हो जाता है।

ग्रामीणों और शहरी नागरिकों की शिकायत है कि जमीन पंजीयन, नामांतरण, बंटवारा, दस्तावेज सत्यापन, नक्शा मिलान और रिकॉर्ड सुधार जैसे कार्यों में अनावश्यक देरी की जाती है। आरोप है कि फाइलों में छोटी-छोटी आपत्तियां लगाकर लोगों को बार-बार चक्कर कटवाए जाते हैं। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि स्टांप मूल्यांकन और गाइडलाइन दर के निर्धारण में अस्पष्टता रहती है, जिससे आम नागरिक भ्रमित होते हैं।

रजिस्ट्रार कार्यालय के कर्मचारियों का राजस्व विभाग के अन्य अधिकारियों, जैसे आर.आई. और पटवारी से समन्वय के नाम पर प्रक्रियाओं को जटिल बनाया जाता है। जमीन से जुड़े रिकॉर्ड, खसरा-खतौनी, सीमांकन या भू-अभिलेख सत्यापन में विलंब के कारण पंजीयन प्रक्रिया प्रभावित होती है। लोगों का कहना है कि यदि विभागों के बीच बेहतर तालमेल और पारदर्शिता हो, तो आम जनता को राहत मिल सकती है।

जनता का मानना है कि रजिस्ट्रार कार्यालय सीधे तौर पर आम लोगों की संपत्ति और अधिकारों से जुड़ा महत्वपूर्ण विभाग है। ऐसे में वहां जवाबदेही, पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना प्राथमिक जिम्मेदारी है।

रजिस्ट्रार कार्यालय की निष्पक्ष जांच और पारदर्शी व्यवस्था की मांग

स्थानीय सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि रजिस्ट्रार कार्यालय की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही, कार्यालय परिसर में दलालों की आवाजाही पर निगरानी रखी जाए, शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत किया जाए और सभी प्रक्रियाओं को समयबद्ध तथा ऑनलाइन पारदर्शी प्रणाली से जोड़ा जाए। नागरिकों का कहना है कि यदि आरोप निराधार हैं तो जांच से स्थिति स्पष्ट हो जाएगी, और यदि अनियमितताएं पाई जाती हैं तो संबंधित जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

न्यूज गैलरी

शराब के लिए समिति प्रभारी के साथ मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव पुलिस ने अछोला सोसाइटी के सहायक समिति प्रभारी के साथ मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। पुलिस को गढ़सिवनी निवासी अछोला सोसाइटी के सहायक समिति प्रभारी रेवाराम साहू ने बताया कि वह 6 मार्च को वह ड्यूटी पर था। शाम करीब 7 बजे वह जोबा चौक में गुड़ाखू लेने गया था, जहां जोबा के दद्दू ध्रुवंशी, लक्की ठाकुर, टिकेश्वर ध्रुव ने उनसे गाली-गलौज करने लगे। बाद वह वहां से जोबा सोसाइटी कार्यालय आ गया, कुछ देर बाद तीनों दद्दू ध्रुवंशी, लक्की ठाकुर, टिकेश्वर ध्रुव सोसाइटी कार्यालय के अंदर घुसे और पीने खाने के लिये पैसे मांगे। मना करने पर गाली गलौज कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफबीएनएस की धारा 115(2), 119(1), 296, 3(5), 331(4), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

मेहनत और लगन से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है: मानिक

महासमुंद/नवप्रदेश। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 946वीं रैंक हासिल करने वाले ग्राम बेलटुकरी निवासी किसान पुत्र संजय डहरिया से भेंटकर उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संजय डहरिया की यह उपलब्धि न केवल महासमुंद जिले बल्कि पूरे प्रदेश और सतनामी समाज के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता से ग्रामीण अंचल के युवाओं को यह प्रेरणा मिलेगी कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी लगन और परिश्रम से बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस दौरान चंदन डहरिया और मुकेश रात्रे भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी संजय डहरिया को इस उल्लेखनीय सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

जमीन विवाद पर मारपीट, अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सांकरा पुलिस ने जमीन विवाद को लेकर मारपीट के एक मामले में दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को सलडीह निवासी विनीता भोई (28) ने बताया कि उसका मायका ग्राम ढाबाखार में है। मायके में माता-पिता रहते हैं। चार मार्च की दोपहर करीबन 01 बजे वह पति अजय भोई के साथ मायके गई थी, जहां देखा कि पिता सुरेंद्र भोई आंगन में गिरे पड़े थे, उनके दाहिने पैर में गंभीर चोट थी। पूछने पर पिता ने बताया कि चार मार्च को तुरन भोई और उसके पुत्र नीलांबर भोई ने जमीन संबंधी पुरानी बात को लेकर गाली गलौज करते हुए डंडे से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

सरपंच के साथ हाथापाई आंदोलन की चेतावनी

महासमुंद/नवप्रदेश। रेत का अवैध परिवहन का विरोध करने पर सरपंच के साथ हाथापाई और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत भुरकोनी की सरपंच सरिता दीवान ने बताया कि घटना की शिकायत बुंदेली चौकी में दर्ज कराई गई है तथा पुलिस अधीक्षक से भी कार्रवाई की मांग की गई है, लेकिन अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि मामले से नाराज ग्रामीणों ने एक दिन पहले थाने का घेराव भी किया, बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सरपंच ने कहा कि 22 फरवरी को महिला स्वसहायता समूह की बैठक के दौरान गांव में हो रहे रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए लोगों को समझाइश दी जा रही थी। इसी बात को लेकर कुछ लोगों ने विवाद खड़ा कर दिया। शिकायत में बलेस सिन्हा पर धक्का-मुक्की करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। सरपंच ने प्रशासन से रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन पर तत्काल रोक लगाने तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

नारी शक्ति ने फूंका 'संस्कार जागरण' का शंखनाद

नगरी/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगरी ब्लॉक की बहनों ने समाज में फैली कुरीतियों को जड़ से मिटाने और आने वाली पीढ़ी को सुसंस्कृत बनाने का दृढ़ संकल्प लिया। रायपुर जोन प्रभारी सुश्री रूखमणी बंछोर और धमतरी जिला प्रभारी श्रीमती गायत्री बोदेले के नेतृत्व में आयोजित इस 'संपर्क अभियान' ने नारी सशक्तिकरण की एक नई परिभाषा लिखी। वैचारिक क्रांति और स्वाध्याय पर जोर: प्रभारी बहनों ने अपने उद्बोधन में कहा कि सशक्तिकरण केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक भी होना चाहिए। माता जी की जन्मशताब्दी को आधार बनाकर घर-परिवार से व्यसन मुक्ति और कुरीतियों के उन्मूलन की अपील की गई। महिला मंडल को 'नारी जागरण साहित्य सेट' भेंट कर उन्हें 'स्वाध्याय' (नियमित पढ़ने) से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे ज्ञान के प्रकाश से समाज को नई दिशा दे सकें। कस्तूरबा गांधी छात्रावास निर्राबेड़ा में 'बाल एवं किशोर संस्कार शाला' के माध्यम से छात्राओं को आज के सोशल मीडिया के दौर में 'आदर्श विद्यार्थी' बनने के गुर सिखाए गए। युवा सरपंच को भी पंचायत में 'युग सत्संकल्प' के नियमित वाचन हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई, ताकि गाँव का हर नागरिक नैतिक मूल्यों से जुड़ सके।

बिना हेलमेट : मुख्य चौक-चौराहों पर 30 सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी

73 वाहन चालकों का ई-चालान

महासमुंद/नवप्रदेश। सड़क दुर्घटनाओं में सिर पर गंभीर चोट लगने से होने वाली मौतों को रोकने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन के लिए 8 मार्च से बिना हेलमेट पहने बाइक - स्कूटी चलाने वाले 73 लोगों का ई-चालान की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बाइक या स्कूटी चलाते समय पर हेलमेट का उपयोग जरूर करें। और ट्रैफिक रूल्स फॉलो करें, ताकि उनका जीवन सुरक्षित रहे और वे चालानी कार्रवाई से भी बचे रहें।

गौरतलब है कि महासमुंद शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर लगे करीब 30 सीसीटीवी कैमरों के जरिए वाहन चालकों पर निरंतर निगरानी की जा रही है। इसके अलावा आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) के आधुनिक कैमरे भी लगाए गए हैं। इन कैमरों की मदद से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की पहचान कर स्वत: ई-चालान जारी किया जाएगा। ई-चालान सीधे वाहन मालिक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक चालान जारी होने के बाद निर्धारित समय के भीतर राशि का भुगतान करना अनिवार्य होगा। तय समय में भुगतान नहीं करने पर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जा सकता है। साथ ही वाहन के बीमा, फिटनेस प्रमाण-पत्र या अन्य दस्तावेजों के नवीनीकरण के दौरान भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। एएसपी प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि लंबे समय से टू व्हीलर चलाते समय हेलमेट क उपयोग करने का जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बावजूद अभी भी बहुत से लोग हेलमेट को लेकर जागरूक नहीं हैं। जिसका नतीजा यह है कि वर्ष 2024 और 2025 में जिले में कुल 476 सड़क दुर्घटनाओं में 327 लोगों की मौत हुई। इनमें से 297 लोगों की मृत्यु दुर्घटना के दौरान हेलमेट न पहनने के कारण सिर पर गंभीर चोट लगने से हुई।वहीं वर्ष 2026 के पहले दो महीनों में हुई 37 सड़क दुर्घटनाओं में 24 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 20 लोगों की जान हेलमेट नहीं पहनने के कारण सिर पर चोट लगने से हुई। सड़क दुर्घटना में मृत्यु दर में कमी लाने अतिआवश्यक है कि हेलमेट अनिवार्य रूप से पहना जाए। इस नियम का पालन कराने व जीवन को बचाने के लिए ई-चालान चालू किया गया है। पहले दिन 73 लोगों का चालान कटा है।

हाई डेफिनिशन 3 कैमरों से निगरानी

जानकारी के अनुसार शहर में आधुनिक 360 डिग्री वाले 30 कैमरे भी लगाए हैं, जो चारों दिशाओं में घूमकर निगरानी करते हैं। इन कैमरों की खासियत यह है कि ये दूर से ही वाहनों के नंबर प्लेट को पहचानने में सक्षम हैं। बरोंडा चौक, बस स्टैंड, सिटी कोतवाली, अंबेडकर चौक, ओवरब्रिज तुमगांव रोड, नेहरू चौक में ये कैमरे लगाए गए हैं, जहाँ सतत निगरानी हो रही है।

हेलमेट न पहनने पर 500 रुपए का जुर्माना

एएसपी ने बताया कि आज भी देखा गया कि बहुत से लोग बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चला रहे हैं। ऐसे में वे कैमरे में कैद हो सकते हैं और ई-चालान की कार्यवाही होगी। जिन पर 500/- रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। यदि एक से अधिक बार ऐस होता है तो उनका लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

सीतागोटा में जल जीवन मिशन अधूरा, चार साल बाद भी टंकी-पाइपलाइन का काम अटका

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम सीतागोटा में जल जीवन मिशन की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। लगभग दो हजार की आबादी वाले इस गांव में चार वर्ष बाद भी योजना का कार्य पूरा नहीं हो पाया है, जिसके कारण ग्रामीणों को अब भी पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। गर्मी का मौसम नजदीक आते ही 12 वार्ड के लोगों में जल संकट की चिंता बढ़ने लगी है।

ग्रामीणों के अनुसार इस योजना को 27 अक्टूबर 2022 तक पूर्ण किया जाना था। करीब 1 करोड़ 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना के तहत एक पानी टंकी का निर्माण, 486 मीटर पाइपलाइन बिछाने और 363 घरों तक नल कनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया था। हालांकि चार साल बाद भी योजना का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ मीटर पाइपलाइन ही बिछ पाई है और लंबे समय से काम बंद पड़ा है। ग्रामीण विजय टेम्बूरकर, दामोदर बागढे, रजन यादव, गंगा प्रसाद सेवतकर, यशवंत हरदयाल और पंचराम लिल्हारे ने बताया कि गांव में पानी की स्थिति काफी खराब है। अधिकांश लोग आज भी हैंडपंप के पानी पर निर्भर हैं और कई स्थानों पर मटमैला पानी ही उपयोग करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2017 में तत्कालीन विधायक दलेश्वर साहू द्वारा एक पानी टंकी के साथ पांच वार्डों में पानी आपूर्ति की व्यवस्था की गई थी, लेकिन अब वह व्यवस्था भी धीरे-धीरे बंद होने की स्थिति में पहुंच गई है। मार्च की शुरुआत से ही गर्मी बढ़ने लगी है और आने वाले दिनों में पानी की समस्या और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है।

बालका नदी में अवैध रेत उत्खनन से भू-जल स्तर गिरा, ग्रामीणों ने पानी लाने की उठाई मांग

नगरी/नवप्रदेश। नगरी क्षेत्र की बालका नदी में इन दिनों बेखौफ अवैध रेत उत्खनन जारी है, जिससे नदी का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और आसपास के कई गांवों में भू-जल स्तर गिरने लगा है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही नगरी विकासखंड के ग्राम घटूला सहित आसपास के गांवों में जल संकट की स्थिति बनने लगी है।

ग्रामीणों का कहना है कि नदी में पानी की कमी के कारण अवैध रूप से रेत निकासी का काम तेज हो गया है। लगातार रेत निकालने से नदी दिन-ब-दिन गहरी खाई में तब्दील होती जा रही है तथा नदी किनारों का कटाव भी बढ़ रहा है। इसका सीधा असर आसपास के कुओं, तालाबों और भू-जल स्तर पर पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत घटूला, पोड़ागांव, लखनपुरी सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने सोन्दूर नहर की कांटा नाली में बड़ा पाइप लगाकर बालका नदी में पानी लाने की मांग प्रशासन से की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि नाली में बड़ा पाइप लगाकर पानी को बालका नदी तक पहुंचाया जाए, तो नदी का जल स्तर बरकरार रहेगा और क्षेत्र के कुएं तथा तालाब भी सूखने से बच जाएंगे।

गैस सिलेंडर वृद्धि के विरोध में पीएम का फूंका पुतला

महासमुंद/नवप्रदेश। ईरान, इजरायल और अमेरिका युद्ध बीच रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नेहर चौक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। और जमकर नारेबाजी की। महासमुंद जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सरकार पर निशाना साधते हुए इसे आम जनता के बजट पर सीधा हमला करार दिया है। जिलाध्यक्ष यादव ने यह भी कहा कि पहली बार किसी प्रधानमंत्री को बेबस और लाचार देखा है। लगातार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वो निर्णय ले रहे हैं जो हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेना चाहिए।

नेताओं ने कहा हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस से तेल खरीदने एक माह की छूट की घोषणा की है तो देश यह जानना चाहता है की क्या हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को अमेरिका के पास गिरवी रख दिया है जो अमरीकी राष्ट्रपति निर्णय सुना रहे हैं। जनता ने अपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुना है डोनाल्ड ट्रम्प को नहीं। उन्होंने कहा हम प्रधानमंत्री से मांग करते हैं कि महंगाई से परेशान जनता को राहत की जरूरत है ।

महिला एवं बाल विकास के लिए विधायक ने दी सौगात

सभापति प्रकाश की मांग पर विधायक ने की 20 लाख के विकास कार्यों की घोषणा

महासमुंद/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के दौरान जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के सभापति प्रकाश सिन्हा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की सुविधा तथा विभागीय कार्यों के सुचारू संचालन के लिए बसना में एक समुचित आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मांग रखते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल को मांग पत्र सौंपा।

श्री सिन्हा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका बहनें गांव-गांव में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ऐसे में उनके लिए एक स्थायी एवं सुव्यवस्थित भवन की व्यवस्था होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे बेहतर तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। इसके साथ ही उन्होंने महिला एवं बाल विकास कार्यालय के सामने बाउंड्रीवाल निर्माण एवं भवन के जीर्णोद्धार तथा कार्यालय परिसर से बालिका छात्रावास की ओर जाने वाले मार्ग में सीसी रोड निर्माण की भी मांग रखी। सभापति द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र पर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने सकारात्मक पहल करते हुए मंच से ही सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये तथा बाउंड्रीवाल एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु 10 लाख रुपये की घोषणा की। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका बहनों की सुविधा के लिए भवन निर्माण हेतु बजट बनाकर व्यवस्थित भवन बनाने की बात भी कही। साथ ही उपरोक्त मांगों को त्वरित संज्ञान में लेते हुए सौगात प्रदान करने पर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

ट्रक से गुजरात खपाने ले जा रहा 18 किलो गांजा बरामद

■ भुवनेश्वर से 8 हजार रुपए किलो में खरीदा था गांज

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर आबकारी विभाग की टीम ने एक ट्रक से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। ग्राम बैतारी के पास वाहनों की रूटीन चेकिंग के दौरान ओडिशा की ओर से आ रहे ट्रक जीजे-12 बीटी-6441 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक से 18 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया। पकड़े गए ट्रक चालक राजकोट गुजरात निवासी आरोपी इरफान अब्दुलभाई गौरी (40) ने बताया कि उसने ओडिशा के भुवनेश्वर (सुहेला) के पास से गांजा करीब 8 हजार रुपये प्रति किलो के हिसाब से खरीदा था और इसे गुजरात में 25 हजार रुपये प्रति किलो की दर से बेचने की योजना बना रहा था। आबकारी उपनिरीक्षक मिर्जा जफर बेग ने बताया कि ट्रक चालक ओडिशा में सामान खाली करने गया था।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 100 से अधिक महिलाओं का सम्मान, शंकराचार्य भवन में गुंजा ''हम हैं शक्ति, हम हैं नारी''

महिलाएं अपने त्याग, समर्पण और मेहनत से परिवार और समाज को मजबूत बनाती हैं: विधायक

महासमुंद/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एवं बाल विकास विभाग द्वारा ''हम हैं शक्ति, हम हैं नारी'' थीम पर स्थानीय शंकराचार्य भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दिशा दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद सदस्य श्रीमती विजयलक्ष्मी जांगड़े, पार्षद पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, ईश्वरी भोई, रमेश साहू, संदीप घोष, साजन यादव, धर्मेंद्र महोबिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि भारत में नारी को माता का दर्जा दिया गया है और छत्तीसगढ़ को ''महतारी'' कहा जाता है। उन्होने कहा कि वर्ष 1955 में छत्तीसगढ़ से मिनीमाता लोकसभा की पहली महिला सदस्य बनी थीं, जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है। वर्तमान में महासमुंद की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी भी महिला हैं और जल्द ही श्रीमती लक्ष्मी वर्मा राज्यसभा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतों में महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी है और महासमुंद जनपद में 25 में से 19 सीटों पर महिलाएं निर्वाचित हुई हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की जड़ के समान हैं, जो अपने त्याग, समर्पण और मेहनत से परिवार और समाज को मजबूत बनाती हैं। आज महिलाएं ''लखपति दीदी'' बनकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर जोर देते हुए रानी दुर्गावती योजना का उल्लेख किया, जिसके तहत बेटी के 18 वर्ष पूर्ण होने पर 1.50 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दिशा दीवान ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। आजीविका मिशन के माध्यम से लाखों महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और कई महिलाएं ''लखपति दीदी'' बनकर नई पहचान स्थापित कर रही हैं। नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से महिलाएं सशक्त हो रही हैं। सक्षम योजना के माध्यम से महिलाओं को ऋण की सुविधा मिल रही है और महासमुंद में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की पहल से महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नर्सिंग कॉलेज भी खोला जाएगा। कलेक्टर विनय लंगेह ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है।

महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

इस अवसर पर डॉ. अभिलाषा ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एनीमिया, बुखार जैसी समस्याओं को नजरअंदाज न करें तथा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन अवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ मां ही स्वस्थ समाज की आधारशिला होती है। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन, शिक्षा, पंचायत, वन, स्वास्थ्य तथा पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 100 से अधिक महिला अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

न्यूज गैलरी

31 तक सम्पत्तिकर का भुगतान कर अधिभार से बचने आयुक्त ने की अपील

राजनांदगांव। वित्तीय वर्ष समाप्ति एवं लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिये महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा समय समय पर राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर समीक्षाकर राजस्व वसूली की जानकारी लेकर, दिशा निर्देश दिये। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली हेतु संबंधित वार्ड प्रभारी घर घर जाकर एवं निगम के राजस्व कार्यालय में राजस्व वसूली कर रहे है। उन्होंने करदाताओं से चालू वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक अपने बकाया सम्पत्तिकर का भुगतान कर अधिभार से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि करदाता अवकाश के दिनों में भी अपने करो का भुगतान कर सकते है। आयुक्त द्वारा समय समय पर राजस्व विभाग की बैठक लेकर वसूली में तेजी लाने निर्देशित किया जा रहा था, उनके द्वारा समस्त वार्डप्रभारियों की वार्डवार समीक्षाकर शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली के निर्देश दिये जा रहे थे तथा 30 प्रतिशत से कम वसूली पर वार्ड प्रभारियों को वसूली में तेजी लाने समझाईस दी जा रही थी। समझाईस उपरांत भी वसूली कम आने पर कार्यवाही भी की जा रही है, इसके अलावा राजस्व कार्यालय के साथ साथ घर घर जाकर राजस्व वसूली करने कडे निर्देश दिये जा रहे है तथा क्यू.आर. कोड के माध्यम से ऑनलाईन करो की वसूली की जा रही है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने करदाताओं से अपील करते हुये कहा है कि इस वित्तीय वर्ष में करो का भुगतान करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धरित की गयी है।

सिंघोला में आज पंथ हुजूर उदित मुनि का आगमन, एकत्रित होंगे कबीर पंथी समाज

टेड़ेसरा/राजनांदगांव। जिले के ग्राम सिंघोला में सदगुरु कबीर धनी

धर्मदास वंशावली प्रतिनिधि सभा दामाखेड़ा से सोलहवें वंश प्रतापाचार्य पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहब के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में हर्ष उल्लास देखने को मिल रहा है। जिनका आज 1 बजे है। दो दिवसीय संत समागम जिसमें कलश यात्रा मुख्य प्रवेश द्वारा से होते हुए सभा स्थल धर्म नगरी मां भानेश्वरी धरा- धाम मिनी स्टेडियम में पहुंचेंगे इस द्रव्यमान सदगुरु कबीर कुटी का लोकार्पण पंथ हुजूर साहब के कर कमलों से संपन्न होगा तत्पश्चात सभा को संबोधित करते हुए। आशीष वचन एवं दर्शन, भेट बंदगी संत जनों को देंगे। इसी कड़ी में आगामी दूसरे दिन आनंदी चौका आरती पंथ श्री हुजूर साहब के कर कमलों से संपन्न होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने आयोजन में जिला प्रतिनिधि एवं परी क्षेत्रीय, आमीन माता महिला मंडल, नवयुवक मंडल व समस्त ग्रामवासी कार्य करने जूटे हुए हैं। पंथ हुजूर साहब , सदुरु कबीर साहब का अलख जगाने के उपदेश से जन जन तक पहचाने लगातार हमारे वंश प्रतापाचार्य सतगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली मिशन लगातार प्रयास किया जा रहा है।

सोनपुरी के लीलेश्वरी एवं सोहद्रा पाल का राज्यपाल डेका ने किया सम्मान

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के राज्यपाल गोदग्राम सोनपुरी की लीलेश्वरी वर्मा एवं सोहद्रा पाल का लोकभवन रायपूर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यपाल रमेन डेका द्वारा सम्मान किया गया । कार्यक्रम में राज्य भर से 280 महिलाओं में सोनपुरी के लीलेश्वरी वर्मा को उनके द्वारा ग्राम में महिलाओं के लिए किये जा रहे कार्य एवं लखपति दीदी के रूप में अपनी पहचान बनाते हुए किराना व्यवसाय से अपनी आजीविका गतिविधि के लिए और सोनपुरी की सोहद्रा पाल को बकरी पालन के क्षेत्र में कार्य करने के साथ-साथ ग्राम में महिलाओं को एकत्रित कर स्वच्छता, आजीविका एवं सामाजिक कार्य से जोडने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। राज्यपाल डेका ने अपनी बातों को रखते हुए महिलाओं को सशक्त होकर आगे आकर काम करते हुए राज्य व देश की विकास में भागीदारी देने की अपील की। उन्होने कहा कि सभी लोग एक काम ऐसा करें जिसमें आत्म संतुष्टि मिले जिसमें हम देने का काम करें जैसे अपने आस पास की सफाई करें।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला देवांगन मंडल का हुआ सम्मान

कवर्धा/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देवांगन सामाजिक भवन परमेश्वरी मंदिर प्रांगण सकरहा घाट में जिला देवांगन समाज कबीरधाम द्वारा महिला देवांगन मंडल कवर्धा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन के नेतृत्व में किया गया, जिसमें महिला मंडल के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव रमेश देवांगन ने किया। उन्होंने बताया कि देवांगन समाज में महिला संगठन का गठन पहले से था, लेकिन वह केवल कागजी रूप में संचालित हो रहा था। इस वर्ष महिलाओं ने संगठन को सक्रिय और सशक्त बनाते हुए परमेश्वरी महोत्सव और परमेश्वरी पुराण के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिला मंडल की सदस्याओं ने घर-घर जाकर समाज के लोगों को महोत्सव और पुराण के आयोजन में शामिल होने के लिए प्रेरित किया, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

रमेश देवांगन ने कहा कि महिलाओं की इस सक्रियता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला देवांगन मंडल का सम्मान करने का निर्णय लिया। इस दौरान नगर के पदाधिकारियों, युवाओं और वरिष्ठजनों की उपस्थिति में महिलाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में समाज के इतिहास और उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि युवा देवांगन समाज का गठन वर्ष 1994 में समाज के उत्थान के उद्देश्य से किया गया था। इसी संगठन के प्रयासों से सकरहा घाट स्थित इस स्थान को समाज के लिए आरक्षित कराया गया, जहां आज समाज के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वहीं वर्ष 2003 में जिला देवांगन समाज का गठन हो ने के बाद पूरे जिले में भ्रमण कर बिखरे समाज को एकजुट करने का कार्य किया गया। वर्तमान में जिला संगठन द्वारा भोजली तालाब के पास लगभग 30 लाख रुपये की लागत से बने भवन का लोकार्पण कराया जा चुका है, जबकि 8 लाख रुपये के कार्य अभी प्रगति पर हैं।

जिला अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन ने अपने संबोधन में महिला संगठन को बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं ने समाज को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने भविष्य में भी संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए सभी को संगठित होकर कार्य करने की अपील की।कार्यक्रम में महिला सचिव सुनीता अशोक देवांगन, सुनीता श्याम लाल और युवा अध्यक्ष लोकनाथ देवांगन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में शिवकांति देवांगन ने आभार व्यक्त करते हुए जिला देवांगन समाज का धन्यवाद किया।

अफीम की खेती और गैस सिलेंडर के बढ़े दामों का विरोध, कांग्रेस का प्रदर्शन

खैरागढ़/नवप्रदेश। भाजपा नेता द्वारा अफीम की खेती और गैस सिलेंडरो के दाम बढ़ाए जाने के विरोध मे कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुतला दहन कर प्रेस वार्ता आयोजित कर केन्द्र और राज्य सरकार को जमकर कोसा । स्थानीय अंबेडकर चौक मे जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू की अगुवाई मे जूटे कांग्रेसियों को पुतला दहन करने से पुलिस ने तत्परता से रोक दिया इस दौरान पुतला दहन नही कर पाए कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी करते डबल इंजन की सरकार को जनविरोधी बताते गैस सिलेंडर के दामों को कम करने और अफीम की खेती मे पकड़ाए भाजपा नेता सहित आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की

मांग की । इस दौरान पुतला बचाने मे पुलिस कामयाब रही तो दूसरी ओर पुतला दहन के लिए छीना झपटी मे कांग्रेस नेता कोमल के बाल झुलस गए ।

झूठे वादो की पोल खुल रही

प्रेस कांफ्रेस मे जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि झूठे वादो के सहारे सत्ता मे आई केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार से देश का हर वर्ग हलाकान है । साहू ने कहा कि समोदा मे भाजपाई ही अफीम की खेती करते पकड़ाए है जिससे साबित होता है कि राज्य सरकार प्रदेश मे नशे का जाल बिछा कर जनता को गुमराह करने मे जूटी है। साहू ने कहा कि नशे की खेती करने वाले भाजपा नेता को मुख्यमंत्री मंत्री सहित भाजपा का पूरा संरक्षण है। आरोपी ने गांव के सरपंच के खिलाफ जमकर शिकायत कर उसे जेल तक भेजने का प्रयास किया। प्रदेश मे नशे के कारोबार को सरकार का सरंक्षण मिला है। इसके चलते कार्यवाही नही होने से प्रदेश भर मे सूखे नशे का धंधा बढ़ रहा है । गैस सिलेंडर के बढ़े दामो पर भी साहू ने सरकार पर जनता को परेशान करने का आरो लगाते कहा कि इससे प्रदेश भर के गरीब परिवारो का बजट गडबड़ा जाएगा। कांग्रेस ने इस दौरान केन्द्र और राज्य सरकार की निंदा करते दोनो सरकार को निकम्मी बताया । प्रेस वार्ता मे पूर्व विधायक गिरवर जंघेल,मिहिर झा, मन्नू चंदेल, डा अरूण भारद्वाज, भीखमछाजेड़, आकाशदीप सिंह, संदीप सिरमौर, रामकुमार पटेल, जितेन्द्र सिंह गौर, हिमांचल सिंह सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे ।

अवैध संबंध के शक में हत्या दो नाबालिग सहित 8 गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश। अवैध संबंध के शक मे बिल्डिंग ठेकेदार की पीट पीट कर हत्या करने के आरोपियों को पुलिस ने तत्परता दिखाते गिरफ्तार किया है । घटना रविवार देररात की बताई गई है। पुलिस से मिली जानकारी मुताबिक बिल्डिंग ठेकेदारी का काम करने वाले तुलाराम पटेल 45 वर्ष निवासी किलापारा खैरागढ़ अपने साथ काम करने वाली महिला मजदूर को काम के बाद अक्सर उसे छोडने उसके गांव गाड़ाडीह जाया करता था। 8 मार्च रविवार को भी तुलाराम बिल्डिंग कार्य पूरा होने के बाद महिला मजदूर को उसके गांव छोडने अपनी बाइक से गया था । इसी दौरान गांव पहुँचने पर गांव के कुछ लोगो द्वारा तुलाराम पर अवैध संबंध का शक जताते हूए गालीगलौच कर जमकर मारपीट

कर दी। मारपीट से तुलाराम को गंभीर चोंट आई थी जिसके बाद उसे आनन फानन मे सिविल अस्पताल मे भर्ती कराने लाया गया था। जांच के दौरान चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। कार्यवाही करते आरोपी कीर्तन यादव 35 वर्ष, समय यादव 45 वर्ष, आशीष यादव 42 वर्ष, रूपलाल वर्मा 26 वर्ष, पल्टन वर्मा 60 वर्ष, और पवन वर्मा 35 वर्ष के साथ साथ दो नाबालिग आरोपियों को भी गिरफ्तार किया और सभी आरोपियों को न्यायालय मे प्रस्तुत न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है।

मोतिमपुर में जुआ खेलते 3 जुआरी गिरफ्तार

कवर्धा/पंडरिया। थाना पंडरिया पुलिस ने जुआ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम मोतिमपुर में जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नगदी रकम, ताश की गड्डी और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 मार्च 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना पंडरिया क्षेत्र के ग्राम मोतिमपुर में आनंद बघेल के घर के सामने सार्वजनिक स्थान पर कुछ लोग ताश-पत्ती से हार-जीत की बाजी लगाकर 'काट पत्ती' नामक जुआ खेल रहे हैं।

सूचना पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की और जुआ खेल रहे तीन लोगों को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि कुछ अन्य जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पुलिस ने मौके से आनंद बघेल (37 वर्ष) पिता सोहन बघेल, राज भास्कर (21 वर्ष) पिता मनकेराजा और धन्नू बघेल (33 वर्ष) पिता रमेश बघेल सभी निवासी ग्राम मोतिमपुर थाना पंडरिया जिला कबीरधाम को गिरफ्तार किया। उनके पास से और जुआ फड़ से कुल 7220 रुपये नगद, 52 पत्ती ताश और दो मोबाइल हैंडसेट जब्त किए गए। आरोपियों के मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस फरार हुए अन्य जुआरियों की तलाश में जुटी हुई है। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक मोहन खुटे, आरक्षक सुनील घृतलहरे, हुकुम माथुर, आकाश भोई, राजू चंद्रवंशी, अभिषेक शर्मा और हरनारायण चेलकर का विशेष योगदान रहा।

पूर्व सांसद अभिषेक ने स्व. सिंह को दी श्रद्धांजलि

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजयुमो प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह के दादा स्व. प्रेम बहादुर सिंह के निधन पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शोकाकुल परिवार से मिलने उनके निवास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। अभिषेक सिंह ने स्व. सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी, सेवा और सामाजिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि किसी प्रियजन को खोने का दुख शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता, लेकिन इस कठिन समय में पूरा समाज शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने मोनू बहादुर सिंह सहित सभी परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में धैर्य और साहस बनाए

रखना ही सबसे बड़ा संबल होता है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान मौजूद लोगों ने भी स्वर्गीय प्रेम बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 163/202508103800001 /अ-20(1)/ वर्ष 2025-26

आवेदिका प्रतिमा मन्ना पति स्व0 असित मन्ना एवं अन्य निवासी ब्राम्हणपारा दुर्ग की ओर से अधिवक्ता व्दारा पेश आवेदन अनुसार दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट कं0 29 सी भूखण्ड कं0 147/2, 147/3 कमशः क्षेत्रफल 52.32, 5.29 वर्गमीटर कुल क्षेत्रफल 57.61 वर्गमीटर भूमि धारकगण श्रीमति प्रतिमा मन्ना पति स्व0 असित मन्ना व आलपना माजी ध.प. सुजीत माजी के संयुक्त नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड का पट्टा मार्च 2002 को समाप्त हो चुका है। आवेदकगण द्वारा प्रश्नाधीन उक्त भूखण्ड के पट्टे का नवीनीकरण आगामी वर्षों के लिए किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.03.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

सूचना-पत्र

रा.प्र.क्र.202505104300088 /अ-27/वर्ष 2025-26

ग्राम-पोटिया, प.ह.न.07, तह. अहिवारा प्रति, गोदावरी पिता स्व. श्री सालिकराम साहू, निवासी तह. अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी जुगुतराम साहू पिता सालिक राम, निवासी-पोटिया, तहसील अहिवारा जिला दुर्ग द्वारा अधिनस्थ न्यायालय तहसीलदार अहिवारा के प्रकरण क्रमांक 20240410400049/अ-27/ वर्ष 2023-24 पक्षकार पिताम्बर साहू विरूद्ध रिखीराम व अन्य में पारित आदेश दिनांक 30.10.2024 से क्षुब्ध होकर यह अपील ज्ञापन अपने अधिवक्ता के माध्यम से छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 44 (1) के तहत् आवेदन साथ में छ.ग.भू-राजस्व संहिता अंतर्गत धारा 05 अंतर्गत शपथ पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 11.03.2026 को सुबह 11:00 बजे सुनवाई हेतु नियत है।

चूंकि आप प्रकरण में हितबद्ध पक्षकार है। अतः यदि आप उक्त संबंध में अपना पक्ष रखना चाहते है, तो स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से नियत तिथि एवं समय तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यह सूचना आज दिनांक 25.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद्?मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-3 (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 2026031010000 /ब-121/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती पूनम भाटिया पति स्व. तरूण भाटिया निवासी रिसाली द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि खसरा नं. 2629/15 रकबा 0.020 हे. भूमि आवेदक के पति के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारीसानो का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 30.03.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202602101000058 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्रं.202602101000058/अ-6/वर्ष 2024-25 में आवेदिका/आवेदक मिलिंद कुमार पाटिल पिता/पति स्व. भानुदास पाटिल निवासी शांतिनगर सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 7761/2, 7833 रकबा 0.010, 0.010 हे. है। जो भूमिस्वामी भानुदास पाटिल आ. स्व. नारायण पाटिला के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी भानुदास पाटिल आ. स्व. नारायण पाटिला की मृत्यु दिनांक 06.11.2016 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 09.03.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202602100700125 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण/वसीयत प्राप्तकर्तागण श्रीमती खेमलता रजक पति कृष्णा रजक, श्रीमती उषा बाई पति रोहित कुमार निर्मलकर, श्रीमती मौसमी पति मधु रजक, श्रीमती रश्मि रजक पति जीवन लाल निर्मलकर, मधु रजक पति तामेश्वर निर्मलकर निवासी दीपक नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 1327/3, 1327/8 रकबा क्रमशः 0.013, 0.023 हे. भूमि जो कि वसीयतकर्ता माखन लाल रजक पिता वीर सिंह निवासी पुराना आमापारा, मोहन नगर दुर्ग के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता माखन लाल रजक पिता वीर सिंह के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 16/06/2011 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के खातेदार वसीयतकर्ता की मृत्यु दिनांक 04/04/2023 को हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202602101000237 /अ-6अ/वर्ष 2025-26

इस न्यायालय का रा.प्र.क. 202602101000237/अ-6(अ) वर्ष 2025 26 आवेदक छन्नूलाल पिता -श्री शंकर लाल तिवारी निवासी हाउसिंग बोर्ड मिलाई तह. व जिला दुर्ग ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46. रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1574/138 रकबा 0.010 हे. भूमि को विकेता सुरेन्द्र कुमार जैन आ. डालचंद जैन से रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से कय किया गया था। नामांतरण पश्चात ऋण पुस्तिका में आवेदक का नाम दर्ज था, किन्तु वर्तमान ऑनलाईन अभिलेख में केता के स्थान पर विक्रेता का नाम प्रदर्शित हो रहा है, जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.03.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202602101000213/अ-6अ/सन्- 2025-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-आर. राजकिशोर/अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आर. राजकिशोर पिता/पति/विभाग श्री मरी दास पता-भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46 स्थित भूमि खसरा नं. 943/3, 943/4 रकबा 0.010 है, जिसे आवेदक ने ऋय कर भूमि का नामांतरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त कर लिया है किंतु आ नलाईन के खसरा, बी। में अपना दर्ज नहीं है का लेख करते हुए नाम दर्ज कर रिकार्ड अद्यतन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।।

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 09.03.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है! निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202603103800001 /अ-20(1)/ वर्ष 2025-26

आवेदक तामेश्वर प्रसाद वर्मा पिता स्व. टीका राम वर्मा, निवासी हुडको भिलाई के आवेदन अनुसार आमदी नगर हुडको भिलाई स्थित नजूल भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का भाग, प्लाट नं. एम.आई.जी. 1/757, क्षेत्रफल 150.00 वर्गमीटर भूमि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा टीकाराम वर्मा के नाम पर आबंटित है। धारक की मृत्यु दिनांक 03.06.2002 एवं उनकी पत्नि की मृत्यु दिनांक 24.10. 2017 को हो चुकी है। उनके वारिसान पुत्र-पुत्री तामेश्वर प्रसाद वर्मा, कीर्ति वर्मा, तुलसी वर्मा, सीमा वर्मा पिता टीकाराम वर्मा है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण करते हुए नवीन पटटा प्रदाय किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.03.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202602101000216/अ-6अ/सन्- 2025-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00045 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-गणेश राम /अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेश राम पिता/पति/विभाग श्यामलाल साहू पता-कोहका तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि खसरा नं. 53/7 रकबा 0.020 हे. जिसे आवेदक ने ऋय कर भूमि का नामांतरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त कर लिया है किंतु आनलाईन के खसरा, बी-1 में अपना दर्ज नहीं है का लेख करते हुए नाम दर्ज कर रिकार्ड अद्यतन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 19.03.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है! निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202602103000028 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीवन सिंह पिता मुक्तावन दास व अन्य 09 निवासी 115 वार्ड नं. 06 डूमरडीह तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा पाउवारा प.ह.नं. 55 रा.नि.मं. उत्तई स्थित भूमि ख. नं. 942 रकबा 0.75,हे. मेहतरीन बाई पति मुक्तावन दास के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। मेहतरीन बाई पति मुक्तावन दास की मृत्यु दिनांक 04/09/2025 को हो गया है। राजस्व अभिलेख से मेहतरीन बाई पति स्व मुक्तावन दास का नाम विलोपित कर उसके विधिक वारीशानगण/आवेदकगण अहेलमती, भागचंद व किशन लाल बांधे, अयोध्या प्रसाद, टीकम राम, लेख सिंह, टेक सिंह, जीवन सिंह, रम्भा बाई व इंद्र बाई का नाम फौती / नामांतरण दर्ज किये जाने आवेदन पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ती आमना खान (AAMNA KHAN) पति मोहम्मद शादाब (MOHAMMAD SHADAB) उम्र 21 वर्ष, निवासी मकान नं. 105, बजरंग पारा, वार्ड नं. 08, कोहका सुपेला भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक स्तुत करती हूं कि यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम हेमलता वर्मा (HEMLATA VERMA) पिता कामता प्रसाद वर्मा (KAMTA PRASAD VERMA) दर्ज है तथा मेरे अंकसूची में मेरा नाम होमलता वर्मा (HOMLATA VERMA) पिता कामता प्रसाद वर्मा (KAMTA PRASAD VERMA) दर्ज है, जो दोनो नाम एक ही महिला का नाम है। ये कि मेरा विवाह दिनांक 21.02.2026 को हो चुका है तब से मैं अपना पुराना नाम हेमलता वर्मा (HEMLATA VERMA) एवं होमलता वर्मा (HOMLATA VERMA) को परिवर्तित कर अपना या नाम अर्थात विवाह पश्चात वाला नाम आमना खान (AAMNA KHAN) पति मोहम्मद शादाब (MOHAMMAD SHADAB) रख ली हूं, अब मुझे यही नामों से जाना पहचाना व पुकारा जाता है। यह कि मैं अपने आधार कार्ड एवं समस्त दस्तावेजों में व भविष्य के दस्तावेजों में अपना विवाह पश्चात वाला नाम आमना खान (AAMNA KHAN) पति मोहम्मद शादाब (MOHAMMAD SHADAB) को दर्ज करवाना चाहती हूं जिसके सत्यता के समर्थन में यह शपथपत्र गजट प्रकाशन हेतु श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता — आमना खान पति मोहम्मद शादाब निवासी मकान नं. 105, बजरंग पारा, वार्ड नं. 08, कोहका सुपेला भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202602101200046 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जा है कि आवेदक घनश्याम साहू पिता बिसराम साहू निवासी चंदखुरी के द्वारा ग्राम चंदखुरी प.ह.न. 37 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 916/6 रकबा 0.101 हे. भूमि को दानकर्ता बिसराम आ. भंवर सिंह निवासी चंदखुरी से दानपत्र बैनामा दिनांक 15.10.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202602101200041 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जा है कि आवेदक सुरेश आ. स्व. सोनऊ निवासी ग्राम चंदखुरी तह व जिला दुर्ग (छ.ग) के द्वारा ग्राम चंदखुरी तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 97/2, 148, 150, 170 रकबा 0.0900, 0.1600, 0.2200, 0.1240 हे. भूमि जो कि डिहार एवं राजकुमार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु दिनांक 30.07.2025 एवं 23.04.2025 को हो जाने पर फौती दर्ज कर वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र में प्रस्तुत गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202602101000216/अ-6अ/सन्- 2025-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00045 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- अनिल पाटिल/अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल पाटिल पिता/पति/ विभाग स्व. मंथिर लाल पता-भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग की भूमि पुराना ख.न. 246/3 रकबा 2.46 हे. जिसका खसरा न. 1263, 1264, 1265, 1266, 1267, 1268, 1269, 1270, 1271, 1272, 1273, 1274, 1277. 1278, 1279, जो की मूल नक्शे के अनुसार काबिज है एव वर्तमान में 1259/1 रकबा 0.3800 हे. भूमि को वर्तमान नक्शे में किसी अन्य जगह में दर्शाया गया है इस पर से मूल नक्शे के साथ त्रुटी हुआ है भूजिसे त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है!

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 24.03.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है! निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.03.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 03 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00023 खपरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण आर.डी. 202526430100400004

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00023 के अंतर्गत ग्राम खपरी के वर्तमान भूमिस्वामी गोपाल पिता/पति बिसौहा पता खपरी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 138/1(0.0900), 401/1(0.2300), 407/3(0.2600), 556/2(0.1200), 723/1(0.0900) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मुन्नी साहू पिता/पति स्व. गोपाल साहू पता खपरी, तीरित बाई साहू पिता/पति स्व. गोपाल साहू पता खपरी, जगन्नाथ साहू पिता/पति स्व. गोपाल साहू पता खपरी, खोमु साहू पिता/पति स्व. गोपाल साहू पता खपरी, हेमाबाई साहू पिता/पति बेवा स्व. गोपाल साहू पता खपरी, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.03.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202602101000 /ब-121/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निन्दु साहा उर्फ निन्दु साहा पिता स्व. निखिल कुमार साहा निवासी सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका, प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 8149 रकबा 3600 वर्गफीट भूमि आवेदक के पिता के नाम पर भूमिस्वामी के रूप में दर्ज है, उक्त आवेदित भूमि के भूमिस्वामी की मृत्यु होने से मृतक भूमिस्वामी के द्वारा मृत्यु पूर्व अपने जीवनकाल में पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया था, भूमिस्वामी की मृत्यु होने पर आवेदित भूमि को पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.03.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

विधायक रोहित साहू ने कंडरा आदिवासी समाज के भवन निर्माण का किया भूमिपूजन

■ **समाज में हर्ष की लहर**

राजिम/नवप्रदेश। राजिम के पुराने मेला मैदान के समीप विधायक रोहित साहू ने कंडरा आदिवासी समाज के नवीन सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु विधि-विधान से भूमिपूजन किया। लगभग 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाला यह भवन समाज के शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक प्रमुख केंद्र बनेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कंडरा आदिवासी समाज के अध्यक्ष विजय कंडरा, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, वार्ड के पार्षद तुषार कदम आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक रोहित साहू ने शिला पूजन और नींव की खुदाई कर किया। इस अवसर पर कंडरा समाज के प्रमुख पदाधिकारियों और भारी संख्या में सामाजिक बंधुओं ने विधायक का भव्य स्वागत किया। स्थानीय समाज में इस बात को लेकर विशेष उत्साह देखा गया कि लंबे समय से लंबित इस मांग को विधायक ने प्राथमिकता के साथ पूरा किया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब उनके पास विचार-विमर्श और एकजुट होने के लिए एक उचित स्थान हो। कंडरा समाज अपनी कला और संस्कृति के लिए जाना जाता है। यह

भवन समाज के भविष्य और एकता का प्रतीक बनेगा। 25 लाख रुपए की यह राशि समाज के कल्याण के लिए एक समर्पित निवेश है। यह सामुदायिक भवन सर्वसुविधायुक्त होगा, जिससे विवाह, बैठकें और सामाजिक उत्सवों के लिए सर्वसुलभ स्थान प्राप्त होगा।

समाज ने जताया आभार

कंडरा आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस भवन के निर्माण से समाज की वर्षों पुरानी समस्या दूर होगी। उन्होंने इसे क्षेत्र के सामाजिक विकास के लिए एक मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नेहरू साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, पार्षद आकाश राजपूत, राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष छाया राही, पार्षद भरत यादव, सोमनाथ पटेल, बलराम पटेल, संजीव साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख, और बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

प्रतियोगिता के लिए पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय की टीम भोपाल रवाना

कुरूद/नवप्रदेश। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छत्तीसगढ़) की नेटबॉल पुरुष टीम अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए SAGE University Bhopal, भोपाल के लिए रवाना होगी। यह प्रतियोगिता 09 मार्च 2026 से 13 मार्च 2026 तक आयोजित की जा रही है। विश्वविद्यालय की ओर से चयनित खिलाड़ियों में धीरेंद्र कुमार, अजीत, प्रदीप चौहान, शैलेन्द्र साहू, उमेश साहू, सुजल देवांगन, लालाराम, दिनेश, हिमांशु, मधुकांत, हेमन सिंह तथा सुनील शामिल हैं। ये खिलाड़ी विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम मैनेजर डॉ. विनय कुमार यादव, नेता जी सुभाष महाविद्यालय, अभनपुर, कोच श्री गोपाल साहू , व्यायाम शिक्षक, शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय, परखंदा के साथ रवाना हुई। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा संचालक ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएँ दीं और उम्मीद जताई कि टीम विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेगी।

कुरुद तहसील ब्राह्मण सामाज ने मनाया होली मिलन

कुरूद/नवप्रदेश। स्थानीय काली मंदीर में तहसील ब्राह्मण सामाज के विप्र जनो ने होली मिलन समारोह किया। जहां एक को गुलाल लगा कर मिठाई खिलाकर बधाई दिये।इस दौरान होली की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए जिला प्रतिनिधि राजेन्द्र श्रोती, भूपेंद्र मिश्रा, जगजीवन मिश्रा, कुरुद तहसील ब्राह्मण सामाज अध्यक्ष कमलेश तिवारी, सचिव लक्ष्मी कांत द्विवेदी, आशीष शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपसी सदभाव, प्रेम सहित सत्य व अहिंसा के जीत का प्रतीक होली त्यौहार हमारे देश में बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है। क्षेत्र वासियों को विप्र जनो ने बधाईयां दिये।इस अवसर पर हैग्रीव प्रसाद शर्मा, देवकांत द्विवेदी, कमल शर्मा,नन्द कुमार पांडे ,महेश शर्मा, अशोक शर्मा, रवि शर्मा,कोमल शुक्ला, नीरज शुक्ला,अनिल झा, प्रमोद दुबे,दुर्गेश द्विवेदी,मनुराज शर्मा, प्रकाश त्रिपाठी सहित अनेक विप्र जन उपस्थित थे।

अखंड ब्राम्हण समाज ने किया व्यंजन मेला का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति नारी प्रकोष्ठ द्वारा छत्तीसगढी व्यंजन मेला हाट बाजार का आयोजन पुष्प मंगलम भवन में किया गया। नारी शक्ति की रचनात्मकता कला कौशल को परिभाषित करते हुए तथा आत्मनिर्भरता का विराट संदेश प्रसारित करते हुए गत दिनों संपन्न हुए छत्तीसगढी व्यंजन मेला एवं हाट बाजार अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति नारी प्रकोष्ठ की नव नियुक्त अध्यक्ष शिवानी शर्मा के नेतृत्व में विविध आयोजनों के माध्यम से रचनात्मकता का संदेश प्रसारित करने वाली समिति इस आयोजन के माध्यम से भी विराट संदेश प्रसारित करने मे सफल हुई। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी ममता दीवान एवं सरिता रानी शर्मा ने बताया कि इस व्यंजन मेला एवं हॉट बाजार मे,लगभग 20 स्टॉल लगाये गए थे जिसमें खानपान संस्कृति कलाकृति की मनोरम झलकी नजर आई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीपप्रज्वलन एवं पूजन अर्चन से प्रारंभ हुआ। आयोजन मे अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष शिवानी शर्मा के नेतृत्व एवं प्रांत उपाध्यक्ष उषा मिश्रा सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन मे किया गया। इस व्यंजन मेला मे बिलासपुर से प्रांत पदाधिकारी चित्रा तिवारी एवं टीम, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा व्याख्यान दिवाकर आचार्य झम्मन शास्त्री,पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा,वीरेंद्र शर्मा, बंसत भृगु सुशील शर्मा , महेश उपाध्याय, सत्यनारायण जोशी,अटल त्रिवेदी शरद भृगु सुनील दुबे ,मनीष मिश्रा आदि अतिथि के रुप मे गरिमामय उपस्थिति रही वहीं तिल्दा एवं मुंगेली की नव गठित कार्यकारणी के पदाधिकारियों की अहम उपस्थिति रही।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग 12 को रायपुर में करेगी महा जन-सुनवाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग रायपुर कार्यालय द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए 12 मार्च 2026 को रायपुर में महा जन-सुनवाई आयोजित की जाएगी। इस जन-सुनवाई में रायपुर संभाग के गरियाबंद, रायपुर, बलौदाबाजार, धमतरी और महासमुंद जिलों से प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। महिला आयोग की गठित न्यायपीठ के अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक के साथ सदस्य श्रीमती लक्ष्मी वर्मा एवं श्रीमती सरला कोसरिया उपस्थित रहकर मामलों की सुनवाई करेंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार महा जन-सुनवाई 12 मार्च 2026 को प्रात: 10:00 बजे से छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग कार्यालय, रायपुर में आयोजित की जाएगी। इस दौरान गरियाबंद जिले के कुल 15 प्रकरण की सुनवाई निर्धारित की गई है।

चिटफंड कंपनियों के जाल में फंसे नगरी ब्लॉक के 41,218 निवेशक, ठगी का हुए शिकार

शासन-प्रशासन को अल्टीमेटम, पैसा वापस नहीं मिला तो होगा उग्र आंदोलन

नगरी/नवप्रदेश। चिटफंड कंपनियों में जमा अपनी गाढ़ी कमाई वापस दिलाने की मांग को लेकर नगरी ब्लॉक के हजारों निवेशकों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है। निवेशकों का कहना है कि यदि जल्द ही उनका पैसा वापस नहीं किया गया तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

निवेशकों ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में लगभग 20 लाख निवेशक परिवार चिटफंड कंपनियों की ठगी का शिकार हुए हैं। वहीं नगरी ब्लॉक के 41,218 निवेशक परिवार भी इस ठगी से प्रभावित हुए हैं। निवेशकों का कहना है कि अनियमित निक्षेप जमा योजना पाबंदी कानून 2019 संसद द्वारा बनाया गया है, जिसमें निवेशकों के जमा धन की सुरक्षा और वापसी की गारंटी का प्रावधान है। कानून के अनुसार निवेशकों को 180 दिनों के भीतर जमा राशि का दो से

41 हजार निवेशकों की जमा राशि लौटाने की मांग

निवेशकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि अनियमित निक्षेप जमा योजना पाबंदी कानून 2019 को तत्काल लागू करते हुए नगरी ब्लॉक के 41,218 निवेशक परिवारों की जमा राशि वापस कराई जाए। इसके लिए तहसील स्तर पर काउंटर खोलकर निवेशकों को जल्द भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई है। निवेशकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

तीन गुना तक भुगतान करने की व्यवस्था बताई गई है, लेकिन छत्तीसगढ़ में अभी तक इस कानून को प्रभावी रूप से लागू नहीं किया गया है।

निवेशकों के अनुसार छत्तीसगढ़ अभिकर्ता सेवा संघ द्वारा वर्ष 2015 से लगातार जिला कलेक्टर, जनप्रतिनिधियों और मंत्रिमंडल को कई बार आवेदन व ज्ञापन सौंपा जा चुका है। इसके अलावा शांतिपूर्ण रैली, प्रदर्शन, जेल भरो आंदोलन, धमतरी से रायपुर पदयात्रा और रायगढ़ से रायपुर पदयात्रा जैसे कई आंदोलन भी किए जा चुके हैं।

बताया गया कि 26 नवंबर 2025 को किसानों की पांच सूत्रीय मांगों के साथ चिटफंड निवेशकों के जमा पैसे की वापसी के लिए नगरी के कर्राघाटी चौक में चक्काजाम प्रदर्शन भी किया गया था। वहीं 16 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकार को संबंधित कानून का पालन करने के निर्देश दिए जाने के बाद भी अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

इस संबंध में चंदन लाल साहू, भोजराम नाग, तेज कुमार साहू, हेमलाल साहू, मधुराम, राधेश्याम, शिवनाथ नागवंशी, राकेश कोडोपी, अमर सिंह कमार, छन्नू राम साहू, भगवान सिंह, सुरेंद्र कुमार, सुखराम साहू, मनोहर ग्वाले, मनोज प्रजापति, लखन साहू, मानसिंह साहू, धनराज साहू, हिरू लाल, अशोक ग्वाले, बुधराम, प्रेमलाल, चरण सिंह, महेंद्र ध्रुव, तरुण कुमार, चंद्रभान, दिनेश कुमार, लक्ष्मीनाथ, ललित कुमार, रामसिंह, मनोज कुमार, लखमी बाई, धुनीराम, फ्लेश ग्वाले सहित नगरी-सिहावा क्षेत्र के समस्त निवेशकों ने शासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के भवन पुष्प मंगलम में समाज का होली मिलन और वरिष्ठ महिला एवं विभिन्न संस्थानों में कार्यरत महिलाएं व बालिकाओं का सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, इस कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय परम्परा एवं औषधि पादप बोर्ड के नवनियुक्त उपाध्यक्ष व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रदेश संयोजक अंजय शुक्ला का स्वागत किया गया तथा समाज के होली मिलन कार्यक्रम में उनका समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा सम्मान किया गया। होली मिलन एवं विश्व महिला दिवस पर समाज की वरिष्ठ महिलाओं, विभिन्न संस्थाओं में कार्यरत महिला एवं बालिकाओं का सम्मान कार्यक्रम में रायपुर से कान्यकुब्ज सभा एवं शिक्षा मंडल के पूर्व अध्यक्ष अरुण शुक्ला, वर्तमान अध्यक्ष सुरेश मिश्रा , सचिव राजेश दीक्षित , नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, रज्जन अग्निहोत्री, अनुराग पाण्डेय , लखन बाजपेयी एवं स्थानीय स्तर पर समाज के संरक्षक बसंत पांडेय नंदकिशोर तिवारी समाज के अध्यक्ष अटल त्रिवेदी, उपाध्यक द्वय राजीव तिवारी, शैलेश तिवारी, मनोज मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकांता तिवारी, सचिव श्रीमती साधना मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती शशि दुबे, श्रीमती प्रेमलता मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

सुपर सीनियर में श्रीमती गंगा देवी तिवारी श्रीमती सुशीला त्रिवेदी के विशेष सम्मान के साथ साथ 65 वर्ष से अधिक आयु एवं विभिन्न संस्थाओं में कार्यरत समाज की बहन बेटियों एवं बहुओं का सम्मान भी किया गया।

कुरूद को 9.80 करोड़ रुपए की सौगात, हाईटेक ऑडिटोरियम और आधुनिक बाजार की स्वीकृति

कुरूद/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद कुरूद के विकास को नई गति देते हुए राज्य सरकार ने शहर के दो महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के लिए कुल 9 करोड़ 80 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से नगर में सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम भवन का निर्माण और नए बाजार का उन्नयन किया जाएगा।

स्वीकृति के अनुसार वार्ड क्रमांक 14 स्थित वीर सावरकर संकुल में 7 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से 500 सीट क्षमता

वाला आधुनिक ऑडिटोरियम और सांस्कृतिक परिसर बनाया जाएगा। वहीं वार्ड क्रमांक 11 में स्थित नए बाजार को 2 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से विकसित कर उसे आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा, जिससे व्यापारियों और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने इसे कुरूद नगर के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम के निर्माण से शहर में सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए एक आधुनिक मंच उपलब्ध होगा, वहीं बाजार के उन्नयन से व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। चन्द्राकर ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक अजय चन्द्राकर के विशेष प्रयास और मार्गदर्शन से इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों को स्वीकृति मिल सकी है।

विश्व महिला दिवस में शिवानी शर्मा का हुआ सम्मान

किरण इवेंट फ्यूजन वेलफेयर फाउंडेशन ने किया आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। सबसे बड़ा श्रेय जाता है नारी शक्ति को आज सम्मान के अगर सही हकदार माना जाए तो नारी शक्ति है वर्तमान समय में पुरूष और नारी में अब कोई असमानता नही रह गयी है। आज हर जगह और हर कार्य में नारी भी पुरूष के समान काम कर रही है इन्ही सब महत्वपूर्ण विचारों को लेकर 8 मार्च विश्व महिला दिवस पर किरण इवेंट फ्यूजन वेलफेयर फाउण्डेशन के संचालक

अरूण बंटी छाबड़ा द्वारा अखंड ब्राह्मण समाज की नवनियुक्त अध्यक्ष शिवानी शर्मा का श्री नारायणी नवल धाम में आयोजित नारी शक्ति शिखर सम्मान कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देश के वीर शहीद सैनिकों को नमन करते हुए शहीद सेना के परिवारजनों का सम्मान कर की गई। संस्था द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर उनके बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा,एडिशनल एस पी हेमसागर सिदार, एस डी ओ पुलिस तारेश साहू ,आर पी पटेल सर के द्वारा किया गया।

धान में रेत मिलाकर हेराफेरी करने वाला खरीदी केंद्र प्रभारी बर्खास्त

■ **निपनिया सोसायटी का मामला**

भाटापारा/नवप्रदेश। उपार्जित धान में रेत मिलाकर व्यक्तिगत लाभ के नीयत से हेराफेरी कर गबन करने के मामले में जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही करते हुए धान खरीदी प्रभारी को बर्खास्त कर दिया गया हैं। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित निपनिया के धान उपार्जन केन्द्र निपनिया में उपार्जित धान के बोरों में रेत, कंकड़ धूल-मिट्टी मिलाने संबंधी वायरल विडियों की संयुक्त जाँच दल द्वारा 8मार्च 2026 को जॉच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रतिवेदन में धान उपार्जन केन्द्र निपनिया के भौतिक सत्यापन में 137.20 क्विंटल धान अधिक पाया गया है। प्रतिवेदन में धान खरीदी प्रभारी लीलाराम सेन द्वारा हमालों के माध्यम से लगभग 5300 कट्टों में 2 से 3 किलोग्राम रेत मिलाया गया है व मिलाए गए रेत के बराबर लगभग 132 क्विंटल धान का व्यक्तिगत लाभ के नियत से हेराफेरी कर गबन किया जाना प्रतिवेदन किया गया।

हिन्दू नववर्ष शुरू होने पर निकाली जाएगी भव्य प्रभातफेरी

भाटापारा/नवप्रदेश। 19 मार्च को हिन्दू संवत्सर 2083 प्रारम्भ होने पर पुरीपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य जी के मार्गदर्शन में संचालित संगठन धर्म संघ , पीठपरिसद ,आदित्यवाहिनी, आनंदवाहिनी एवं क्षेत्र के अन्य धार्मिक संगठनों द्वारा प्रभातफेरी का आयोजन किया जा रहा है । इस आयोजन को व्यवस्थित और भव्य बनाने हेतु मारवाड़ी कुवा शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया।

आदित्यवाहिनी के राष्ट्रीय महामंत्री विजय शर्मा ने बताया की

पुरिपीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य भगवान के कृपा पात्र शिष्य पीठपरिसद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य झम्मन शास्त्री जी के मार्गदर्शन में क्षेत्र में धार्मिक आयोजन किये जाते है। हिन्दू नववर्ष जिसे चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा/उगादी) के रूप में मनाया जाता है यह सृष्टि के सृजन,प्रकृति में बदलाव और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है हमारे शास्त्रों में हिन्दू नववर्ष के पौराणिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक, ज्योतिशिय एवं आध्यात्मिक महत्व बताया गया है।शर्मा ने आगे बताया कि बैठक में प्रभातफेरी का मार्ग रामनाम सप्ताह से निकलने वाली रथयात्रा के मार्ग को ही तय किया गया है जो कि सुबह 6 बजे प्रारम्भ हो कर पूरे शहर के मुख्य मार्गो से होते हुवे रामनाम सप्ताह में ही विराम होगी ।जिसके लिए शहर के सभी सनातनियो को इसमें जोड़ने के लिए रूपरेखा बनाई गई है। बैठक में अनिल चांडक,वीरेंद्र शर्मा,सत्यनारायण जोशी ,प्रेम भूषाणीया,नरेश शर्मा ,मोहन केशरवानी, कैलाश बावला,नरेश अग्रवाल, नरेश चौबे, रवि गुप्ता,शिव शर्मा,हेमंत मल,राजेश शर्मा,विजय शर्मा,शिवांस बावला, गौरव बावला, चेतन शर्मा,एकांश गुप्ता, शिवा तिवारी के साथ साथ पीठपरिसद, आदित्यवाहिनी एवं अन्य धार्मिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे ।

पेज 1 का शेष...

बस्तर के बीहड़ में सरकारी...

की कमी वाले जिले से अंकित की यह सफलता युवाओं के लिए एक जीता-जागता उदाहरण है। अंकित की इस उपलब्धि का श्रेय बीजापुर जिला प्रशासन को जाता है, जिन्होंने उनकी मेहनत को पंख देकर ऊंची उड़ान का काबिल बनाया। अंकित की यह सफलता न केवल परिवार बल्कि पूरे जिले और प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

सदन में अफीम की खेती...

रिकॉर्ड में आया गंभीर मामला है और पूरे प्रदेश के फॉर्महाउस की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने जवाब में कहा कि मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई की। अफीम जब्त की और आरोपियों के खिलाफ वित्तीय जांच और कार्रवाई की जा रही है।

होली का नशा उतरा नहीं...

पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि ये क्या जवाब है कि कोई अधिकारी पद्दोन्नति नहीं चाह रहा है? होली का नशा उतरा नहीं है, उसी का असर दिख रहा है। प्रश्नकाल के दौरान विधायक चैतराम अटामी ने दंतेवाड़ा में कुपोषण रोकथाम का मुद्दा उठाया। मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने बताया कि 5203 बच्चों को कुपोषण की श्रेणी में चिन्हांकित किया गया है। विधायक ने कहा कि सहायता राशि समय पर क्यों नहीं मिल पा रहा है? मंत्री कहा कि समय समय पर प्रदेश भर में आहार प्रदान किया जाता है।

मिडिल ईस्ट पर चर्चा की...

पर चर्चा कराने की जगह अब दूसरा विषय उठाया जा रहा है। पाल ने हंगामा कर रहे विपक्ष के सांसदों से कहा, ''आपने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ नोटिस क्यों दिया है। यदि गंभीर हैं तो उस पर चर्चा शुरू कराएं।'' उन्होंने कहा कि आसन चर्चा कराने को तैयार है, सरकार चर्चा कराने को तैयार है, लेकिन विपक्ष सदन नहीं चलाना चाहता.

काले झंडे लहराए, गो बैक...

की कि 2026 का पश्चिम बंगाल असेंबली चुनाव तीन फेज में ही कराया जाए। पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल 7 मई को खत्म होने वाला है। 294 सीटों पर अप्रैल में चुनाव होने की उम्मीद है।

हाईकोर्ट को बम से उड़ाने...

में सुनवाई रोक दी गई है। इससे पहले 25 फरवरी को भी ऐसा ही धमकी भरा ईमेल मिला था, हालांकि जांच के बाद कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली थी। फिलहाल सुरक्षा को देखते हुए परिसर कीजांच जारी है।

बालोद जिला कोर्ट में पुलिस बल तैनात

बालोद कोर्ट में बड़ी संख्या में पुलिस बल को मौके पर तैनात कर दिया गया। बम स्क्वायड की टीम जांच कर रही है। सुरक्षा के मद्देनजर कोर्ट परिसर को खाली करा लिया गया और वहां मौजूद लोगों को बाहर निकाल दिया गया। इसके साथ ही कोर्ट के आसपास के क्षेत्र में लोगों की आवाजाही पर भी रोक लगा दी गई है।

राज्यसभा सांसद बनीं लक्ष्मी...

राज्यसभा की इन दोनों सीटों के लिए भाजपा और कांग्रेस ने एक-एक सीट पर चुनाव जीत लिया है। अब इन दोनों सीटों पर चुनाव नहीं होंगे।

बता दें कि लक्ष्मी वर्मा पिछले 30 सालों से राजनीति में सक्रिय है। वे पार्टी के कई बड़े पदों पर रही है। साथ ही रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष रह चुकी है। वहीं फूलोदेवी नेताम बस्तर क्षेत्र से आने वाली आदिवासी नेत्री है। वे भी पार्टी के कई पदों पर रही है।

10 साल में 90 करोड़ स्वाहा...

इस परियोजना को 35 करोड़ रुपए की प्रारंभिक लागत के साथ मंजूरी मिली थी। समय के साथ लागत बढ़ती गई और अब तक मुआवजा वितरण और नहर निर्माण के नाम पर लगभग 90 करोड़ रुपए व्यय किए जा चुके हैं, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस है। 18 किलोमीटर लंबी प्रस्तावित नहर का काम आज 10 साल बाद भी अधूरा है। कई स्थानों पर पाइप डालने का काम कछुआ गति से चल रहा है, तो कहीं काम बंद पड़ा है।

दिल्ली शराब नीति केस...

ट्रायल कोर्ट ने चार्ज फ्रेमिंग के चरण में ही मिनी-ट्रायल जैसा व्यवहार किया। कोर्ट ने पूरे सबूतों को विस्तार से जांचना शुरू कर दिया, जैसे कि पूरा केस चल रहा हो। जबकि इस स्तर पर केवल सरसरी नजर से मामला देखा जाता है।

नो पार्किंग में वाहन खड़ी करने वाले 27 हजार चालकों के खिलाफ कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे सहित प्रमुख मार्गों पर यातायात नियमों का उल्लंघन कर खतरनाक तरीके एवं नो पार्किंग में वाहन खड़ी करने वाले वाहन चालकों पर यातायात पुलिस ने कार्रवाई की है। आईटीएमएस के द्वारा 27824 ऐसे वाहन चालकों पर किये गए चालान, प्रकरण भी न्यायालय भेजे गए। लापरवाह वाहन चालकों के ट्रेफिक अनुशासनहीनता पर नियंत्रण लगाए जाने यातायात पुलिस की सघन चेकिंग अभियान जारी रहेगी।

उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा नियमित रूप से सघन कार्यवाही करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लापरवाह वाहन चालकों पर सख्ती से कार्यवाही की जा रहा है इसी क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए नो पार्किंग में वाहन खड़ी कर सार्वजनिक आवागमन में सरल, सुगम, सुव्यवस्थित, सुचारु एवं सुरक्षित आवागमन को बाधित करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा आई टी एम एस के माध्यम से आन लाइन चालान की जा रही है पिछले 2 वर्ष एवं जनवरी से वर्तमान तक आईटीएमएस के द्वारा कुल चालान 27,824 जिसमे कुल समन शुल्क- 1,14,16,300/- अधिरोपित की गई है।

यातायात पुलिस की अपील

यातायात पुलिस की आम नागरिकों से अपील है कि सार्वजनिक सार्वजनिक आवागमन के मार्ग में नो पार्किंग एरिया में किसी भी तरीके का अपने वाहनों को खड़ी करके मार्ग में व्यवधान उत्पन्न ना करें इससे न सिर्फ सुचारू एवं सुगम आवागमन बाधित होता है अपितु सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति भी निर्मित होती है।

होटल, लाज, ढाबा, पेट्रोल पंप के सामने वाहन रखने पर कार्रवाई

सघन कार्यवाही में नेशनल हाईवे एवं प्रमुख मार्गों पर होटल, लाज, ढाबा, पेट्रोल पंप, दुकान, गैरेज, पंचर दुकान एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने यातायात सुरक्षा मापदंडों का घोर उल्लंघन करते हुए खतरनाक तरीके से वाहन खड़ी कर असुरक्षा की स्थिति निर्मित करने वाले वाहन चालकों पर भी कठोर एवं संघन कार्यवाही की जा रही है। प्रमुख मार्गों एवं नेशनल हाईवे के किनारे स्थित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मालिकों का बैठक लेकर उन्हें समझाइस दिया गया है कि अपने प्रतिष्ठानों के सामने अपने निजी जमीन के सीमा क्षेत्र में सामान्य पोल (खंभा) लगाकर रिंग लाइट लगाकर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि दूर से आने वाले वाहन चालकों को व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की उपस्थिति की जानकारी त्वरित प्राप्त हो सके और वाहनों की गति पर आवश्यकता अनुसार नियंत्रित किया जा सके। उन्हें यह भी निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने अनिवार्य रूप से सुरक्षा गार्ड नियुक्त किया जाए जिनका पुलिस वेरिफिकेशन भी सुनिश्चित की जाए और उन्हें प्रतिष्ठानों के सामने वाहनों को सड़क किनारे में व्यवस्थित लगाए जाने तथा वाहनों की खड़ी होने की स्थिति में सुरक्षा कोन्स एवं रिफलेक्टर आदि के माध्यम से वाहनों की खड़े होने की संबंध में जानकारी सुनिश्चित की जा सके।

न्यूज गैलरी

राज्य महिला आयोग की महा जनसुनवाई आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण और उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से महा जन-सुनवाई सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 10 मार्च को बिलासपुर संभाग स्तर पर महा जन-सुनवाई आयोजित की जाएगी। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक (कैबिनेट मंत्री दर्जा) की अध्यक्षता में गठित न्यायपीठ की उपस्थिति में यह जन-सुनवाई प्रातः 9 बजे से सभाकक्ष प्रार्थना भवन, जल संसाधन विभाग, बिलासपुर में आयोजित होगी। इस अवसर पर आयोग की सदस्य सरला कोसरिया एवं दीपिका शोरी भी उपस्थित रहेंगी। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग अधिनियम की धारा 10(3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार बिलासपुर संभाग के जिलों से प्राप्त महिलाओं से संबंधित आवेदन एवं शिकायतों की सुनवाई कर उनका निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही जन-सुनवाई में उपस्थित होकर पीड़ित महिलाएं नए प्रकरण भी दर्ज करा सकेंगी, जिन पर आयोग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि महा जन-सुनवाई सप्ताह 8 मार्च से 13 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न संभागों में महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई कर त्वरित समाधान का प्रयास किया जा रहा है। आयोग द्वारा महिलाओं से अपील की गई है कि वे अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु जन-सुनवाई में उपस्थित होकर लाभ उठाएं।

जब्त गांजा 11 को किया जाएगा नष्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एनडीपीएस प्रकरणों के तहत जब्त किए गए मादक पदार्थ गांजा का 11 मार्च 2026 को विधिवत नष्टीकरण किया जाएगा। यह कार्रवाई जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति की निगरानी में मोहतराई स्थित सुधा बायो पावर प्रा लिमिटेड की भट्ठी में की जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय बिलासपुर के अंतर्गत थानों में जब्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। समिति द्वारा एनडीपीएस प्रकरणों से संबंधित सभी आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर नष्टीकरण योग्य प्रकरणों की सूची और मूल दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। समिति द्वारा नष्टीकरण योग्य पाए गए गांजा व मादक पदार्थ को 11 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे सुधा बायो पावर प्राइवेट लिमिटेड, मोहतराई जिला बिलासपुर स्थित भट्टी (फर्नेस) में जलाकर नष्ट किया जाएगा। निर्धारित स्थल पर यह पूरी कार्यवाही समिति के सदस्यों एवं पंचों की उपस्थिति में संपन्न कराई जाएगी।

बिलासपुर जिले के 37 अस्पतालों में मिलेगी सुविधा

सड़क दुर्घटना पीड़ितों को सात दिनों तक 1.50 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज

बिलासपुर/नवप्रदेश। सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार की पीएम राहत योजना जिले में लागू की गई है।

इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती अवधि के दौरान अधिकतम 7 दिनों तक या 1.50 लाख रुपये तक कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बिलासपुर डॉक्टर शुभा गरेवाल ने बताया कि योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटना पीड़ितों को गोल्डन ऑवर के दौरान तत्काल उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी जान बचाई जा सके। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अस्पतालों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है तथा राज्य स्तर पर भी प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत जिले के सरकारी एवं निजी कुल 37 अस्पतालों को पंजीकृत किया गया है, जहां दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल उपचार की सुविधा मिलेगी। सरकारी अस्पताल में सीएचसी तखतपुर, सीएचसी बिल्हा, सीएचसी मस्तूरी, सीएचसी कोटा, सिम्स बिलासपुर तथा जिला अस्पताल बिलासपुर शामिल हैं।

जिले के ये निजी अस्पताल हैं शामिल

आरबी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, अंकुर ट्रॉमा केयर नर्सिंग होम, आरोग्य हॉस्पिटल, अर्पा मेडिसिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, बर्न ट्रॉमा रिसर्च सेंटर, केयर एन क्योर मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, गजानन स्मृति चिकित्सालय, जन स्वास्थ्य सहयोग, खंडूजा ऑर्थोकेयर एक्सीडेंट हॉस्पिटल, लाल चंदानी हॉस्पिटल, एंडोस्कोपी रिसर्च सेंटर, लाइफ केयर हॉस्पिटल, मेडिबोन हॉस्पिटल, मूंदड़ा हॉस्पिटल, न्यू जनता हॉस्पिटल, न्यू वंदना हॉस्पिटल, नोबल हॉस्पिटल, प्रभा हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर, रामकृष्ण हॉस्पिटल, संजीवनी हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर, शिवांगी हॉस्पिटल, श्री मंगला हॉस्पिटल, श्री श्याम मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, श्रीराम केयर हॉस्पिटल, श्री शाह न्यूरो हॉस्पिटल, साइंसेज रिसर्च सेंटर, सुखम आरोग्यालय, यूनिटी हॉस्पिटल तथा यूनिटी स्माइल ट्रॉमा केयर हॉस्पिटल शामिल हैं। सीएमएचओ डॉ गरेवाल ने आम नागरिकों से अपील की है कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति को नजदीकी पंजीकृत अस्पताल में तत्काल पहुंचाकर योजना का लाभ दिलाने में सहयोग करें, ताकि समय पर उपचार से गंभीर परिणामों से बचा जा सके।

मस्तूरी को मिला नया एसडीएम, 14 तहसीलदार-नायब तहसीलदार बदले

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के प्रशासनिक ढांचे में एक साथ कई बदलाव किए गए हैं। कलेक्टर कार्यालय से जारी दो अलग-अलग आदेशों में तहसीलदार और नायब तहसीलदार स्तर पर तबादले किए गए हैं, वहीं डिप्टी कलेक्टर और संयुक्त कलेक्टर स्तर पर भी जिम्मेदारियों में फेरबदल हुआ है। कलेक्टर कार्यालय के आदेश के अनुसार प्रशासनिक दृष्टि से जिले में पदस्थ 14 तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी। नई पदस्थापना के तहत गरिमा ठाकुर को तहसीलदार सीपत, सोनू अग्रवाल को तहसीलदार रतनपुर, संदीप कुमार साहू को तहसीलदार मस्तूरी और शिल्पा भगत को तहसीलदार बोदरी की जिम्मेदारी दी गई है। जयंती देवांगन को तहसीलदार नजूल बनाया गया है, जबकि पंकज सिंह को सहायक प्रोटोकॉल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नायब तहसीलदार स्तर पर समर्थ थवाईत को बेलतरा, श्रद्धा सिंह को पचपेड़ी, राहुल साहू को बेलगहना, टोपलाल सिदार को उप तहसील सकरी, ओमप्रकाश चंद्रवंशी को गनियारी, विनीता शर्मा को बिलासपुर और सहरिक को बेलतरा में पदस्थ किया गया है। अंकित सिंह राजपूत को जनगणना कार्य के लिए संलग्न किया गया है।

0 **बिलासपुर।** यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित गाड़ियों को पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा जबलपुर मंडल के अंतर्गत सिहोरा रोड स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव की सुविधा दी जा रही है।

शपथ-पत्र

शपथकर्ता - कुनाल केशरवानी पिता स्व. ओंकार प्रसाद केशरवानी उम्र 10 वर्ष जाति बनिया, नि. भटगांव, तह. भटगांव, जि. सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.) निम्न शपथ बयान करता है-

1. यह कि शपथकर्ता के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में पॉलिसी क्र. 383682362 खुला है। जिसमें मेरा नाम श्री केशरवानी के नाम से दर्ज है जो कि चालू नाम है।
2. यह कि शपथकर्ता का नाम अंकसूची, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता अन्य सभी दस्तावेजों में कुनाल केशरवानी के नाम से दर्ज है।
3. यह कि शपथकर्ता का नाम कुनाल केशरवानी एवं श्री केशरवानी दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जिसके संबंध में बीमा कंपनी में प्रस्तुत करने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है।

सत्यापन - मैं कुनाल केशरवानी उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका सत्य व सही है।

सत्यापनकर्ता
कुनाल केशरवानी

कोनी पुलिस ने 6 हजार किलो महुआ लाहन किया नष्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। घुटकु रेलवे लाइन के किनारे झाड़ लम्बी घास में छुपाकर रखे 300 नग प्लास्टिक के डिब्बे में भरे महुवा लाहन 6000 किलोग्राम बरामद कर पुलिस ने नष्ट किया है। पुलिस के अनुसार पुलिस उप महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर पंकज कुमार पटेल व नगर पुलिस अधीक्षक गगन कुमार के मार्गदर्शन में अवैध शराब का धंधा निर्माण करने वालों के ऊपर पूर्ण अंकुश लगाने व उनके विरुद्ध त्वरित कार्यवाही करने के अनुक्रम में थाना कोनी पुलिस को 9 मार्च को विश्वसनीय सूत्र से जानकारी प्राप्त हुई कि घुटकु स्टेशन पारा के आगे रेलवे लाइन के किनारे लगे लम्बे झाड़ घास में महुवा शराब बनाने के लिए बहुत अधिक मात्रा में प्लास्टिक डिब्बों में महुवा लाहन छिपाकर रखा गया हैं।

वैदिक महाविद्यालय में एनएसएस 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा आयोजित

सीपत/नवप्रदेश। अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध वैदिक महाविद्यालय सीपत में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत सोमवार 9 मार्च को 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लेते हुए अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

इस अवसर पर बाह्य परीक्षक के रूप में संदीपनी एकेडमी पेंड्री (मस्तूरी) की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संगीता साहू उपस्थित रहीं।

प्रशिक्षण: विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र उसलापुर में लोको पायलटों को दिया गया सीपीआर व फायर फाइटिंग का विशेष प्रशिक्षण

आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने कर्मियों को किया जा रहा दक्ष

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल यात्रियों की सुरक्षित एवं संरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन के निर्देशन में मंडल संरक्षा विभाग द्वारा कर्मचारियों के लिए आपातकालीन जीवन रक्षक सीपीआर एवं फायर फाइटिंग प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य रेल कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के लिए प्रशिक्षित करना है, ताकि किसी भी दुर्घटना या आगजनी की स्थिति में समय रहते उचित कदम उठाकर नुकसान को कम किया जा सके। इसी क्रम में 6 एवं 7 मार्च को विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र, उसलापुर में नागरिक सुरक्षा निरीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा प्रशिक्षु लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलटों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सुरक्षा मानकों के साथ-साथ अग्निशमन यंत्रों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

आमगांव-गुदमा फाटक 15 से स्थायी रूप से होगा बंद

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के अंतर्गत दुर्ग - नागपुर रेलखंड पर आमगांव एवं गुदमा स्टेशन के मध्य स्थित मानव संचालित समपार फाटक संख्या 500 (कि.मी. 983/26-28) को 15 मार्च 2026 की सुबह 06:00 बजे से सभी प्रकार के सड़क यातायात के लिए स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है। यह निर्णय क्षेत्र में सड़क एवं रेल यातायात की सुरक्षा तथा सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। समपार फाटक के स्थान पर अब यातायात के लिए नवनिर्मित रोड ओवर ब्रिज उपलब्ध कराया गया है। 15 मार्च 2026 से उक्त समपार फाटक से गुजरने वाला समस्त सड़क यातायात स्थायी रूप से नवनिर्मित रोड ओवर ब्रिज के माध्यम से डायवर्ट किया जाएगा। रेल प्रशासन द्वारा आम जनता एवं वाहन चालकों से अपील करता है कि वे उक्त परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं तथा सुरक्षित आवागमन के लिए नवनिर्मित रोड ओवर ब्रिज का उपयोग करें।

रविंद्र ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका माता-बहनों का सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ योग आयोग के पूर्व सदस्य रविन्द्र सिंह ठाकुर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को श्रीफल और शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् सुकमा जिला - सुकमा (छ.ग.)

ई प्रोक्यूमेन्ट निविदा सूचना (3rd call)

क्र./ 2602/90/ स्थापना / 2026 सुकमा, दिनांक 03.03.2026

नगर पालिका परिषद् सुकमा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था-ई रजिस्ट्रेशन में "डी" एवं उपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर निविदा "अ" में निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

1	NIT. No. & Tender No.	:-	90 system Tender No. 185758 (3rd Call)
2	Name of work.	:-	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Sukma, Chhattisgarh
3	Probable Amount of Contract (PAC)	:-	Rs. 39.04 Lacs
4	Amount of Earnest Money.	:-	Rs. 29000/- (To be pay favour of Cmo Sukma FDR)
5	Class of Contractor Eligible to tender.	:-	"D" - and above class (Unified Registration System-E-Registration)
6	Time allowed for completion	:-	Construction Period - 06 months (from the date of issuing of Work Order) including rainy season.. Trial run- 03 months.
7	Tender Participation Fee	:-	10000.00 (To be pay favour of Cmo Sukma DD)

निविदा ऑनलाइन वेबसाईट (Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर दिनांक 03.03.2026 को संध्या 17:30 बजे से दिनांक 16.03.2026 को 17.30 तक देखे/ क्रय एवं निविदा की कार्यवाही किये जा सके हैं अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा विवरण उपेक्त वेबसाईट देखी जा सकती है।

"स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें"

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सुकमा, जिला - सुकमा छ.ग.

कार्यालय कलेक्टर, रायपुर (छ.ग.)

- :: सार्वजनिक सूचना ::-

क्रमांक / 4011 / भू-अर्जन /2026 रायपुर दिनांक 06/03/2026

कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक-1, रायपुर द्वारा **शुक्रवारी बाजार से प्लेटफार्म नं.-5 रेलवे फाटक तक पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण कार्य हेतु ग्राम गुढ़ियारी, प.ह.नं. - 49, तहसील-रायपुर, जिला-रायपुर** स्थित निजी भूमि कुल खसरा 26 कुल रकबा 607.92 वर्गमीटर भूमि को आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत् निम्नलिखित भूमि स्वामी का उनके नाम के समक्ष अंकित खसरों की भूमि क्रय किए जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। जिसमें संबंधित भूमि स्वामियों से प्रारूप 'ख' में भूमि विक्रय करनें के संबंध में स्वीकृति प्राप्त किया जा चुका है -

क्र.	भूमिस्वामी का नाम/पता	खसरा नम्बर	रकबा (व.मी. में)
1	2	3	4
1	श्री अलखराम वर्मा पिता स्व. गोकुल वर्मा	1170/22, 1138/1ड/5 शीट नं.-4 प्लाट नं.-21/1	52.11
2	(1) श्री नरेन्द्र साहू (2) जयप्रकाश साहू (3) मेघराज साहू (4) योगेश कुमार साहू पिता स्व. केजूराम साहू (5) जयश्री साहू पति जयनारायण साहू (6) जयंत गर्ग (7) जयदीप गर्ग पिता जयनारायण साहू	1138/2क/1, शीट नं.-4 प्लाट नं.-52	47.35
3	महेश कुमार साहू पिता-पूषा साहू	1170/3 का भाग, शीट नं.-4 प्लाट नं.-30/8	11.33
4	धनीराम साहू पिता-स्व. हीरालाल साहू	1138/1फ/15 शीट नं.-2 प्लाट नं.-45	13.89
5	श्री राजकुमार गुप्ता पिता स्व. चैतराम गुप्ता	1138/1/छ/1 का भाग, शीट नं.-1 प्लाट नं.-82/7	41.90
6	(1) श्री पुष्पेन्द्र कमार साहू (2) प्रशांत कुमार साहू (3) प्रीतेश कुमार साहू पिता रामसजीवन साहू	1138/1फ/26 शीट नं.-4 प्लाट नं.-3	34.90
7	(1) अन्नपूर्णा देवांगन (2) अजय कुमार देवांगन (3) सत्येन्द्र देवांगन (4) देवेश कुमार देवांगन पिता किशन लाल देवांगन	1138/2क/28 शीट नं.-4 प्लाट नं.-55,	9.324
8	श्री बिमल कर्मकार पिता स्व. बिभूति भूषण कर्मकार	1138/2क/29 शीट नं.-4 प्लाट नं.-53,	14.478
9	श्री लोकेश अग्रवाल ऊर्फ सोनू अग्रवाल पिता रामभगत अग्रवाल	1138/1ढ/1 शीट नं.-4 प्लाट नं.-174/4,	20.31
10	(1) श्री रामभगत अग्रवाल पिता हजारी लाल अग्रवाल (2) श्रीमती किरण देवी अग्रवाल पति रामभगत अग्रवाल (3) लोकेश अग्रवाल ऊर्फ सोनू अग्रवाल पिता रामभगत अग्रवाल	1138/1ढ/1 शीट नं.-4 प्लाट नं.-174/2,	23.70
11	(1) श्रीमती जमुना बाई साहू पति छन्नू लाल साहू (2)ना.बा. पवन कुमार साहू (3) ना.बा. तेज राम साहू पिता छन्नू लाल साहू वली मां जमुना बाई साहू	1138/1फ/25 शीट नं.-2 प्लाट नं.-63,	21.90
12	बसंत कुमार परमार पिता विश्राम परमार	1170/3, 1138/1ण/3 शीट नं.-4 प्लाट नं.-30/12, 37/12,	17.31
13	श्री विजय शंकर यादव पिता रामबिलाश यादव	1170/3, 1138/1ण/3 शीट नं.-4 प्लाट नं.-30/13, 37/4,	18.32
14	श्री धनुष बिहारी साहू पिता नर्मदा प्रसाद साहू	1138/2क/30 शीट नं.-2 प्लाट नं.-64,	30.15
15	श्री गोपाल यादव पिता भीखम लाल यादव	1138/2घ/3 शीट नं.-4 प्लाट नं.-70/4,	5.20
16	श्री युवराज साहू पिता सुखराम साहू	1138/3क/11 शीट नं.-4 प्लाट नं.-175/13,	0.55
17	(1) श्री राजेश उपाध्याय (2) श्री अनिल कुमार उपाध्याय पिता योगेश कुमार उपाध्याय	1138/1ठ/2 शीट नं.-4 प्लाट नं.-173/2,	10.59
18	(1) चिंतामणी शर्मा (2) महेश कुमार शर्मा पिता बनबिहारी लाल शर्मा	1138/1ण/1 शीट नं.-4 प्लाट नं.-39/2,	41.82
19	बलदेव सिंह ठाकुर पिता माधोसिंह ठाकुर	1138/1छ/2 शीट नं.-2 प्लाट नं.-6,	25.09
20	लक्ष्मण दास हेमनानी पिता कल्याण दास हेमनानी	1138/1छ/4 शीट नं.-2 प्लाट नं.-8,	34.94
21	सुखिया बाई ध्रुव पिता स्व. लतेल ध्रुव	1138/1छ/5 शीट नं.-2 प्लाट नं.-9,	31.59
22	सावित्री साहू पति रामभरोसा साहू	1138/2घ/4 शीट नं.-4 प्लाट नं.-71,	26.23
23	दिनेशचंद्र लखतरिया पिता मूलजी भाई	1138/1छ/3 शीट नं.-2 प्लाट नं.-7	33.22
24	(1) घनश्याम साहू (2) अक्षय कुमार साहू (3) भुवन लाल साहू (4) कुंती साहू (5) रमा साहू पिता कार्तिक साहू (6) सुनीता साहू पति रामकुमार साहू (7) गौतम साहू पिता रामकुमार साहू	1138/3क/11 शीट नं.-4 प्लाट नं.-175/1,	9.48
25	(1) महेश कुमार सोनी (2) प्रदीप सोनी (3) कंचन सोनी पिता मोहन लाल सोनी (4) गीता सोनी पति प्रकाशचंद सोनी (5) मनेन्द्र सोनी (6) कौशल सोनी (7) लेखा सोनी पिता प्रकाशचंद सोनी	1138/2ड/3 शीट नं.-4 प्लाट नं.-171 1138/2ड/1 शीट नं.-4 प्लाट नं.-164/6	14.40 17.84
	योग	(26)	607.92

उक्त सार्वजनिक सूचना पर यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार की स्वत्व संबंधी आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथी से 15 दिवस तक लिखित आपत्ति कार्यालय कलेक्टर, रायपुर में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

कलेक्टर
रायपुर (छ.ग.)

जी-252607082/1

न्यूज गैलरी

नारी सम्मान और सशक्तिकरण से समाज का समग्र विकासः कलेक्टर

रायपुर/नवप्रदेश। कार्यक्रम में कलेक्टर दुदावत ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव उच्च स्थान दिया गया है। समाज के उत्थान और विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने बताया आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, राजनीति और अखिल भारतीय सेवाओं सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़कर सफलता हासिल कर रही है और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कलेक्टर ने बताया कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। योजना के तहत जिले के 2,93,859 पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में प्रदान की जा रही है। उन्होंने जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए चलाए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत कोरबा जिले के 297 ग्राम पंचायतों एवं 03 नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण ही समाज के समग्र विकास का आधार है और इसके लिए शासन-प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोरबा को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के उद्देश्य से उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह की रोकथाम के लिए व्यापक जनजागरूकता लाने तथा लोगों को इस कुप्रथा के विरुद्ध जागरूक करने के लिए प्रेरित करने हेतु अपील की। इस दौरान महतारी वंदन योजना का लाभ लेकर स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर हुई महिलाओं द्वारा अपना अनुभव साझा किया गया एवं सभी को योजना का बेहतर लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया।

समूह की ताकत से उषा बनीं 'लखपति दीदी'

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम में प्रदेशभर से आई महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानियां साझा कीं। इस कार्यक्रम में मुंगेली जिले की महिलाओं ने भी अपनी

सफलता की कहानी सुनाकर सबको प्रेरित किया। विकासखंड पथरिया के चंदखुरी स्थित जय माँ शीतला स्वयं सहायता समूह की सदस्य उषा वास ने बताया कि समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने छोटे स्तर से आजीविका गतिविधि शुरू की। समूह के सहयोग, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता के बल पर उन्होंने अपने काम को आगे बढ़ाया और आज आर्थिक रूप से सशक्त बनकर 'लखपति दीदी' के रूप में पहचान बनाई है। इसी तरह ग्राम पंचायत मोहभट्ठा की धनेश्वरी साव ने भी अपनी प्रेरक यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आजीविका का मजबूत आधार मिला। लगातार मेहनत और समूह के सहयोग से उन्होंने अपनी आय बढ़ाई और आज वे अपने परिवार के साथ-साथ अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

अवैध शिकार के खिलाफ वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, सात गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। कांकेर वनमंडल में वन्यजीवों के अवैध शिकार और तस्करी के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वन विभाग से

प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 मार्च 2026 की सुबह राज्य स्तरीय उड़नदस्ता को मिली गोपनीय सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सूचना मिलने पर कांकेर वन विभाग ने तत्काल टीम गठित कर विभिन्न स्थानों पर जांच और घेराबंदी की। जांच के दौरान महेंद्र कोड़ोपी के घर के पीछे बाड़ी में दो जंगली सुअरों (एक नर 74 किलोग्राम और एक मादा 70 किलोग्राम) को पैरा जलाकर भुना जा रहा था। पूछताछ में बताया गया कि यह मांस ग्राम जुनवानी निवासी प्रकाश मंडावी से 300 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीदा गया था और इसे वाहन के माध्यम से देवकोंगेरा लाया गया था। वन विभाग ने मौके से जंगली सुअर का मांस और अन्य सामग्री जब्त कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया। इसी दौरान मिली एक अन्य सूचना पर वन विभाग की टीम ने ग्राम माटवाड़ा (मोदी) के पास घेराबंदी कर पैशन प्रो मोटरसाइकिल (सीजी 19-बी-8847) को रोका।

कुंदकेश्वर मंदिर में मना होली मिलन

महासमुंद/नवप्रदेश। शंकर नगर स्थित कुंदकेश्वर महादेव मंदिर में प्रेम और सद्भावना का पर्व होली बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सोमवार रात होलिका दहन के साथ हुई। पौराणिक मान्यताओं का स्मरण करते हुए बताया गया कि किस प्रकार प्रभु भक्ति में लीन बालक प्रहलाद को मारने के उद्देश्य से होलिका उन्हें गोद में लेकर अग्नि में बैठी थीं, किंतु ईश्वर की कृपा से प्रहलाद सकुशल रहे और होलिका दहन हो गया। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए उपस्थित जनों ने अपनी बुराइयों को अग्नि में समर्पित कर आपसी प्रेम और सद्भावना से रहने का संकल्प लिया। अगले दिन धुलेंडी पर मंदिर प्रांगण में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। मोहल्ले के सभी लोग एक स्थान पर एकत्रित हुए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी।

महिला सम्मान सम्मेलन में पूनम पटले सम्मानित

महासमुंद/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 7 मार्च को शांत्रीबाई महाविद्यालय में महिला शक्ति सम्मान सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूनम पटले को सिविल सर्विस योगासन चैंपियनशिप में नेशनल स्तर पर खेलकर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने, भारत योगासन प्रतियोगिता में नेशनल खेलने तथा अस्मिता खेलो इंडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

सशक्त नारी, समृद्ध समाज की आधारशिलाः लखन लाल

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के आतिथ्य में कल कोरबा नगर के राजीव गांधी ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य करने वालो महिलाओं को सम्मानित एवं बाल विवाह मुक्त पंचायतो को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर महापौर संजू देवी राजपूत, नगर निगम सभापती नूतन सिंह ठाकुर, कलेक्टर कुणाल दुदावत, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी तरुण कुमार किरण, सीईओ जिला पंचायत दिनेश नाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी बसंत मिंज सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने सभी माताओं, बहनों और बेटियों को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, प्रशासन सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई हैं, जिससे महिलाओं को आगे बढ़ने के नए अवसर मिल रहे हैं। पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व दोनों मजबूत हुए हैं। मंत्री देवांगन ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त महिलाएं ही मजबूत समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला हैं। महिलाएं आज पहले से अधिक सशक्त और मजबूत हुई हैं तथा देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंत्री देवांगन ने कहा राज्य में सरकार गठन के साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत लगभग 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम छतौना में वृहद महतारी वंदन सम्मेलन आयोजित

- **मुख्यमंत्री साय वर्चुअल माध्यम से हुए शामिल, महिलाओं के खातों में किया 684 करोड़ रुपए ट्रांसफर**

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुंगेली जिले के ग्राम छतौना (जरहागांव), सेतगंगा, मानस मंच लोरमी एवं झाफल और मंगल भवन पथरिया में वृहद महतारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर जिले में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की 68 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में 684 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का अंतरण किया और हितग्राहियों को बधाई दी। इसमें जिले के 02 लाख 09 हजार 600 से अधिक महिलाओं के खाते में 19.22 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की गई। ग्राम छतौना के मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष कांत पाण्डेय, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, लोरमी जनपद अध्यक्ष वर्षा सिंह, जिला पंचायत सदस्य अंबालिका साहू, रजनी मानिक सोनवानी, उमाशंकर साहू, जनपद पंचायत मुंगेली अध्यक्ष रामकमल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में सरस्वती और भारत माता के छाया चित्र पर पूजा-अर्चना की गई। साथ ही राष्ट्रगान जन गण मन एवं राष्ट्रगीत वंदे मातरम गाया गया। विधायक मोहले ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। महतारी वंदन योजना, आवास योजना, बिजली बिल में राहत, स्वच्छ पेयजल की सुविधा और पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ महिलाओं को मिल रहा है। आज महिलाएं देश और राज्य की नेतृत्वकारी भूमिकाओं में भी आगे बढ़ रही हैं और हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। राज्य में बड़ी संख्या में महिलाएं लखपति दीदी बनकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं।

ऑपरेशन 'निश्चय': अवैध शराब के तीन मामले दर्ज

रायपुर/तिल्दा नेवरा। अवैध शराब के परिवहन और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन निश्चय' के तहत तिल्दा नेवरा पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की। अभियान के दौरान तीन प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किए गए, जबकि एक आरोपी को धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा सात असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक रायपुर श्वेता वास्तव सिन्हा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत शुक्ला और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना तिल्दा नेवरा पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस ने 8 मार्च को सुबह करीब 4 बजे से अभियान शुरू कर अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए गए आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उनके कब्जे से अवैध शराब जब्त की गई। कार्रवाई के तहत पुलिस ने सासाहोली निवासी एवन कुमार साहू (45) के पास से 60 पौवा देशी शराब, छपोरा निवासी कुलेश्वर कुमार चतुर्वेदी (25) के पास से 40 पौवा और तिल्दा निवासी पीयूष वैष्णव (27) के पास से 45 पौवा देशी शराब तथा 1000 रुपये नगद बरामद किए। इसी दौरान ग्राम कोहका निवासी कुलदीप ध्रुव (27) के पास से एक धारदार चाकू मिलने पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत मामला दर्ज किया गया।

ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर रश्मि तिर्की बनीं 'लखपति दीदी'

- **स्वरोजगार से सशक्त हो रही ग्रामीण महिलाएं**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की महिलाएं विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर अग्रसर हो रही हैं। राज्य शासन की महत्वाकां योजना छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड की ग्राम दुलदुला निवासी रश्मि तिर्की भी आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई हैं। रश्मि तिर्की दुर्गा महिला स्व-सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हैं। स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया, बल्कि अपने आत्मविश्वास और सामाजिक पहचान को भी नई दिशा दी है। आज वे अपने गांव में 'लखपति दीदी' के रूप में जानी जाती हैं और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। तिर्की बताती हैं कि पहले वे घर-गृहस्थी के कामकाज तक ही सीमित थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य होने के कारण घर की जरूरतों को पूरा करना कठिन हो जाता था। इसी दौरान उन्होंने महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें बचत, ऋण सुविधा और स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी मिली। समूह की अन्य महिलाओं को अलग-अलग आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आय अर्जित करते देख उन्हें भी कुछ नया करने की प्रेरणा मिली।

जनरेशन कंपनी व एसबीआई के बीच अनुबंध

- **विद्युत कर्मचारियों के लिए आकर्षक पैकेज**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी अपने नियमित कर्मचारियों के लिए उन्नत बैंक सुविधाओं और बीमा सुविधा का संयुक्त सौगात ले कर आए हैं। जिसमें कर्मचारियों को इन सुविधाओं के लिए अलग से अतरिक्त प्रीमियम नहीं देने होगा। जनरेशन कंपनी ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ कॉरपोरेट सैलरी पैकेज का अनुबंध करार किया है।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यपालक निदेशक वित्त जनरेशन संदीप मोदी ने बताया कि प्रबंधन ने अपने कर्मचारियों के सुरक्षा, सुविधा और कल्याण को प्राथमिकता देते हुए यह महत्वपूर्ण कदम लिया है। कॉरपोरेट सैलरी पैकेज के तहत कर्मचारी बैंकिंग की आधुनिक सुविधाओ का लाभ एक क्लिक से ले सकेंगे। व्यक्तिगत दुर्घटना में 10 लाख एवं हवाई यात्रा दुर्घटना में 50 से 100 लाख तक का कवरेज उपलब्ध है। इसके अलावा एड ऑन कवरेज की भी सुविधा प्रदान किया जाएगा ।

प्लास्टिक सर्जरी इन बर्न, इंपोर्ट ऑफ मेडिसिन, एयर एम्बुलेंस जैसे आधुनिक सुविधा कर्मचारियों को मिलेगी। बैंक द्वारा मेक माई ट्रिप, अमेजन प्राइम, जिम की सदस्यता, लाउंज, बुक माई शो जैसे डिजिटल सुविधाएं भी दिया जाएगा जिससे व्यक्ति घर बैठे एक क्लिक से त्वरित भुक्तान कर सकता है। यह सुविधा सैलरी अनुसार चार श्रेणी में विभाजित है।

सीआईआई छत्तीसगढ़ के नए पदाधिकारियों का चयन

रायपुर/नवप्रदेश। सीआईआई छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल के वर्ष 2026-27 के लिए नए पदाधिकारियों का चयन किया गया है। बजरंग गोयल, डायरेक्टर, Bajrang Power & Ispat Ltd को सीआईआई छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल का चेयरमैन चुना गया है, जबकि आनंद सिंघानिया, मैनेजिंग डायरेक्टर, Avinash Group को वाइस चेयरमैन निर्वाचित किया गया है।

बजरंग गोयल वर्ष 2007 में डायरेक्टर के रूप में कंपनी से जुड़े और उन्होंने अपने करियर की शुरुआत स्ट्रक्चरल स्टील / रोलिंग मिल व्यवसाय से की। कंपनी द्वारा "GOEL TMT" ब्रांड के अंतर्गत टीएमटी स्टील, स्पंज आयरन, पावर (थर्मल, हाइड्रो एवं सोलर), "GOEL PIPES" ब्रांड के अंतर्गत पाइप मिल, माइनिंग तथा एथेनॉल जैसे क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। उनका विज़न है कि सभी क्षेत्रों के लिए उच्च गुणवत्ता वाला स्टील किफायती दरों पर उपलब्ध कराया जाए तथा इसे एक सफल और लाभदायक व्यवसाय के रूप में विकसित किया जाए। वहीं आनंद सिंघानिया, Avinash Group के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं, जो वर्ष 1996 से रियल एस्टेट क्षेत्र में अग्रणी कंपनी के रूप में कार्यरत है। उनके नेतृत्व में समूह ने रायपुर और बिलासपुर में अनेक शॉपिंग मॉल, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स और आधुनिक रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट विकसित किए हैं, जिससे यह कंपनी मध्य भारत के सबसे विश्वसनीय रियल एस्टेट ब्रांड्स में से एक बन चुकी है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से की सौजन्य मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित स्पीकर हाउस पहुंचकर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डॉ. रमन सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस अवसर पर जगदलपुर विधायक किरण देव उपस्थित थे।

सुरक्षाः तीन टीमों में 27 पुलिसकर्मी तैनात, व्हाट्सएप हेल्पलाइन से मिलेगी त्वरित मदद

महिला दिवस पर पुलिस की नई पहल, 'पिंक पेट्रोल यूनिट' शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रायपुर पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए नई पहल करते हुए 'पिंक पेट्रोल यूनिट' की शुरुआत की है। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देशन में शुरू की गई इस व्यवस्था के तहत शहर में तीन पिंक पेट्रोलिंग टीम तैनात की गई हैं, जो महिलाओं से जुड़ी आपात स्थितियों में तुरंत सहायता उपलब्ध कराएंगी।

इस पहल का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित कांबले ने पिंक पेट्रोलिंग टीम को हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त डॉ. अर्चना झा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त तारकेश्वर पटेल, सहायक पुलिस आयुक्त रुचि वर्मा, निलेश द्विवेदी सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस के अनुसार इस पहल के तहत कुल 27 अधिकारी-कर्मचारियों की टीम गठित की गई है, जो कॉल ट्रैकर, कंट्रोल यूनिट और पेट्रोलिंग के माध्यम से महिलाओं से जुड़ी शिकायतों और आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई करेगी।

व्हाट्सएप हेल्पलाइन जारी

महिलाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए पुलिस ने 94792-10932 नंबर पर समर्पित व्हाट्सएप हेल्पलाइन भी जारी की है। इस नंबर पर संपर्क कर महिलाएं किसी भी आपात स्थिति, उत्पीड़न, छेड़छाड़ या स्टॉकिंग की शिकायत दर्ज करा सकती हैं।

जागरूकता अभियान भी चलाएगी टीम

पिंक पेट्रोलिंग टीम सप्ताह में दो दिन स्कूल, कॉलेज, मॉल और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिला सुरक्षा कानूनों, हेल्पलाइन नंबर और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता फैलाएगी। साथ ही ईव-टीजिंग और स्टॉकिंग की आशंका वाले क्षेत्रों में सरप्राइज पेट्रोलिंग और संवेदनशील स्थानों का सर्वे व मैपिंग भी किया जाएगा।

दो शिफ्ट में चलेगी पेट्रोलिंग

पिंक पेट्रोलिंग टीम रोजाना दो शिफ्ट में काम करेगी। पहली शिफ्ट सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक संचालित होगी। कॉल ट्रैकर यूनिट महिला संबंधी आपात कॉल प्राप्त कर संबंधित डीसीपी जोन की टीम को सूचना देगी, जिसके बाद पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंचकर आवश्यक सहायता प्रदान करेगी।

सनावल जलाशय के लिए 3.97 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड-रामचन्द्रपुर की सनावल जलाशय योजना का जीर्णोद्धार कार्य के लिए 3 करोड़ 97 लाख 16 हजार रुपए स्वीकृत किए है। प्रस्तावित कार्यो के पूर्ण होने के उपरांत रूपांकित सिंचाई क्षमता 113 हेक्टेयर के विरूद्ध 73.20 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति तथा 13 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई सहित कुल 126 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। योजना के कार्य कराने मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार, जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

अमेरिकी संसद में एच-1बी प्रतिबंधों को खत्म करने के लिए विधेयक पेश

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा से संबंधित लागू किए गए कड़े प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में एक नया विधेयक पेश किया गया है। डेमोक्रेटिक सांसद बोनी वॉटसन कोलमैन ने यह विधेयक पेश कर राष्ट्रपति ट्रंप के उस फैसले को निरस्त करने की मांग की है, जिसमें एच-1बी वीजा पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियुक्त करने वाले नियोक्ताओं पर सख्त वेतन शर्तें और भारी शुल्क लगाए गए थे। राष्ट्रपति ट्रंप ने सितंबर 2025 में एक ऐसे फैसले की घोषणा की थी, जिसके तहत एच-1बी वीजा कर्मचारियों के लिए अनिवार्य वेतन

स्तर को काफी बढ़ा दिया गया और ऐसे कर्मचारियों को रखने वाले नियोक्ताओं पर एक लाख डॉलर का शुल्क भी लगाया गया। इस फैसले का उद्देश्य कथित तौर पर अमेरिकी श्रमिकों के हितों की रक्षा करना था।

हालांकि, डेमोक्रेटिक सांसद कोलमैन का मानना है कि यह 'अल्पदृष्टि वाली घोषणा' अमेरिकी नियोक्ताओं, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों और शोध संस्थानों के लिए बड़ी बाधाएं खड़ी कर रही है। ये संस्थान उच्च कौशल वाले पेशेवरों पर बहुत अधिक निर्भर करते हैं। कोलमैन ने जोर देकर कहा कि एच-1बी वीजा प्रोग्राम कभी भी घरेलू वर्कफोर्स का विकल्प नहीं रहा है, बल्कि यह अमेरिकी और वैश्विक प्रतिभा के बीच एक सेतु का काम करता है, जो देश की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करता है।

एच-1बी वीजा प्रोग्राम का महत्व

एच-1बी वीजा प्रोग्राम अमेरिकी नियोक्ताओं को उन विशेष क्षेत्रों में विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति देता है, जहाँ कुशल श्रमिकों की कमी होती है। विशेष रूप से टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, हेल्थकेयर और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में इस कार्यक्रम की महत्ता सर्वविदित है।

विधेयक का समर्थन और चिंताएं

कोलमैन के विधेयक को कई लोगों का समर्थन मिला है। समर्थकों का कहना है कि अधिक वेतन सीमा और महंगे शुल्क के कारण कार्यक्रम को कड़ा बनाने से उन संस्थानों के लिए आवश्यक प्रतिभा को आकर्षित करना मुश्किल हो गया है, जो नवाचार (इनोवेशन) और महत्वपूर्ण सेवाओं को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष चिंता

वॉटसन कोलमैन ने इस बात पर विशेष चिंता व्यक्त की है कि ये पाबंदियां ऐसे समय में लागू की गई हैं जब अमेरिका का स्वास्थ्य क्षेत्र पहले से ही भारी दबाव का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा, "उम्रदराज कार्यबल, कोविड-19 का प्रभाव, एच-1बी वीजा पर प्रतिबंध और ट्रंप प्रशासन द्वारा नर्सिंग डिग्री के लिए संघीय छात्र ऋण पर हालिया सीमाओं के कारण आने वाले वर्षों में नर्सों की कमी का एक गंभीर संकट पैदा हो सकता है।"

न्यूज गैलरी

बार काउंसिल चुनाव की निगरानी करने वाली समिति पर एफआईआर

नई दिल्ली। बार काउंसिल चुनावों की निगरानी के लिए बनाई गई हाई-पावर कमेटी के खिलाफ दर्ज एफआईआर के मामले में सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा। सोमवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस बात की जानकारी दी। इस मामले में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और वरिष्ठ वकिल मनन कुमार मिश्रा ने बताया कि एक वकील ने समिति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मिश्रा ने कहा कि यह मामला बहुत गंभीर है। उनके अनुसार, एक वकील की अपील पर विचार नहीं किया गया, इसलिए उसने समिति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। यह मामला महाराष्ट्र और गोवा राज्य बार काउंसिल चुनाव से जुड़ा है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मामले की सुनवाई मंगलवार को की जाएगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य बार काउंसिल चुनावों की निगरानी के लिए एक विशेष समिति बनाई थी। इस समिति के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया हैं। इसके अन्य सदस्य न्यायमूर्ति रवि शंकर झा जो पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं, और वरिष्ठ वकील वी गिरी हैं। इसके अलावा 18 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया था कि राज्य बार काउंसिल चुनाव से जुड़े किसी भी मामले की याचिका सीधे अदालत में सूचीबद्ध न की जाए। यदि किसी को शिकायत है, तो वह पहले अदालत द्वारा बनाई गई इस समिति के पास जाए।

उग्र हुए यूकेडी कार्यकर्ता, बैरिकेड तोड़े, पुलिस ने पानी की बौछार कर रोका

गैरसैंण(चमोली)। ग्रीष्मकालीन राजधानी में धामी सरकार करीब सात माह बाद पहुंची है। सत्र के पहले दिन उत्तराखंड क्रांति दल ने दिवालीखाल में प्रदर्शन कर ताकत दिखाई। स्थायी राजधानी, अंकिता भंडारी हत्याकांड सहित अन्य समस्याओं को लेकर दल ने विधानसभा घेराव की योजना बनाई। इस दौरान दिवालीखाल में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस बीच पुलिस को चकमा देकर कुछ कार्यकर्ता विधानसभा तक पहुंच गए। पुलिस ने 10 से 15 कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। यूकेडी कार्यकर्ताओं ने पुलिस की गाड़ियां रोक दी। गाड़ियों में हिरासत में ले जा रहे आंदोलनकरियों को उतारा। पुलिस के साथ हुई झड़प। इसके बाद पुलिस ने पानी की बौछार कर उन्हें आगे बढ़ने से रोका।

लेबनान में हड्डियों तक को गला देने वाले केमिकल का इस्तेमाल का दावा

नई दिल्ली। मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स वॉच ने इस्राइल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि इस्राइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के एक गांव पर व्हाइट फॉस्फोरस वाले गोले दागे, जो अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत विवादित और खतरनाक हथियार माने जाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, संगठन ने सात तस्वीरों को जियोलोकेट और सत्यापित कर यह निष्कर्ष निकाला कि इस्राइल ने दक्षिणी लेबनान के योहमोर गांव के रिहायशी इलाकों में तोपखाने के जरिए व्हाइट फॉस्फोरस का इस्तेमाल किया। यह हमला उस समय हुआ जब इस्राइली सेना ने कुछ घंटे पहले ही गांव के निवासियों और दक्षिणी लेबनान के कई अन्य गांवों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी थी। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा कि वह स्वतंत्र रूप से यह पुष्टि नहीं कर पाया कि उस समय गांव में कोई नागरिक मौजूद था या इस हमले में किसी को नुकसान पहुंचा। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के मुताबिक, घनी आबादी वाले क्षेत्रों में व्हाइट फॉस्फोरस का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन माना जाता है। यह रासायनिक पदार्थ अत्यधिक गर्म होकर जलता है, जिससे इमारतों में आग लग सकती है और यह मानव शरीर को हड्डियों तक जला सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मामूली जलन के बाद भी पीड़ितों को संक्रमण, अंगों के फेल होने या सांस संबंधी गंभीर समस्याओं का खतरा बना रहता है। ह्यूमन राइट्स वॉच के लेबनान शोधकर्ता रामजी काइस ने कहा कि रिहायशी इलाकों के ऊपर इस्राइली सेना द्वारा व्हाइट फॉस्फोरस का इस्तेमाल बेहद चिंताजनक है और इससे नागरिकों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इस मामले पर इस्राइली सेना की ओर से तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। हालांकि, इससे पहले सेना यह कहती रही है कि वह व्हाइट फॉस्फोरस का इस्तेमाल स्मोक स्क्रीन बनाने के लिए करती है, न कि नागरिकों को निशाना बनाने के लिए।

विदेश मंत्री ने जताई ऊर्जा सुरक्षा और प्रवासियों की चिंता, कूटनीति पर जोर

■ सरकार बढ़ते तनाव को लेकर काफी गंभीर

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों और ऊर्जा संकट पर राज्यसभा में विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने राज्यसभा में पश्चिम एशिया के हालात पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि सरकार इस क्षेत्र में बढ़ते तनाव को लेकर काफी गंभीर है। भारत ने 20 फरवरी को ही एक बयान जारी कर अपनी चिंता जाहिर कर सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की थी।

जयशंकर ने कहा यह विवाद लगातार बढ़ रहा है जिससे इलाके की सुरक्षा की स्थिति खराब हो गई है। इसका असर आम जिंदगी और कामकाज पर पड़ रहा है। इस संकट में भारत ने अपने दो नाविकों को खो दिया है और एक नाविक अभी भी लापता है।

ईरान ने जताया आभार

विदेश मंत्री ने यह भी बताया कि फिलहाल ईरान के बड़े नेताओं से संपर्क करना मुश्किल है। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्री ने भारत का शुक्रिया अदा किया है। भारत ने मानवीय आधार पर ईरानी युद्धपोत 'लवन' को कोच्चि पोर्ट पर रुकने की इजाजत दी थी, जिसके लिए ईरान ने आभार जताया है।

प्रधानमंत्री मोदी घटनाक्रम पर रख रहे नजर

विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार नए घटनाक्रमों पर करीब से नजर रख रहे हैं। संबंधित मंत्रालय आपस में तालमेल बिठाकर काम कर रहे हैं ताकि सही कदम उठाए जा सकें। उन्होंने बताया कि यह विवाद भारत के लिए बड़ी चिंता की बात है। खाड़ी देशों में करीब एक करोड़ भारतीय रहते हैं। ईरान में भी हजारों भारतीय छात्र और कर्मचारी मौजूद हैं। यह इलाका भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि यहां तेल और गैस के मुख्य सप्लायर हैं। सप्लाई चेन में रुकावट आना एक गंभीर मुद्दा है।

तेहरान में भारतीय दूतावास हाई अलर्ट पर

भारतीयों की सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि तेहरान में भारतीय दूतावास छात्रों को सुरक्षित जगहों पर भेजने में मदद कर रहा है। ईरान में मौजूद व्यापारियों को आर्मेनिया के रास्ते भारत लौटने में सहायता दी गई है। तेहरान में भारतीय दूतावास पूरी तरह सक्रिय और हाई अलर्ट पर है। अब तक लगभग 67,000 भारतीय नागरिक वापस लौटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर चुके हैं। सरकार अपने लोगों को वापस लाने की पूरी कोशिश कर रही है।

स्थाई शांति जरूरी: विदेश मंत्री ने कहा कि मिडिल ईस्ट में स्थायी शांति जरूरी है। एक करोड़ भारतीय लोग खाड़ी देश में रहते हैं, ईरान में भी कई हजार भारतीय समुदाय के लोग रहते हैं छात्र भी वहां पढ़ाई करते हैं। सरकार मिडिल ईस्ट की स्थिति पर नजर बनाए हुए है. हम ईरान में रह रहे भारतीय लोगों को भी जानकारी दे रहे हैं।

पूर्व अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार ने ईरान से जंग पर जताई चिंता

■ ट्रंप की रणनीति की जैक सुलिवन ने की आलोचना

वॉशिंगटन। पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष अब अपने दसवें दिन में प्रवेश कर चुका है। इसके बाद भी ये संघर्ष कम होने के बजाय और भयावह रूप लेता नजर आ रहा है। इसी बीच अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने ट्रंप प्रशासन के ईरान के साथ युद्ध को लेकर चिंता व्यक्त की है। साथ ही ट्रंप की ईरान के साथ युद्ध नीति की आलोचना भी की है। उन्होंने कहा है कि युद्ध एक स्पष्ट रणनीतिक उद्देश्य के बिना भटक सकता है, भले ही अमेरिकी सैन्य अभियान सामरिक स्तर पर सफल दिख रहे हों। सुलिवन ने सीएनएन के शो 'फरीद जकारिया जीपीएस' में कहा कि अमेरिकी सेना बहुत कुशल, साहसी और पेशेवर है, लेकिन युद्ध का अंतिम उद्देश्य अब भी साफ नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह युद्ध अमेरिकी सैनिकों के लिए खतरा पैदा कर रहा है, और अब तक सात सैनिकों की जान जा चुकी है। उनका कहना है कि प्रशासन ने युद्ध के लिए कई अलग-अलग वजहें बताई हैं, लेकिन कोई स्पष्ट रणनीति नहीं है, और यह समय के साथ बदलती रहती हैं। सुलिवन ने आगे कहा कि युद्ध के शुरुआती एक हफ्ते से भी ज्यादा समय बाद अस्पष्ट रणनीति एक गंभीर जोखिम है। उन्होंने ट्रंप प्रशासन की वेनेजुएला में पहले की कार्रवाई से गलत सबक लेने की भी आलोचना की। उनका कहना है कि इससे यह संदेश जा सकता है कि अमेरिका कहीं भी, किसी भी समय सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकता है।

भू-राजनीतिक खतरे और रूस का फायदा

इसके साथ ही सुलिवन ने चेतावनी दी कि इस युद्ध के अनपेक्षित भू-राजनीतिक परिणाम हो सकते हैं, जिससे खासकर रूस को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि रूस अमेरिकी सैनिकों के ठिकानों की जानकारी हासिल कर ईरान को मदद दे सकता है।

अबूधाबी में सबसे बड़े हिंदू मंदिर पर अलर्ट... जंग के बीच बंद किया गया BAPS टेंपल

नई दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी में स्थित BAPS Hindu Mandir Abu Dhabi को मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है. मंदिर प्रशासन ने घोषणा की है कि मंदिर सोमवार अगले आदेश तक श्रद्धालुओं और आगंतुकों के लिए बंद रहेगा. पहले यह आदेश 9 मार्च 2026 तक के लिए है.

मंदिर में रहने वाले स्वामी और संत नियमित रूप से मंदिर के भीतर प्रार्थना और पूजा जारी रखेंगे. मंदिर प्रशासन के अनुसार वे देश और दुनिया में शांति, सुरक्षा और सभी लोगों के कल्याण के लिए प्रार्थना करेंगे. मंदिर की ओर से लोगों से अपील की गई है कि वे शांत रहें, किसी भी तरह की अफवाहों से बचें और जहां तक संभव हो घरों में ही रहें. साथ ही सभी से आग्रह किया गया है कि वे सरकारी एजेंसियों द्वारा जारी आधिकारिक सुरक्षा दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करें.

बता दें कि, संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी में बना बोचनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण मंदिर UAE में बना सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है. यह भारतीय वास्तुकला, संस्कृति और आस्था का अनोखा प्रतीक बनकर उभरा है. करीब 27 एकड़ में फैले इस मंदिर परिसर को पारंपरिक नागर शैली में बनाया गया है।

करूर भगदड़ मामला: अभिनेता विजय से सीबीआई फिर करेगी पूछताछ

नई दिल्ली। करूर भगदड़ मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अभिनेता और टीवीके प्रमुख विजय को पूछताछ के लिए मंगलवार को फिर से तलब किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे पहले अभिनेता से 12 और 19 जनवरी को एजेंसी के मुख्यालय में पूछताछ की जा चुकी है। जांच के दौरान सीबीआई को कुछ नए तथ्यों और दस्तावेजों से जुड़ी जानकारी मिली है, जिन पर स्पष्टीकरण लेने के लिए विजय को दोबारा बुलाया गया है। इसी के

मद्देनजर उन्हें एक नया नोटिस जारी किया गया है। यह घटनाक्रम तमिलनाडु के करूर में 27 सितंबर 2025 को हुई उस दुखद भगदड़ से जुड़ा है, जिसमें अभिनेता विजय की एक रैली के दौरान 41 लोगों की जान चली गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हुए थे। यह मामला मूल रूप से एक विशेष जांच दल द्वारा संभाला जा रहा था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने इसकी कमान अपने हाथों में ले ली। सीबीआई इस मामले से संबंधित सबूतों को एकत्र करने में जुटी हुई है, ताकि घटना के कारणों और जिम्मेदारियों का पता लगाया जा सके। पिछले साल अक्तूबर में, शीर्ष अदालत ने सीबीआई निदेशक को इस मामले की जांच के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया था।

'सिर्फ सुप्रीम कोर्ट में तय होगा एसआईआर मामला', टीएमसी ने जताई नाराजगी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि चुनाव आयोग के प्री-पोल परामर्श बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर उनकी चिंताओं को सुना ही नहीं गया।

बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि पार्टी की तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल को बताया गया कि चूंकि इस मुद्दे पर टीएमसी सुप्रीम कोर्ट गई है, इसलिए यह वहां तय होगा और चुनाव आयोग का इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं है। बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू, विवेक जोशी और पश्चिम बंगाल के सीईओ मनोज अग्रवाल ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से न्यू टाउन, कोलकाता के एक होटल में चर्चा की। भट्टाचार्य ने कहा ÷मैं महिला हूं और मुझसे कहा गया 'चिल्लाओ मत'। जब हम लोगों के अधिकारों की बात कर रहे हैं, तो हमें क्यों नहीं अपनी आवाज उठाने दी जा रही?÷ उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने बार-बार सुप्रीम कोर्ट में मामला होने का हवाला दिया। भट्टाचार्य ने सवाल उठाया अगर मामला सुप्रीम कोर्ट में है, तो हमें बैठक में बुलाने का क्या मतलब था? बुलाया है तो हमारी बातें क्यों नहीं सुनी जा रही हैं?

फर्जी आशंका और नागरिकों की परेशानियां

कोलकाता के मेयर फिरहाद हाकिम ने कहा कि बंगाल में घुसपैठियों की झूठी छवि बनाई जा रही है, जिससे असली भारतीय नागरिकों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पिछले दो महीनों में कोई भी घुसपैठिया या रोहिंग्या नहीं पकड़ा गया, लेकिन सामान्य नागरिकों को लंबी कतारों में खड़ा किया जा रहा है, कई लोग बीमार पड़ गए और कुछ की मृत्यु हो गई। हाकिम ने कहा कि मतदान का अधिकार संवैधानिक अधिकार है और असली नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाना असंवैधानिक होगा।

चुनाव आयोग से पार्टी की मांग

भट्टाचार्य और हाकिम ने कहा कि चुनाव आयोग से कितने चरणों में चुनाव कराने की मांग है, यह महत्वपूर्ण नहीं है। सबसे अहम यह है कि असली वोटर क्कक्क के प्रभाव में आकर सूची से न हटें। टीएमसी प्रतिनिधि मंडल में पूर्व डीजीपी और राज्यसभा उम्मीदवार राजीव कुमार भी शामिल थे।

अमेज़न का सैलर्स के लिए तोहफा: 12.5 करोड़+ प्रोडक्ट्स पर जीरो रेफरल फीस

मुंबई। आज Amazon इंडिया ने फीस में कटौती की घोषणा की, जिससे देश में लाखों सैलर्स तेजी से वृद्धि करने में समर्थ बनेंगे। पिछले साल फीस रिवीज़न के बाद कंपनी ने जीरो रेफरल फीस के कवरेज में 10 गुना से ज्यादा वृद्धि करते हुए इसे साल 2025 में 1.2 करोड़ प्रोडक्ट्स से साल 2026 में 12.5 करोड प्रोडक्ट्स तक बढ़ा दिया। जीरो रेफरल फीस 1800 से अधिक कैटेगरीज़ के उन प्रोडक्ट्स पर लागू होगी, जिनके मूल्य 1,000 रुपये से कम हैं। इसके अलावा, एमेज़ॉन ने 300 रुपये से कम मूल्य के 20 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर इज़ी शिप फीस को भी कम कर दिया है। इज़ी शिप के अंतर्गत सैलर्स प्रोडक्ट्स को अपनी दुकान में स्टोर

कर सकते हैं तथा इनका पिकअप और डिलीवरी एमेज़ॉन द्वारा संभाले जाते हैं। इज़ी शिप के अंतर्गत प्रोडक्ट्स की अपफ्रंट लॉजिस्टिक्स लागत कम होने के कारण ई-कॉमर्स शुरू करने वाले या अपना ई-कॉमर्स व्यवसाय बढ़ाने वाले सैलर्स का यह पसंदीदा ऑप्शन है। एक ही बॉक्स में कई यूनिट शिप करने वाले सैलर्स दूसरी यूनिट पर सैलिंग फीस में 90 प्रतिशत से अधिक बचत कर सकते हैं, जिससे उनकी कुल बचत और अधिक बढ़ जाती है। यह रिवाईज़्ड फीस 16 मार्च, 2026 से लागू होगी। एमेज़ॉन इंडिया के डायरेक्टर, सैलिंग पार्टनर सर्विसेज़, अमित नंदा ने कहा, ''पिछले साल फीस में कटौती की सफलता के बाद अब हम और ज्यादा सैलर्स तक इसका लाभ पहुँचा रहे हैं। हम [illegible] पर सैलिंग को टियर 2 और टियर 3 शहरों के छोटे व्यापारियों के लिए और अधिक फायदेमंद बनाना चाहते हैं। 1,800 से अधिक कैटेगरीज़ में 12.5 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स पर रेफरल फीस के खत्म होने और लॉजिस्टिक्स की लागत घटने से सैलर्स को फीस में 70 प्रतिशत तक की बचत प्राप्त होगी। फीस में यह कटौती सैलर्स और ग्राहकों को ज्यादा लाभ प्रदान करने की एमेज़ॉन की निरंतर कोशिशों को दिखाती है।''

एमेज़ॉन ने आर्मी वीमेन वैलफेयर एसोसिएशन के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए

रायपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर आज एमेज़ॉन इंडिया ने आर्मी वीमेन वैलफेयर एसोसिएशन के साथ एक मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए। इस एम.ओ.यू के अंतर्गत सैन्य परिवार की महिलाओं को उद्यमिता के अवसर प्रदान किए जाएंगे। एमेज़ॉन की वार्षिक ईवेंट, एलिवेटहर में घोषित इस एम.ओ.यू के अंतर्गत एडब्लूडब्लूए के साथ रजिस्टर्ड सैकड़ों महिला उद्यमियों, सैनिकों की पत्नियों, पूर्व सैनिकों की पत्नियों, वीर नारी और सैन्य विधवाओं को साल 2029 तक एमेज़ॉन.इन पर अपना बिज़नेस शुरू करने और उसका विस्तार करने में सहायता दी जाएगी। इस एम.ओ.यू के अंतर्गत एमेज़ॉन द्वारा

ई-कॉमर्स और मार्केटप्लेस की कारगर विधियों के बारे में संरचनाबद्ध ऑनबोर्डिंग और ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। एडब्लूडब्लूए उद्यमियों को एमेज़ॉन के फुलफिलमेंट और लॉजिस्टिक नेटवर्क का सहयोग भी दिया जाएगा तथा उनके प्रोडक्ट्स एमेज़ॉन सहेली स्टोरफ्रंट पर विज़िबल कराए जाएंगे। एमेज़ॉन के इस सहयोग से मिलिटरी परिवार की महिलाओं को पूरे भारत के ग्राहकों तक पहुँच प्राप्त होगी।

दीप्ति वर्मा, वाईस प्रेसिडेंट, पीएक्सटी, एमेज़ॉन स्टोर्स इंडिया, जापान और इमर्जिंग मार्केट्स ने कहा, ''हमें मिलिटरी परिवार की महिलाओं को उद्यमिता के अवसर प्रदान करने के लिए एडब्लूडब्लूए के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। एमेज़ॉन में हम उन्हें अपना सस्टेनेबल ऑनलाईन बिज़नेस स्थापित करने में अपना सहयोग और बाजार की पहुँच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस सहयोग के माध्यम से महिला उद्यमी एमेज़ॉन.इन पर संरचनाबद्ध ऑनबोर्डिंग सहायता तथा मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगी, जिससे उन्हें एमेज़ॉन.इन पर अपना बिज़नेस स्थापित करने और उसे आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।''

तारे जमीन पर अभिनेता दर्शील सफारी की हुई नई फिल्म में एंट्री

मुंबई। दर्शील सफारी अब मोहित रैना और प्रियामणि के साथ एक नई अंतरराष्ट्रीय फिल्म में काम करने जा रहे हैं। यह फिल्म भारत और हॉलीवुड के बीच सहयोग की एक बड़ी मिसाल है। यह फिल्म पहचान, परिवार और संस्कृति जैसे विषयों पर आधारित हो सकती है। 'तारे जमीन पर' से मशहूर हुए दर्शील सफारी अपनी नई फिल्म में एक बहुत महत्वपूर्ण और भावुक भूमिका निभाएंगे। कथित तौर पर दर्शील के लिए यह भूमिका निभाना उनके करियर के लिए बहुत खास होगी। दर्शील का किरदार फिल्म में भारत और विदेश के बीच भावनाओं का पुल बनेगा। बहरहाल, फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। इसे मुंबई की कंपनी

एज्योर एंटरटेनमेंट और अमेरिका की रेड बाइसन प्रोडक्शंस मिलकर बना रही हैं। एज्योर एंटरटेनमेंट ने 'बदला', 'केसरी' और 'रॉकी हैंडसम' जैसी फिल्में बनाई हैं। इस फिल्म में मोहित रैना और प्रियामणि पहली बार साथ नजर आएंगे। इस फिल्म को हर्ष महादेश्वर ने लिखा है। इसका निर्देशन भी हर्ष करेंगे। फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन में है और इस साल के आखिर कर फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी।

खबरों की मरम्मत

खेती में भाजपा नेता का गजब का 'नवाचार'

छत्तीसगढ़ प्रदेश कृषि प्रधान राज्य है। यहां धान की फसल सबसे ज्यादा होती है। राज्य बनने के बाद से सरकार धान की बजाय दूसरे लाभकारी फसल की पैदावार को बढ़ावा देने लगातार किसानों को जागरूक कर रही है। लेकिन, दुर्ग जिले के भाजपा नेता ने लाभकारी फसल लेने में गजब का 'नवाचार' कर दिया। इस नवाचार के कारण पूरे प्रदेश में भाजपा की भद्द पिट गई है। दुर्ग जिले के समोदा गांव में मक्का की फसल के बीच अफीम की खेती की जा रही थी। नवाचारी भाजपा नेता को पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है। लेकिन, अब कांग्रेस को हमलावर होने का मौका मिल गया है। कांग्रेस ने सवाल किया है कि भाजपा नेता प्रदेश के दूसरे हिस्से में और कहां-कहां खेती के 'अफीमी नवाचार' कर रहे हैं?

अवैध शराब बेचने के नायाब 'नवाचार'

अवैध शराब बिक्री के मामले में पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में एक सिंडिकेट ने जमकर लूटखसोट की। भाजपा इस लूटखसोट को लेकर कांग्रेस सरकार को लगातार घेरती रही है। भाजपा सरकार में भले ही सुशासन का दावा किया जा रहा हो, लेकिन मौजूदा सरकार में भी अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। हालत ये है कि अवैध शराब बेचने के लिये कई 'नवाचारी प्रयोग' किये जा रहे हैं। राज्य में महतारी एक्सप्रेस में शराब तस्करी से लेकर मुंगेली के एक स्कूल को अवैध शराब का डंपिंग यार्ड बनाने का खुलासा हो चुका है। राजनांदगांव में नकली होलोग्राम लगाकर शराब बेचने का भांडा भी फूटा। बड़ा सवाल ये है कि सुशासन का दावा करने वाली भाजपा सरकार क्या शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाएगी या नवाचार का गोरखधंधा चलता रहेगा।

धान खरीदी में करप्शन का अनोखा 'नवाचार'

छत्तीसगढ़ में अरबों रुपए की धान खरीदी में 'भांति-भांति प्रकार के करप्शन' दशकों से हो रहे हैं। तौल में गड़बड़ी, बारदाने के वजन में गड़बड़ी, खेती के रकबे में हेरफेर कर अवैध तरीके से धान खरीदी-बिक्री सहित कई मामले बीते वर्षों में उजागर हुए हैं। इस साल करोड़ों का धान चूहे द्वारा हजम कर लिये जाने का 'नवाचार' उजागर होने के बाद अब करप्शन के नए नवाचारी प्रयोग की तस्वीर सामने आई है। अभनपुर के मलेरा गांव के धान खरीदी केंद्र में सीसीटीवी बंद कर बाकायदा पंप से तालाब का पानी खींचकर धान भिगोया जा रहा था, ताकि धान का वजन बढ़ाया जा सके। पानी से भीगने पर धान का वजन जितना बढ़ता, उतना धान कर्मचारी हजम कर लेते। लेकिन, भांडा फूट गया। चार कर्मचारी बर्खास्त हो गए। ये बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात ये है कि पूरे प्रदेश में धान भिगोने का खेल और कहां हो रहा है? किस पैमाने पर हो रहा है? क्या इसकी जांच होगी या ज. ।

अपराधिक 'नवाचार' में दुर्ग जिला टॉप पर

दुर्ग जिले को ताकतवर राजनीतिक शख्सियतों के लिहाज से काफी आगे माना जाता रहा है। चंदूलाल चंद्राकर, मोतीलाल वोरा जैसी ताकतवर राजनीतिक हस्तियों के बाद ताम्रध्वज साहू, सरोज पांडेय, भूपेश बघेल भी राष्ट्रीय क्षितिज पर उभरे, जिसके कारण दुर्ग जिले का नाम छाया रहा। लेकिन बीते पांच सात साल से दुर्ग जिला 'अपराधिक नवाचार' में अव्वल नंबर पर है। पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में महादेव सट्टा एप फलता-फूलता रहा। बाद में पूरे देश में महादेव सट्टा एप पर दांव लगने और देशव्यापी सट्टे की जड़ें दुबई से संचालित होने की खबर सामने आई। इस विराट अपराधिक नवाचार के बाद अब हाल ही में डायमंड 7777 बुक से सट्टा एप के संचालन की खबरें सामने आई हैं। सट्टेबाजी में नित नए नवाचारों के बाद अफीम की खेती का नवाचारी प्रयोग भी उजागर हो गया है। अब यह साबित हो गया है कि नित नए अपराध गढ़ने में दुर्ग जिला को कोई टक्कर नहीं दे सकता। देखना ये है कि दुर्ग जिले में अगले अपराधिक नवाचार का खुलासा कब होगा ?

हत्या हो या रेप- अपना सपना 'मनी-मनी'

होली के दिन 24 घंटे में सिर्फराजधानी में ही 4 हत्याएं हो गई। इन सभी मामलों में एक कॉमन वजह शराब का सेवन था। पूरे प्रदेश में शराब के कारण हत्या, रेप व अन्य अपराधों के आंकड़े भी काफी चिंताजनक है। इसके बावजूद सरकार ने नया फरमान जारी कर दिया है। फरमान में कहा गया है कि बार, रेस्टॉरेंट और होटलों में शराब की बिक्री तय लिमिट से कम नहीं होनी चाहिये। अगर कम बिक्री हुई तो जुर्माना लगेगा। हर महीने निर्धारित स्टाक उठाना होगा और खपाना भी होगा। आबकारी विभाग ने साफ कर दिया है कि ज्यादा से ज्यादा शराब बेचकर राजस्व कमाना ही एकमात्र लक्ष्य है। चाहे शराब पीकर लोग हत्याएं करें या रेप करें, आतंक मचाएं या राज्य सरकार की किरकिरी करते रहें, आबकारी विभाग को इन सबसे कोई लेना देना नहीं है। आबकारी विभाग के अफसर हर हाल में शराब बिक्री ज्यादा से ज्यादा करने पर आमादा हैं। क्योंकि आबकारी विभाग का एक ही सपना है - 'अपना सपना मनी मनी'

सड़कों पर सीएम हुए लाल, अफसर मालामाल

करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़कें कुछ महीने में ही खस्ताहाल हो रही हैं। ऐसी कई सड़कों की रिपोर्ट मिलने के बाद सीएम विष्णुदेव साय ने मीटिंग में गुस्से का इजहार किया। सीएम ने साफ कहा है कि सड़कों का निर्माण होने के चार साल बाद भी न चले तो ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड किया जाए। महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि एक दशक पहले तक ठेकेदारों को सड़क निर्माण के बाद तीन साल की गारंटी देनी पड़ती थी। यानी तीन साल की अवधि में सड़क उखड़ने पर ठेकेदार को रिपेयर करना पड़ता था। लेकिन, बाद में अफसरों ने मिलीभगत करते हुए कमीशन का परसेंट बढ़ाया और गारंटी पीरियड को घटाकर एक साल कर दिया। अफसरों की शह मिलने से क्वालिटी पहले की तुलना में कमतर होने के कारण अब सड़कें कम समय में खस्ताहाल हो रही है। अब चाहे सीएम गुस्से का इजहार करें या मंत्री लाल-पीले हों, कमीशन बढ़ने से अफसर तो मालामाल हो रहे हैं।

16 मार्च से शुरू होंगी 5वीं-8वीं की केंद्रीकृत परीक्षाएं, प्रश्नपत्र में ही लिखने होंगे उत्तर

भिलाई/नवप्रदेश। जिले में पांचवीं और आठवीं कक्षा की केंद्रीकृत परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू होंगी। इस बार परीक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। विद्यार्थियों को अलग से उत्तर पुस्तिका नहीं दी जाएगी, बल्कि प्रश्नपत्र में दी गई खाली जगह में ही निर्धारित शब्द सीमा में उत्तर लिखना होगा।

इस वर्ष शासकीय स्कूलों के साथ-साथ निजी स्कूलों के विद्यार्थी भी केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। इससे परीक्षा प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और मूल्यांकन कार्य सरल होने की उम्मीद है। जिला शिक्षा विभाग ने परीक्षा की तैयारी लगभग पूरी कर ली है। स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया गया है और शासकीय व निजी स्कूलों को परीक्षा का ब्लूप्रिंट भी उपलब्ध कराया गया है, ताकि उसी के आधार पर विद्यार्थियों को तैयारी कराई जा सके।

प्रोजेक्ट वर्क भी होगा शामिल: पिछले वर्ष से पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की जा रही हैं। इस बार इसे और व्यवस्थित करते हुए केंद्रीकृत प्रणाली लागू की गई है। इसके तहत सरकारी और निजी दोनों स्कूलों के लिए एक ही प्रश्नपत्र तैयार किया जाएगा और उसी में उत्तर लिखने की व्यवस्था होगी। निर्देशों के अनुसार पांचवीं कक्षा की परीक्षा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित होगी, जबकि आठवीं कक्षा की परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि पांचवीं और आठवीं की परीक्षाओं की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है और सभी स्कूलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

परीक्षा का टाइम टेबल

पांचवीं कक्षा

16 मार्च - गणित
19 मार्च - अंग्रेजी
23 मार्च - हिंदी
25 मार्च - पर्यावरण

आठवीं कक्षा

17 मार्च - गणित
20 मार्च - हिंदी
24 मार्च - अंग्रेजी
30 मार्च - सामाजिक विज्ञान
2 अप्रैल - विज्ञान
6 अप्रैल - संस्कृत / उर्दू

मुख्यमंत्री साय ने बीएसएस प्रणवानंद स्कूल के 'कल्चरल एंड हेरिटेज म्यूजियम' का किया अवलोकन

महापुरुषों के जीवन और विचारों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ेगी नई पीढ़ी: साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित बीएसएस प्रणवानंद स्कूल परिसर पहुंचकर भारत माता की मूर्ति तथा भारत सेवाश्रम संघ के संस्थापक स्वामी प्रणवानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया।

मुख्यमंत्री साय ने स्कूल परिसर में स्थापित कल्चरल एंड हेरिटेज म्यूजियम का अवलोकन किया। स्कूल के सचिव स्वामी शिवरूपानंद जी महाराज ने उन्हें संग्रहालय का विस्तृत भ्रमण कराया। मुख्यमंत्री ने उत्सुकता के साथ संग्रहालय में प्रदर्शित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, ऋषि-मुनियों तथा भारत सेवाश्रम संघ द्वारा संचालित मानव कल्याण से जुड़े कार्यों और गतिविधियों की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्कूली बच्चों को भारत के समृद्ध इतिहास, ऋषि-मुनियों, महान चिंतकों, धर्म प्रवर्तकों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान से परिचित कराने की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भारत की सभ्यता और संस्कृति अत्यंत प्राचीन, समृद्ध और गौरवशाली रही है, जिसे हमारे ऋषि-मुनियों, विद्वानों और महापुरुषों ने अपने ज्ञान, तप और त्याग से और अधिक समृद्ध बनाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई पीढ़ी को अपने इतिहास, संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इससे बच्चों में अपने राष्ट्र, संस्कृति और मूल्यों के प्रति गर्व की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि बीएसएस प्रणवानंद स्कूल द्वारा स्थापित यह संग्रहालय भावी पीढ़ी को हमारे धर्म, ग्रंथों, संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का प्रेरणादायक माध्यम बनेगा। इस अवसर पर स्कूल के सचिव स्वामी शिवरूपानंद जी महाराज ने मुख्यमंत्री साय को शॉल एवं स्मृति-चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया।

उल्लेखनीय है कि बीएसएस प्रणवानंद स्कूल में भारत के महान ऋषि-मुनियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले महान व्यक्तित्वों की प्रतिमाएं उनके जीवन और कार्यों की जानकारी के साथ स्थापित की गई हैं। इनमें महर्षि वेदव्यास, ब्रह्मर्षि विश्वामित्र, सुश्रुत, कणाद, आर्यभट्ट, रामानुजाचार्य, स्वामी विवेकानंद, राजा राममोहन राय, पृथ्वीराज चौहान, रानी लक्ष्मीबाई, खुदीराम बोस, महर्षि दयानंद और भगवान बिरसा मुंडा सहित अनेक महान विभूतियां शामिल हैं। इस अवसर पर प्राचार्य आनन्दिता घोष, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

रिसाली निगम ने राजस्व वसूली तेज करने टैक्स काउंटर खोला

भिलाई/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रिसाली दा टैक्स वसूली का लक्ष्य द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम महीने मार्च में राजस्व वसूली को तेज करते हुए टैक्स काउंटर खोले गए हैं। निगम प्रशासन ने करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अवकाश के दिनों में भी टैक्स काउंटर खुले रखने का निर्णय लिया है, ताकि नागरिक बिना किसी परेशानी के अपना कर जमा कर सकें।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि करदाता चालू वित्तीय वर्ष का टैक्स बिना किसी अधिभार या जुर्माने के 31 मार्च से पहले जमा कर सकते हैं। इसके लिए निगम के टैक्स कलेक्टर भी वार्डों में घर-घर पहुंचकर कर वसूली के लिए दस्तक दे रहे हैं, और नागरिकों को समय पर टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

निगम क्षेत्र के भवन एवं भूमि स्वामियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 का संपत्तिकर, जलकर 31 मार्च से पहले जमा करने की अपील की गई है। समय पर कर जमा करने से नागरिकों को अतिरिक्त अधिभार और जुर्माने से बचने का लाभ मिलेगा। जिन करदाताओं ने अभी तक अपना पुराना संपत्तिकर जमा नहीं किया है, वे भी 31 मार्च से पहले भुगतान कर अधिभार से बच सकते हैं। करदाताओं की सुविधा के लिए नगर निगम ने ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई है। इसके लिए निगम द्वारा लिंक जारी किया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक घर बैठे ही अपने करों का भुगतान कर सकते हैं। निगम प्रशासन ने यह भी जानकारी दी है कि प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को भी टंकी कार्यालय में संपत्तिकर काउंटर सुबह खुले रहेंगे। करदाता अवकाश के दिनों में भी अपने करों का भुगतान कर सकते हैं।

31 मार्च से पहले बकाया टैक्स जमा कर दें

नगर निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने करदाताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक 31 मार्च 2026 से पहले अपने बकाया करों का भुगतान कर दें, जिससे उन्हें अतिरिक्त अधिभार बचने का लाभ मिलेगा और नगर निगम से को भी विकास कार्यों के लिए राजस्व प्राप्त होगा। निगम ने कहा कि करदाता अपनी सुविधा अनुसार आपके घर, दुकानों में टैक्स कलेक्टर पहुंच रहे हैं, उनके पास भी टैक्स की राशि जमा कर सकते है, वे निगम के अधिकृत कर्मचारी हैं, उनके ऊपर भी विश्वास कर राशि जमा कर अतिरिक्त अधिभार से बचा जा सकता है।

शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर महिलाओं ने की युवक की पिटाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर एक युवक से मारपीट करते हुए उस पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो महिला आरोपियों को डोंगरगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। आज उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें महिला जेल दुर्ग भेज दिया गया।

कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम ने बताया कि 4 मार्च को पोस्ट आफिस चौक, राजनांदगांव निवासी प्रार्थी संजय मंडावी पिता श्याम साय मंडावी (30 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि 3 मार्च की रात्रि लगभग 12 बजे आरोपी आनंद बिहारी, सिमरन खान तथा विशाखा गोड़ ने उससे और उसके परिजन से शराब पीने के लिए पैसा मांगे। पैसा नहीं देने पर गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देकर डंडा, फायबर के बेंत से ताबड़तोड़ हमला कर उन्हें गंभीर रूप से चोट पहुचाई गई। उन्हें इलाज हेतु पेण्ड्री स्थित अस्पताल में भर्ती होना बताया।

रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351 (3), 109 (1), 119 (1), 3 (5) बीएनएस कायम कर जांच में लिया गया। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गए थे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस की टीम ने मुखबीर का सूचना पर आरोपी फिरोजा उर्फ सिमरन पिता अब्दुल कादिर (26 वर्ष) और विशाखा ठाकुर पिता छोटू ठाकुर (21 वर्ष) को डोंगरगढ़ में घेराबंदी कर पकड़े। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना अपराध स्वीकार किया।

मोहला में आज होगा सामूहिक विवाह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के विकासखण्ड मोहला में गोंड समाज केंद्र सुवरबोड़ की ओर से 10 मार्च को 360 परगना व 14 गढ़ के मालिक, पूर्व जमींदार स्व. कर्मवीर लाल श्याम शाह महाराज की पुण्यतिथि पर सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दिवस को यादगार बनाने समाज द्वारा आदर्श सामूहिक का आयोजन भी किया गया है, जिसमें गोंड समाज के 4 जोड़े सामाजिक रीति-रिवाज और नीति-नियमों के अनुसार परिणय सूत्र में बंधेंगे। मुख्य विधायक इंद्रशाह मंडावी रहेंगे। अतिथि के रूप में मोहला मानपुर के अध्यक्षता गोंड समाज केंद्र अध्यक्ष पुरन सिंह कुमेटी करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में पनाबरस राज जमींदार लक्ष्मेंद्र शाह मंडावी, पूर्व विधायक संजीव शाह कुंजाम आदि उपस्थित रहेंगे।

सुबह-सुबह चाकूबाजी, 80 सीसीटीवी फुटेज देख पुलिस हमलावरों तक पहुंची

चार घंटे में दबोचे गए उरला में धारदार हथियार चलाने वाले दोनों आरोपी

रायपुर/नवप्रदेश। उरला थाना क्षेत्र में रविवार सुबह-सुबह दो बदमाशों ने चाकूबाजी कर दी। सुबह पांच बजे ड्यूटी करके साइकिल से विकास नगर गुढ़ियारी लौट रहे सनत कुमार यदु को स्कूटी सवार युवकों ने रोका और पीठ में धारदार हथियार मार दिया। चूंकि स्कूटी सवारों से कोई विवाद नहीं हुआ था इसलिए घायल कुछ समझ नहीं पाया। वह इलाज कराने अस्पताल पहुंचा, तब पुलिस को खबर लगी। सूचना मिलते ही तुरंत हरकत में आई पुलिस चार घंटे के भीतर 80 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपियों तक पहुंच गई। इनके कब्जे से धारदार चाकू बरामद कर लिया गया। टीआई उरला रोहित मालेकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ धर्मकांटा उरला के पास सुबह पांच बजे साइकिल सवार सनत यदु को रोका गया। दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा किसी गोलनुमा धारदार हथियार से उसे जान से मारने की नीयत से हमला किया। धारा 109 (1), 3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज करके जांच शुरू की गई और आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। आरोपी इमरान कुरैशी एवं राजेश्वर नेताम उर्फ गोपी, दोनों ए.एच.पी. कॉलोनी उरला निवासी हैं।

पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर हाफ मर्डर का केस दर्ज: पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने राजधानी में चाकूबाजी करने वालों पर हत्या का प्रयास (हाफ मर्डर) का मामला दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। एक महीने में राजधानी में उक्त धाराओं के तहत आधा दर्जन से ज्यादा ऐसे मामले दर्ज किए गए हैं। उरला पुलिस ने भी सनत यदु की रिपोर्ट पर धारा 109 बीएनएस (307 भादवि) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस कमिश्नर का कहना है कि चाकू से हमला करने का उद्देश्य हत्या करना ही हो सकता है। घायल को लगी चोटों के साथ-साथ आरोपी हमलावर की नीयत और प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर हत्या के प्रयास के आरोप में कार्रवाई के निर्देश सभी थानों को दिए गए हैं।

शिक्षा: छत्तीसगढ़ के इंजीनियरिंग छात्रों को मिलेगा डबल स्किल का मौका

सीएसवीटीयू में इस सत्र से माइनर डिग्री की शुरुआत

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के इंजीनियरिंग छात्रों के लिए पढ़ाई का दायरा अब और व्यापक होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू) ने नए सत्र से इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में माइनर डिग्री शुरू करने का निर्णय लिया है। इस प्रस्ताव पर आगामी कार्यपरिषद की बैठक में अंतिम मुहर लगने की संभावना है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद इंजीनियरिंग के विद्यार्थी अपने मुख्य विषय के साथ किसी अन्य विषय में भी अतिरिक्त अध्ययन कर सकेंगे। इससे कंप्यूटर साइंस का छात्र मैनेजमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स का छात्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सिविल इंजीनियरिंग का विद्यार्थी डाटा साइंस जैसे आधुनिक विषयों में भी दक्षता हासिल कर सकेगा।

एक छात्र को केवल एक माइनर डिग्री: विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि एक विद्यार्थी पूरे इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के दौरान केवल एक ही माइनर डिग्री ले सकेगा। माइनर विषय के क्रेडिट मुख्य इंजीनियरिंग डिग्री में नहीं जोड़े जाएंगे। यदि विद्यार्थी माइनर पाठ्यक्रम में असफल हो जाता है या उसका औसत अंक तय सीमा से कम हो जाता है, तो उसका पंजीयन स्वतः समाप्त हो जाएगा और उसे केवल मुख्य इंजीनियरिंग डिग्री ही प्रदान की जाएगी।

ऐसे मिलेगी माइनर डिग्री

माइनर डिग्री का अर्थ है कि विद्यार्थी अपने मुख्य इंजीनियरिंग विषय के साथ किसी अन्य विषय में अतिरिक्त क्रेडिट पूरे कर पढ़ाई करेगा। ये क्रेडिट उस विषय के मुख्य और वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से अर्जित किए जाएंगे। इसके तहत विद्यार्थी अपने मूल विभाग से अलग किसी अन्य इंजीनियरिंग शाखा या उभरते तकनीकी क्षेत्रों के विषय चुन सकेंगे। विश्वविद्यालय के अनुसार माइनर डिग्री के लिए कुछ शर्तें भी तय की गई हैं।

छात्रों को होंगे कई फायदे: इस नई व्यवस्था से इंजीनियरिंग छात्रों को एक साथ दो अलग-अलग क्षेत्रों की पढ़ाई का अवसर मिलेगा। मुख्य विषय के साथ प्रबंधन, डाटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उभरते क्षेत्रों का ज्ञान मिलने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप बहु-कौशल वाले पेशेवर तैयार हो सकेंगे।

सीएसवीटीयू ने फार्मेसी में आठ फैकल्टी नियुक्तियों को दी मंजूरी

भिलाईनगर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय ने दुर्ग जिले स्थित फार्मेसी कॉलेज के लिए चयनित 8 फैकल्टी सदस्यों की नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान कर दी है। विश्वविद्यालय ने गठित चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर 26 फरवरी को आयोजित साक्षात्कार के बाद यह मंजूरी दी गई है। सभी नियुक्तियां फार्मेसी विषय के अंतर्गत की गई है। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि नियुक्ति संस्थान में ज्वाइनिंग की तिथि से प्रभावी मानी जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com